स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, शुक्रवार
25 अप्रैल, 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष 12
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -243 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये   epaper : epaper.swatantrabharat.net   web portal : swatantrabharat.net

भारत में रिलीज नहीं होगी फवाद खान की फिल्म अबीर गुलाल



पहलगाम हमला : पीएम नरेंद्र मोदी ने अंग्रेजी में दिया दुनिया को संदेश

# आतंकियों को धरती के छोर तक नहीं छोड़ेंगे

**पटना/मधुबनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार से विश्व के नाम संदेश दिया। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद वह पहली बार किसी जनसभा में थे।

### कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी

जनसभा के दौरान विकास की बातें हुई, लेकिन इसकी शुरुआत पहलगाम हमले में मृत लोगों को श्रद्धांजलि देने से हुई और अंत आतंकवाद के खिलाफ भारत की ताकतवर घोषणा के साथ। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले हिंदी में आतंकवाद के खिलाफ अपनी योजना



बताई और फिर दुनिया को संदेश देने के लिए अंग्रेजी में भी बोले। पंचायती राज दिवस पर बिहार के मधुबनी में विकास की बात करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सूखते गले तो तर करते हुए पानी पीया और फिर बोले- साथियो, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन परिवारजनों का अभी इलाज चल रहा है, वह जल्द स्वस्थ हों- इसके लिए भी सरकार हर प्रयास कर रही है। इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया। किसी ने अपना भाई खोया। किसी ने अपना जीवनसाथी खोया। उनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था और कोई यहां बिहार का लाल था। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इसकी साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। सजा मिलाकर रहेगी। अब आतंकियों की बचीखुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंकवाद का कमर तोड़ कर रहेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार की इस सभा का उपयोग पूरी दुनिया को संदेश देने के लिए भी किया। उन्होंने अंग्रेजी में भी आतंकियों को चेतावनी दी जिसका हिंदी अर्थ यह है- आज बिहार की धरती से, मैं पूरे विश्व से कहता हूं कि भारत हर आतंकवादी और उनके समर्थकों की पहचान करेगा, उनका पता लगाकर उन्हें दंडित करेगा। हम धरती के अंत तक उनका पीछा करेंगे।

### यह भारत की आस्था पर हमला है

मोदी ने कहा आज पहलगाम में मारे गए सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा दुख एक जैसा है। हमारा आक्रोश एक जैसा है। यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है।

### भारत की हिम्मत नहीं टूटेगी

पीएम ने कहा आतंकवाद से भारत की हिम्मत नहीं टूटने वाली है। इसको बख्शा नहीं जाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा कि न्याय हो। पूरा राष्ट्र दृढ़ है। हर वह व्यक्ति जो मानवता में विश्वास रखता है, हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूँ, जो इस समय हमारे साथ खड़े रहे।

# सर्वदलीय बैठक : सरकार को विपक्ष का समर्थन

**नई दिल्ली।** सर्वदलीय बैठक के दौरान मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कहा है कि वह आतंक के खिलाफ सरकार के हर कदम के साथ है। सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय

### आतंक के खिलाफ सरकार के हर कदम के साथ : राहुल

बैठक के बाद लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए सभी कदम और सभी तरह के ऐक्शन का समर्थन करती है। राहुल गांधी ने कहा, सर्वदलीय बैठक में सभी ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा,रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बैठक की अध्यक्षता की, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी बैठक में मौजूद थे। सभी दलों ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। हमने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए। 'आप' नेता संजय सिंह ने कहा कि सभी दलों ने सरकार से आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए कार्रवाई करने की मांग की।

**बैठक में सुरक्षा चूक पर भी चर्चा**

तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि इस बैठक में सुरक्षा चूक पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से निपटने में सभी दल सरकार के साथ हैं। केंद्रीय मंत्री किरेण रिजिजू ने कहा कि सरकार ने सभी दलों के नेताओं को आतंकवाद के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बता दें कि सरकार की ओर से सभी राजनीतिक दलों को पहलगाम हमले के संबंध में विस्तार से जानकारी देने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। यह बैठक करीब दो घंटे चली।

### वायुसेना का युद्धाभ्यास शुरू



पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने बड़ा युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। वायुसेना ने इस अभ्यास का नाम आक्रमण रखा गया है। वायुसेना के इस युद्धाभ्यास में मुख्य लड़ाकू विमानों की टुकड़ियां हिस्सा ले रही हैं। इसमें सबसे आगे राफेल लड़ाकू विमान हैं। भारतीय वायुसेना के पास राफेल विमानों की दो स्क्वाड्रन हैं, जो अंबाला (हरियाणा) और हाशिमारा (पश्चिम बंगाल) में तैनात हैं।



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - 41⁰ |
| न्यूनतम तापमान | - 23⁰ |
| सूर्योदय | - 05:34 |
| सूर्यास्त | - 06:35 |

आसमान साफ रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आज

**स्वतंत्र भारत, लखनऊ।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 का परिणाम आज दोपहर 12:30 बजे घोषित किया जाएगा। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश ने गुरुवार को आधिकारिक सूचना जारी कर दी। परीक्षा परिणाम बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज से जारी किया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार पहली बार छात्रों की मार्कशीट और सर्टिफिकेट डिजिलॉकर पर भी अपलोड किए जाएंगे। परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद् की आधिकारिक वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट यूपीएमएसपी डॉट ईडीयू डॉट इन और डिजिलॉकर की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रिजल्ट डॉट डिजीलाकर डॉट जीओवी डॉट इन पर देखा जा सकेगा।

### सहरसा-मुंबई के बीच नई अमृत भारत ट्रेन

**पटना।** बिहार से आज चार नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन चार नयी ट्रेनों में सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ,जयनगर और पटना के बीच नमो भारत रैपिड रेल, पिपरा-सहरसा तथा सहरसा-समस्तीपुर के बीच चलने वाली ट्रेनें शामिल हैं। सहरसा और मुंबई के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस की चर्चा खूब हो रही है। नई सेवा का उद्देश्य पूर्वी भारत से मुंबई आने वाले यात्रियों के लिए लंबी दूरी की रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाना है। यह पूरी तरह से गैर-एसी इकॉनमी ट्रेन बांद्रा टर्मिनस हमसफर एक्सप्रेस के बाद सहरसा और मुंबई के बीच दूसरी सीधी ट्रेन है। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के पास उपलब्ध बुकिंग शेड्यूल के अनुसार, नई ट्रेन-05595 गुरुवार को सुबह 11.40 बजे चलेगी और शुक्रवार को रात 11.30 बजे मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। ट्रेन करीब 36 घंटे में अपनी यात्रा पूरी करेगी और एक यात्री को 1,045 रुपये का किराया देना होगा।

### हफ्ते भर की बढ़त के बाद गिरा शेयर बाजार


**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में पिछले सात दिनों से जारी बढ़त गुरुवार को थम गई। आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल जैसी बड़ी कंपनियों में बिकवाली और एशियाई व यूरोपीय शेयर बाजारों में नरम रुख के कारण भी बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 315.06 अंक या 0.39 प्रतिशत गिरकर 79,801.43 अंक पर बंद हुआ।

# बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ लिए कई फैसले

**इस्लामाबाद।** पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए हैं। भारत की ओर से की गई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने आज राष्ट्रीय सुरक्षा समिति

### कहा-पानी रोका तो यह कदम युद्ध माना जाएगा

(एनएससी) की बैठक की। ये बैठक इस्लामाबाद में शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में पाकिस्तान के तीनों सेनाध्यक्ष, महत्वपूर्ण मंत्री, शीर्ष सिविल और सैन्य अधिकारी शामिल हुए थे। पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक, पाकिस्तानी सरकार का कहना है कि अगर भारत ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने या उसकी दिशा बदलने की कोशिश की, तो इसे युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। एनएससी बैठक



के बाद पाकिस्तान ने कहा, पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को निलंबित करने के भारत के फैसले को अस्वीकार करते हुए कहा कि यह 240 मिलियन पाकिस्तानियों के लिए जीवन रेखा है। भारत ने पानी रोका तो उसे युद्ध जैसा कृत्य माना जाएगा पाकिस्तान ने भारतीय उच्चायोग में स्थित सैन्य सलाहकारों को 30 अप्रैल तक देश छोड़ने को कहा है। सिख तीर्थयात्रियों को छोड़कर भारतीयों के लिए सार्क वीजा छूट के तहत मिले वीजा को निलंबित करने का भी निर्णय लिया गया। पाकिस्तान ने भारत के साथ सभी व्यापार को निलंबित कर दिया, जिसमें तीसरे देशों के माध्यम से मार्ग भी शामिल हैं।

### एनएससी में लिए गए फैसले

शिमला समझौता समेत सभी द्विपक्षीय समझौते तत्काल प्रभाव से स्थगित किए गए।
पाकिस्तान ने वाघा बॉर्डर बंद करने के आदेश जारी कर दिए हैं।
भारतीय एयरलाइंस के लिए अपने हवाई क्षेत्र बंद किए।

## वीजा अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ें पाकिस्तानी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाएं तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी

### विदेश मंत्रालय ने कहा 29 अप्रैल से मेडिकल वीजा भी मान्य नहीं

नागरिकों दिए गए सभी वीजा 27 अप्रैल से रद्द माने जाएंगे। इसके अलावा, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल 2025 तक ही मान्य रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि जो पाकिस्तानी नागरिक अभी भारत में हैं, उन्हें अब



बदली हुई वीजा शर्तों के अनुसार अपने वीजा की अवधि खत्म होने से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की सख्त सलाह दी जाती है।

### सेना प्रमुख आज जाएंगे कश्मीर

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी पहलगाम हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए कल श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर का दौरा करेंगे। स्थानीय सैन्य संरचनाओं के शीर्ष कमांडर उन्हें घाटी में और नियंत्रण रेखा पर सेना द्वारा उठाए गए आतंकवाद विरोधी उपायों के बारे में जानकारी देंगे। 15 कोर कमांडर और राष्ट्रीय राइफल्स के अन्य गठन कमांडर इस दौरे के दौरान मौजूद रहेंगे।

## पाक उच्चायोग में क्यों ले जाया जा रहा था केक

**नई दिल्ली।** भारत में पहलगाम हमले के बाद चारों ओर गम का माहौल है। मगर पाकिस्तान अपनी बेशर्मी से बाज नहीं आ रहा है। पहलगाम हमले को लेकर दुख के बीच नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग में एक कर्मचारी केक ले जाता नजर आया। केक ले जाते कर्मचारी का वीडियो वायरल होने के बाद सवाल खड़े होने लगे। जब कर्मचारी से केक ले जाने का कारण पूछा गया तो उसने कोई जवाब नहीं दिया। पहलगाम हमले के बाद केंद्र सरकार ने कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है। सरकार के फैसले के बाद गुरुवार सुबह पुलिस नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर से बैरिकेड्स हटाने पहुंची थी। इस दौरान उच्चायोग का एक कर्मचारी केक ले जाते नजर आया।

## उपलब्धि : अब घर में ही नेस्तनाबूद होंगे दुश्मन

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत

### आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है।

परीक्षण के बाद भारतीय नौसेना ने एक्स पर लिखा, भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना



बनाया, जो हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर है। नेवी के एक बयान में कहा गया है कि भारतीय नौसेना के नवनिर्मित स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में स्थित एक लक्ष्य पर सफलतापूर्वक सटीक हमला किया है जो नौसेना की रक्षा क्षमताओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### क्या है आईएनएस सूरत

आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया। इसे इस साल जनवरी में नौसेना में शामिल किया गया था।

### स्वदेश निर्मित है गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर

नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास तथा संचालन में भारत की बढ़ती ताकत को दर्शाती है, और रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह उपलब्धि देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता और आत्मनिर्भर भारत के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

पहलगाम में आतंकियों की गोली के शिकार हुए शुभम के परिजनों से मिले योगी

# आतंकवादियों को जल्द मिलेगी इस कृत्य की सजा

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। चाचा नरेंद्र ने मुखाग्नि दी। वहीं

### पत्नी ऐशान्या ने की बदला लेने की मांग

पिता बगल में खड़े होकर रोते रहे। इससे पहले सीएम योगी ने शुभम को श्रद्धांजलि दी और घरवालों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। सीएम ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि आप परेशान न हो... शुभम की मौत



बदला लिया जाएगा। सरकार आपके साथ है... हर संभव मदद की जाएगी। आप सभी को किसी भी तरह से कमजोर नहीं पड़ना है। इस दौरान सीए योगी शुभम की पत्नी ऐशान्या से मिले। ऐशान्या सीएम योगी से मिलकर फूट-फूटकर रोई। उन्होंने सीएम योगी से कड़ा बदला लेने की मांग की। इस पर सीएम योगी ने कहा कि सरकार पर भरोसा रखिए। गुरुवार सुबह करीब दस बजे मुख्यमंत्री योगी महाराजपुर के हाथीपुर स्थित शुभम के घर पहुंचे है। सीएम योगी ने नम आंखों से शुभम को श्रद्धांजलि अर्पित की। मीडिया को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि हमले में कानपुर का एक युवा भी शिकार हुआ है। यहां के एक नौजवान शुभम द्विवेदी की मौत हुई है। उसकी दो महीने पहले ही शादी हुई थी।



## बाइक ने साइकिल में मारी टक्कर घायल

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नावः कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आलमपुर रेतवा निवासी बीरभान (60) बुधवार की शाम साइकिल से अपने खेत जा रहा था। तभी रास्ते में ग्राम भिखारीपुर रूझ संपर्क मार्ग पर गांव के निकट तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल चकनाचूर होगई और साइकिल सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने घायल वृद्ध की हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## युवती ने जहरीला पदार्थ निगला

फतेहपुर चौरासी उन्नावः कस्बा निवासी युवती ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। कस्बा फतेहपुर चौरासी के मोहल्ला आजादनगर निवासी 21 वर्षीय एक युवती ने बुधवार को दोपहर बाद लगभग 3 बजे अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जानकारी होने पर परिजनों ने उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। समाचार लिखे जाने तक युवती का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा था। परिजनों ने बताया कि उन्होंने मामले की सूचना थाना पुलिस को अवगत करा दिया है।

## आग की भेंट चढ़ी खेतों में खड़ी गेहूं की फसल

पुरवा उन्नावः विकास खंड के गांव चमियानी में विगत दिवस दोपहर में खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। जहां तेज हवा चलने से आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीण आग की लपटें देखकर खेतों पर पहुंचे निजी संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची। तब तक फसल जलकर स्वाहा हो चुकी थी। चार किसानों की करीब तीन बीघा किसानों की फसल आग की भेंट चढ़गई। लेखपाल व कानूनगो मौके पर पहुंचे मौका मुआयना किया। चमियानी के किसानों में जय प्रकाश, शैलेश, भीम, विनोद की फसल तथा शैलेश के समरसेबल के 8 पाइप जलकर नष्ट हो गए। नुकसान का आकलन करने कानूनगो हरिराम, बृजेश सिंह व लेखपाल दिनेश ने पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। तहसीलदार रामशंकर ने कहा कि आग से जली फसल का आकलन करने राजस्व निरीक्षक लेखपाल को मौके पर भेजा गया है।

## तीन दर्जन से अधिक देशी शराब के पाउच के साथ गिरफ्तार

फतेहपुर चौरासी उन्नावः मालिक के कहने पर तीन दर्जन से अधिक शराब के पाउच लेकर जा रहे सेल्समैन को चेकिंग के दौरान थाना पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने सेल्समैन को वांछित धाराओं में न्यायालय भेजा है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत बुधवार को प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार राम हमीजाबाद के पास नाकाबंदी चेकिंग अभियान चला रहे थे। तभी बरुआघाट गांव में स्थित देशी शराब के सेल्समैन औरास निवासी मनोज कुमार बाइक से आ रहा था। पुलिस ने मनोज को रोककर उसकी जांच की। जांच में पुलिस को सेल्समैन के बैग में अवैध रूप से 40 देशी शराब के पौवा मिले। सेल्समैन मनोज ने बताया कि ठेका मालिक शिवशंकर के कहने पर देशी शराब के 40 पौवा बैग में लेकर जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक ने आरोपी सेल्समैन को अवैध शराब निर्यात करने के आरोप में वांछित धाराओं में न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## अजगैन पुलिस ने शांतिभंग में 6 को किया गिरफ्तार

उन्नावः पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शांति भंग के मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अजगैन कोतवाली पुलिस क्षेत्र में की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक सनगंज के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पहले पक्ष से रामचंद्र और दूसरे पक्ष से सुरजीत को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा कुंजपुर के प्रदीप (22) और संदीप को भी हिरासत में लिया गया। दूसरे पक्ष से टीम (25) और राकेश को भी गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपी कुंजपुर थआना अजगैन के रहने वाले हैं। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इसी दौरान मुकदमा संख्या 144-25 से जुड़े एक अन्य मामले में वादिनी मुस्कान की शिकायत पर आरोपी सूरज को भी धारा 170 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। यह कार्रवाई क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई है।

## मकूर में ई-रिक्शा पलटा, तीन घायल

उन्नावः गुरुवार को एक ई-रिक्शा दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सरैया पुल के पास मोड़ पर ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना में मकूर गांव के महेश खेड़ा निवासी अवधेश (25), रवनहार के अमन (18) और भागुखेड़ा निवासी चालक रोहित (21) घायल हो गए। अमनकांथा चौराहे से मिरौकला गांव जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को नवाबगंज सीएससी में भर्ती कराया गया। चालक रोहित की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## मवेशी से टकराकर बाइक सवार की मौत,कोरियर कर्मी था

उन्नावः लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर बुधवार की रात करीब साढ़े दस बजे मवेशी से टकराने के कारण एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान साल्हे नगर गांव के मोहित (25) के रूप में हुई है। वह लखनऊ के बंथरा स्थित एक कोरियर कंपनी में काम करता था। बुधवार की देर रात जब वह काम से घर लौट रहा था तब मल्हौली सरदार नगर के पास अचानक सड़क पर आए मवेशी से उसकी बाइक टकरा गई। गंभीर रूप से घायल मोहित को तुरन्त मियागंज अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# पहलगाम की घटना के बाद सुरक्षा बढ़ी






**एसपी ने किया संवेदनशील इलाकों का दौरा, रेलवे स्टेशन पर विशेष नजर**

उन्नावः जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई घटना के बाद उन्नाव पुलिस अलर्ट मोड़ पर आ गई है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने गुरुवार को शहर के संवेदनशील इलाकों का दौरा किया। एसपी के साथ अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) अखिलेश सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह भी मौजूद थे। अधिकारियों ने कोतवाली सदर क्षेत्र में पैदल गश्त की। मुख्य चौराहों और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। रेलवे स्टेशन की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों ने वहां तैनात पुलिस बल से बातचीत की। यात्रियों की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी किए। सीसीटीवी कैमरों और चेकिंग वयवस्था की भी जांच की गई। एसपी दीपक भूकर ने कहा कि पहलगाम जैसी घटनाएं देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौती है। सभी थाना प्रभारियों को लगातार गश्त करने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील स्थलों पर नजर रखने और स्थानीय लोगों से समन्वय बनाने को कहा गया है। धार्मिक आयोजनों ओर सार्वजनिक समारोहों के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। खुफिया जानकारी के आधार पर हर संभावित खतरे से निपटने की तैयारी की जा रही है। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाई जाएगी। रात्रि गश्त को और सघन किया जाएगा।



## पीएम सूर्यघर बिजली योजना की बैठक आयोजित

उन्नावः मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पीएमसूर्यघर बिजली योजना की बैठक हुई। जिसमें अधिशाषी अभियंता उन्नाव, गोकुल बाबा, पूर्व हसनगंज, बांगरमऊ अलडीएम रीजनल मैनेजर, सुपरवाइजर बैंक आफइंडिया एवं जनपद के 17 इंपैनल वेंडर द्वारा प्रतिभाग करते हुए लोन एवं नेट बिलिंग, नेट मीटर आदि की समस्या को रखा गया। जिन्हें मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया पोर्टल से संबंधित समस्याओं के लिए पीओनेडा को लिखित माध्यम से उपलब्ध कराते हुए उच्च स्तर पर समाधान करने के निर्देश दिए।

## अंडर-23 जनपदीय ट्रायल संपन्न

उन्नावः उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सत्र 25-26 के तहत गुरुवार को अंडर -23 जनपदीय क्रिकेट ट्रायल के दूसरे और अंतिम दिन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसे चयनकर्ता संजय श्रीवास्तव , नवीन सिन्हा तथा अभिषेक श्रीवास्तव, ओम मिश्रा ने बारीकी से परखा। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी की जाएगी। यह भी बताया गया 25 अप्रैल को सीनियर पुरूष वर्ग का ट्रायल पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्टस स्टेडियम में प्रातः 7 बजे से आयोजित किया जाएगा।

## भांजे की शादी से लौट रहे किसान की मौत

उन्नावः कोतवाली सफीपुर क्षेत्र के सराय ककहन गांव में किसान दयाराम कुरील (50) का शव संदिग्ध स्थितियों में पेड़ से लटकता मिला। दयाराम मंगलवार को अपने भांजे की शादी में किशनपुर टंडवा गांव गए थे। बुधवार दोपहर को छूही गांव के ग्रामीणों ने गांव के बाहर एक पेड़ पर शव लटका देखा। ग्रामीणों ने तुरन्त पुलिस को सूचना दी। पुलिस और स्थानीय लोगों की मौजदूगी में शव को नीचे उतारा गया। मृतक की पहचान होने पर परिजनों को सूचित किया गया। दयाराम की पत्नी दयावती, तीन बेटियां और एक बेटा दुख से बेसुध हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस घटनास्थल की जांच कर रही है। सभी पहलुओं की बारीकी से छानबीन की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। परिजनों का कहना है कि मृतक की किसी से कोई रंजिश नहीं थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कारवाई की जाएगी।

## किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

उन्नावः पुरवा थाना क्षेत्र के घूर खेत गांव के बाहर स्थित एक पेड़ से सरजू प्रसाद (55) का शव लटकता मिला। मृतक स्वर्गीय पूरन राम का पुत्र था। सरजू प्रसाद रात को सामान्य रूप से खाना खाकर सोया था। रात में चुपचाप घर से बाहर चला गया। सुबह एक ग्रामीण ने पेड़ से लटका शव देखा तो शोर मचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के परिवार में पत्नी विमला,तीन बेटियां और एक बेटा है। दो बेटियों की शादी होनी बाकी है और बेटा भी अविवाहित है। सरजू प्रसाद परिवार के एक मात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। गांव वालों के अनुसार सरजू प्रसाद शांत स्वभाव के मेहनती व्यक्ति थे। उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। आत्महत्या के कारणों का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस मानसिक तनाव के कारणों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिवार की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामला संदिग्ध आत्महत्या मानते हुए विवेचना की जा रही है। गांव के लोगों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वह इस कठिन समय में खुद को संभाल सके और बेटियों की शादी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा कर सके।

## पत्नी प्रताड़ित बीमार पति ने रोते हुए बनाया वीडियो

उन्नावः पत्नी की प्रताड़ना से तंग एक पति का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में रोते हुए पति ने आत्महत्या करने की बात कही है। 1 मिनट 15 सेकें के इस वीडियो में पीड़ित पति अरूण कुमार ने कहा कि मैं बहुत बीमार हूं। मेरी पत्नी मीनू साहू मेरे मरने के इंतजार कर रही है। मारती-पीटती है, भूखा रखती है। संपत्ति के लिए मेरी मौत का इंतजार कर रही है। वीडियो में युवक अपने पेट में लगा स्टेंट भी दिखा रहा है। इस मामले को लेकर पीड़ित युवक के भाई ने पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित ने पुलिस से अपनी पत्नी के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वीडियो बुधवार दोपहर का बताया जा रहा है। अरूण ने वीडियो में कहा मेरा स्वास्थ्य बेहद खराब है। मैं लीवर सिरोसिस से पीड़ित हूं. 4वर्षों से इलाज चल रहा है। मेरी पत्नी मीनू साहू मुझे गंदी-गंदी गालियां देती है। कहती है मर जाओ। खाना तक नहीं देती। मानसिक प्रताड़ित करती है। संपत्ति हड़पने के लिए मेरी मौत का इंतजार कर रही है। कई दिनों से सह रहा हूं पर अब बर्दाश्त नहीं होता। पुलिस ने मेरी मदद नहीं की तो मैं सुसाइड कर लूंगा। मामला गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के चम्पापुरवा क्षेत्र का है। स्थानीय निवासी अरूण कुमार की शादी मीनू साहू से 10 वर्ष पहले हुई थी। शादी के 2 साल बाद उसको एक कबेटा हुआ। अरूण मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। अरूण ने बताया कि पहले वह काम करके पत्नी की सभी जरूरतें पूरी करता था। पर लीवर सिरोसिस होने के बाद से लगातार इलाज चल रहा है। इस कारण वह 4 साल से बेरोजगार है। घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई। अरूण ने कहा कि पैसे न होने के कारण पत्नी आए दिन विवाद करती है। अपने बहनोई और ससुर पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। अरूण ने कहा कि मेरे बहनोई गोपाल कुमार और ससुर ने मेरा जीना हराम कर दिया है। कहते हैं तुमने मीनू की जिंदगी खराब कर दी । गालियां देते हैं। अरूण ने कहा अगर पुलिस ने मेरी मदद नहीं की और मैं सुसाइड कर लिया या बीमारी के कारण मेरी मौत हो गई। तो मेरी संपत्ति पर मेरी पत्नी मीनू साह का कोई हक नहीं होगा। अरूण की ओर से उनके भाई सचिन गुप्ता ने गंगाघाट कोतवाली में पत्नी मीनू साहू के खिलाफलिखित शिकायत दी है। पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए मीनू को पूछताछ के लिए थाने बुलाया है। मीनू ने हालांकि मीडिया से कोई बात नहीं की। अरूण ने बताया उनकी देखभाल उनका भाई, मां रामप्यारी और पिता शिवसागर कर रहे हैं। मेरे 8 साल के बेटे की परवरिश भी मैं ही करता हूं। मेरी पत्नी तो कुछ करती ही नहीं। वीड़ियो के सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अरूण और मीनू के बीच पहले भी विवाद होते रहे हैं। लेकिन इस बार मामला बेहद गंभीर हो गया है। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। वीडियो और तहरीर दोनों को आधार बनाकर जांच की जा रही है।

## महिला कैदियों के बच्चों को कपड़े,कापी पेंसिल वितरित



उन्नावः विगत दिवस श्रीजी सामाजिक सेवा समिति द्वारा जिला जेल में महिला कैदियों के बच्चों को कपड़े कापी पेंसिल रबर बिस्किट फल वितरित किया गया। जेल अधीक्षक पंकज कुमार सिंह डिप्टी जेलर नीलम सिंह ने जेल की व्यवस्था बहुत अच्छी कर रखी थी। इस दौरान संस्था की अध्यक्ष मंजू अवस्थी, सदस्य मनीता सेंगर, अरूणा तिवारी, नीलम श्रीवास्तव, अभिजीत अवस्थी आदि मौजूद थे।

## पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगत लोगों की शांति को कैंडल मार्च




बांगरमऊ उन्नावः पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में जनसामान्य में नाराजगी है। क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार के नेतृत्व में पटेल तिराहा से नानामऊ तिराहा तक कैंडल मार्च निकाला गया। साथ ही दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना की गई। भाजपा विधायक श्री कटियार की अगुवाई में नगर के पटेल तिराहा से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता हाथों में कैंडल लेकर जुलूस की शक्ल में नानामऊ तिराहे पहुंचे। जहां दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। विधायक श्री कटियार ने पहलगाम में हुए पर्यटकों पर हमले को कायराना कृत्य बताया। उन्होंने कहा कि किसी का धर्म पूछकर हत्या करना एक सोची समझी चाल है। जिसका डटकर विरोध किया जाना चाहिए। भाजपा नेता नीरज गुप्ता ने कहा कि पाकिस्तान परस्त विचारधारा के आतंकियों ने केवल धर्म पूछकर पर्यटकों को गोली मारी।

# कानपुर देहात समाचार

## पुलिस पब्लिक पार्टनरशिप से किया जाएगा पुलिसिंग में सुधार- एसपी



**माती कानपुर देहात** जिले के नवांगतुक पुलिस अधीक्षक अरविन्द मिश्रा ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी प्रथमिकताएं गिनाईए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ शासन की मंशा के अनुसार जीरो टॉलरेंस नीति प्रभावी तरीके से लागू की जाएगीएउन्होंने मित्र पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि आम जनमानस के सहयोग के बिना पुलिसिंग करना काफी मुश्किल है।इसलिए जनता का सहयोग लेकर पुलिस पब्लिक पार्टनरशिप से पुलिसिंग में सुधार किया जाएगा। उन्होंने पुलिस कर्मियों को भी हिदायत दी। राजधानी लखनऊ में पावर कार्पोरेशन विभाग में तैनात रहे अरविन्द मिश्रा को जिले का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है।बुधवार को उन्होंने कार्यभार संभालने के बाद गुरुवार को वह मीडिया से मुखातिब हुए।प्रेस कांफ्रेंस में पुलिस अधीक्षक ने अपनी प्रथमिकताएं बताई।पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई और जनता के साथ बेहतर तालमेल उनकी प्रथमिकता होगी।साथ ही महिला सुरक्षा और महिलाओं के प्रति होने वाली आपराधिक घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई पर विशेष ध्यान रहेगा।विवेचना में गुणवत्ता और अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ ही अपराधियों को सजा दिलाना उनकी प्रथमिकता रहेगीए उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था का राज्य स्थापित करने के लिए सभी से सुनने सुनने पर आवश्यक सलाह दिए जाने के साथ पुलिस को सहयोग दिए जाने का भी आवाहन किया है।

## अब अरुण पाठक जनता को कैंप कार्यालय के जरिए करेंगे समस्याओं से मुक्त



**माती कानपुर देहात** समस्याओं के समाधान के लिए अब आम जनमानस को इधर से उधर चक्कर नहीं काटने पड़ेंगेए स्नातक एमएलसी अरुण पाठक अब लोगों को उनके घरों के आसपास ही आसान एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैंप कार्यालय का संचालन प्रारंभ करेंगे।।

गुरुवार को स्नातक एमएलसी अरुण पाठक के प्रतिनिधि लोकप्रिय युवा भाजपा नेता बाल जी शुक्ल द्वारा स्वतंत्र भारत से वार्ता करते हुए बताया गया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों को सफलता के शिखर पर पहुंचने के उद्देश्य से स्नातक एमएलसी अरुण पाठक अब कैंप कार्यालय की शुरुआत करेंगे उन्होंने बताया कि आम जनता को अपने कार्य संपादित करने के लिए इधर से उधर चक्कर न लगाने पड़े और परेशानी का सामना न करना पड़े इस विषय पर गंभीर स्नातक एमएलसी अरुण पाठक 25 अप्रैल शुक्रवार को 10रू30 बजे जिला पंचायत माती परिसर में उपस्थित रहेंगेए उन्होंने समस्या के समाधान हेतु सभी से कैंप कार्यालय पहुंचने की अपील की है।

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष सभा,गोष्ठी का हुआ आयोजन

**मा0 प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण व उद्बोधन देखा एवं सुना गया।**

**जिलाधिकारी ने जिला स्वच्छता समितिध्जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक कर दिये निर्देश**

**आरआरसी केन्द्रों का संचालन नियमित रूप से किया जाये प्रारम्भ**



**माती कानपुर देहात** पंचायतीराज व्यवस्था को मजबूत बनाने एवं ग्रामीण विकास में उसकी भूमिका को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर विशेष सभाध्गोष्ठी का आयोजन गुरुवार को माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में किया गया। यह दिवस 24 अप्रैल को प्रतिवर्ष मनाया जाता हैए इस दिन 1993 में 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू हुआ था एवं पंचायतीराज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था। आज इस अवसर पर मधुवनीए बिहार राज्य में आयोजित मा0 प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उद्बोधन सुना गया। उन्होंने बताया कि भारत में लोकतांत्रिक व्यवस्था को जन.जन तक पहुंचाने के लिए पंचायतीराज व्यवस्था शुरू की गयी थीए यह व्यवस्था ग्रामीण विकास और जन भागीदारी को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने उपस्थित सभी को बताया कि ग्रामीणांचल में रहने वाले ग्रामीणों के सतत् विकास व उनके परिवेश को सुदृढ़ करने तथा जीवन शैली को सुधारने का कार्य पंचायतीराज व्यवस्था के अन्तर्गत सतत् रूप से किया जा रहा हैए जिससे उनके जीवन में सुधार आ रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करना चाहिए। जनपद स्तर पर आयोजित गोष्ठी में ग्राम पंचायत स्वरूपपुर के विनीत कुमारए पंचायत सहायकए ग्राम पंचायत गिरदौ के सफाई कर्मचारी पप्पूए ग्राम पंचायत जलपुरा के पंचायत सहायक रोहित यादव तथा ग्राम पंचायत बीबापुर की केयर टेकर श्रीमती पूनम को प्रशस्ति पत्र देकर उनके कार्यों को सराहा गया।

तद्पोरान्त जिलाधिकारी ने जिला स्वच्छता समितिध्जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला स्वच्छता समिति के एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तार में चर्चा कीए जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024.25 में शौचालय निर्माण हेतु प्राप्त कुल लक्ष्य 24485 को पूर्ण करने हेतु बजट के आवंटन किये जाने हेतु चर्चा की गयी तथा निर्देशित किया गया कि जीरो पावर्टी के आधार पर प्राप्त सूची के अनुरूप शौचालय से संतृप्त किये जाने तथा तहसील दिवस में शौचालय निर्माण से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों के आधार पर नियमानुसार जांच उपरान्त खण्ड प्रेरक के माध्यम से शत प्रतिशत आवेदन ऑनलाइन करायें जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस.2 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022.23ए 2023.24 एवं 2024.25 में चयनित ग्राम पंचायतों में आरआरसी केन्द्रों के निर्माण एवं कार्यो के प्रगति की समीक्षा कीए जिसमें उन्होंने वित्तीय वर्ष 2023.24 व 2024.25 के अन्तर्गत कुल 51 चयनित ग्राम पंचायतों में भूमि के विवाद का निस्तारण प्राथमिकता पर करायें जाने तथा निर्माणाधीन कार्यो को शीघ्र पूर्ण करायें जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक विकास खण्डवार सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से आरआरसी केन्द्रों के संचालन का जायजा लियाए जिसमें कुछ ही स्थानों पर केन्द्रों का संचालन पाया गयाए इस स्थिति पर उन्होंने आपत्ति जताते हुए समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को स्वयं समीक्षा करने तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को आरआरसी केन्द्रों के संचालन की रिपोर्ट नियमित रूप से प्रेषित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक घर से कूड़े का नियमित उठान तथा सेग्रीगेशन कर खाद आदि बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को जनपद स्तर पर ग्राम प्रधान व सहायक विकास अधिकारी पंचायत को आरआरसी केन्द्रों के संचालन के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सहायकों के कार्यो की स्थिति का जायजा लियाए जिसमें 31 पंचायत सहायकों द्वारा कार्य का संचालन नहीं किये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त अधिकारियों को मॉडल ग्रामों में संचालित कार्यो को तेजी से सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0ए ब्लाक प्रमुख राजपुर राकेश बाबू कटियारए सदस्य जिला पंचायत तिलौची शुभम सिंह चौहानए परियोजना निदेशक वीरेन्द्र सिंहए जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेलए समस्त खण्ड विकास अधिकारीए सहायक विकास अधिकारी ;पंचायतद्ध व समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




## पहलगाम में हुए आतंकी घटना को लेकर पुरुष और महिलाओं ने निकाला केंडिल मार्च

**आक्रोशित जनसमुदाय ने लगाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे**

चौबेपुर पहलगाम में मंगलवार को पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलियां चलाकर सत्ताइस लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई थी जिसमें करीब सत्रह गंभीर घायलों का अलग अलग अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है इस घटना को लेकर पूरे देश को हिला कर रख दिया आक्रोशित जनमानस ने जगह जगह प्रदर्शन कर भारत सरकार से पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने की मांग की जा रही है इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को चौबेपुर कस्बे में आनंदेश्वर मंदिर से लेकर बिठूर तिराहे तक बड़ी तादाद में महिलाओं और पुरुषों ने केंडिल मार्च निकाल कर मृतक पर्यटकों को भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा आक्रोशित जनमानस ने हाथों में तख्तियां लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए वही केंडिल मार्च का नेतृत्व कर रहे ब्लाक प्रमुख चौबेपुर राजेश शुक्ला और उत्तरप्रदेश राइस मिलर्स के प्रांतीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने सम्मिलित होकर सरकार से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की जिससे दोबारा आतंकियों को पनाह देने वाला पाकिस्तान फिर कभी ऐसी दुस्साहिक घटना न कर सके इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद यादव निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अभिताभ त्रिपाठी पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष यादव श्यामबाबा राजकुमार प्रधान रामपाल राजवंशी तनू पाण्डेय मंत्री किसान मोर्चा पूर्व प्रधान विनोद शुक्ला मोहित तिवारी उत्कर्ष अग्निहोत्री ओम नारायण गुप्ता हरिओम गटर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे

## तीन घरों में लगी आग,महिला ने जान बचाने के लिए छत से लगाई छलांग पैर टूटा

उन्नावः जिले के आसीवन थाना क्षेत्र के बद्दुल्लाखेड़ा गांव में अज्ञात कारणों से तीन घरों में आग लग गई। आग की तेज लपटों से बचने के लिए जगदीश की 25 वर्षीय पत्नी कामिनी ने छत से छलांग लगा दी। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को पहले सीएचसी बांगरमऊ ले जाया गया। डाक्टर नीरज शुक्ला ने प्राथमिक जांच में पाया कि महिला का बायां पैर टूट गया है। गंभीर हालत में घायल होने के कारण उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से घंटों की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक तीन घरों का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। परिजनों के अनुसार आग से लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है। हल्का लेखपाल शिवराज ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया।







## शुभम की मौत बदला लिया जाएगा आतंकवाद को नेस्तनाबूद कर देंगे



- पैतृक गांव पहुंच कर सीएम ने शुभम को श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार वालों का बंधाया ढांढस
- एशान्या ने की बदला लेने की मांग

**कानपुर।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले सीएम योगी ने शुभम को श्रद्धांजलि दी और घरवालों से बातचीत कर उन्हें ढांढस बंधाया। सीएम ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि आप परेशान न हो... शुभम की मौत बदला लिया जाएगा। सरकार आपके साथ है... हर संभव मदद की जाएगी। आप सभी को किसी भी तरह से कमजोर नहीं पड़ना है। इस दौरान सीए योगी शुभम की पत्नी ऐशान्या से मिले। ऐशान्या सीएम योगी से मिलकर फूट-फूटकर रोई। उन्होंने सीएम योगी से कड़ा बदला लेने की मांग की। इस पर सीएम योगी ने कहा कि सरकार पर भरोसा रखिए। सीएम ने कहा कि हमले में कानपुर का एक युवा भी शिकार हुआ है। यहां के एक नौजवान शुभम द्विवेदी की मौत हुई है। उसकी दो महीने पहले ही शादी हुई थी। आतंकवाद को नेस्तनाबूद कर देंगे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचायेगी। सीएम योगी ने बाद में प्रेस वार्ता में कहा कि पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। बहन बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी। देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा है। केंद्र सरकार ने कल ही महत्वपूर्ण फैसले लिये है। आतंकवाद और उग्रवाद पर भाजपा सरकार जीरो टालरेंस नीति पर कायम है। इस कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके अंजाम तक पहुंचाया जायेगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने पहलगाम के आतंकवादी हमले की निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया है।

### दरिंदों के खिलाफ कीजिए कड़ी कार्रवाई

बिलखते पिता संजय द्विवेदी ने कहा कि दो टके के आतंकवादी भारत सरकार को चुनौती देकर चले गए। मेरी बहू से कहा कि मोदी को बता देनाए इसलिए तुम्हें नहीं मार रहा हूं। सरकार को ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए कि आतंकी सात पुश्तों तक किसी को मारना भूल जाएं। शुभम के पिता संजय ने सरकार से बदला लेने की गुहार लगाई है। शुभम के पिता संजय ने सरकार से अपील करते हुए कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

### काली पट्टी बांध कर दुकान में बैठेंगे व्यापारी

एक्सप्रेस रोड उद्योग व्यापार मंडल की ओर से पहलगाम में पर निर्दोष नागरिकों पर हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए बाजार बंद कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। व्यापारियों ने बैठक में निर्णय लिया गया के विरोध कल भी जारी रहेगा। व्यापारी अपनी दुकानों में हाथों में काली बांध कर अपना आक्रोश व्यक्त करेंगे और इस कृत्य के दमन के लिए हर कठोर निर्णय पर प्रधानमंत्री और देश की अखंडता के लिए खड़े रहेंगे। व्यापारी समुदाय इस कठिन वह समय में पीड़ित परिवारों के साथ अपनी संवेदना एवं गहन दुख व्यक्त करता है। हम उनके दुःख में सहभागी हैं और हर परिस्थिति में राष्ट्र के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराते हैं। जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष ज्ञानी शुक्ला, महामंत्री मनोज गुप्ता गुड्डू, कोषाध्याय संदीप गुप्ता, प्रभारी श्याम अग्रहरि, गगन दीक्षित, किशन ओमर, अमित साहू, गिरजा शंकर साहू, महेश अग्रवाल, सुमित गुप्ता, धर्मेंद्र जायसवाल, महेश गुप्ता अमित गुप्ता मौजूद रहे।

## राजकीय सम्मान के साथ शुभम को दी गई अंतिम विदाई





- जब तक सूरज चांद रहेगा, दीपक तेरा नाम रहेगा, पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगते रहे नारे
- अंतिम यात्रा में रही हजारों की भीड़

**कानपुर।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी का ड्योढ़ी घाट में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। चाचा नरेंद्र ने मुखाग्नि दी। पिता बगल में खड़े होकर रोते रहे। गुरूवार सुबह शव यात्रा उठते ही पत्नी एशान्या, मां समेत परिवारीजन चीख पड़े। हाय मेरा लला... कहकर मां बदहवास हो गई। वहीं पत्नी एशान्या ने पति शुभम की शर्ट पहनी और शव से लिपटकर कर रोने लगी। शव यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोगों को हुजूम उमड़ा। शुभम यादव अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा, दीपक तेरा नाम रहेगा, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगते रहे। इससे पहले सीएम योगी, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, सांसद रमेश अवस्थी समेत अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

बुधवार देर रात शुभम के पार्थिव शरीर को फ्लाइट से लखनऊ लाया गया। जहां उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अमौसी एयरपोर्ट पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान शुभम के पिता संजय डिप्टी सीएम के गले लगकर बिलख पड़े। लखनऊ एयरपोर्ट से उनका शव ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गांव हाथीपुर लाया गया। गुरुवार को अंतिम संस्कार के पहले सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राकेश सचान, देवेंद्र सिंह भोले, प्रतिभा शुक्ला के साथ तमाम नेता, व्यापारी के साथ लोगों ने श्रद्धांजलि दी। वहीं शुभम की पत्नी एशान्या ने सीएम योगी से कहा कि. मेरे पति की मेरे सामने ही आंतकियों ने हत्या की गई। हमें कड़ा बदला चाहिए। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि यह हमला ताबूत पर आखिरी कील होगा। ड्योढ़ी घाट के लिए शव यात्रा जैसे ही निकली तो सभी लोगों के आंखों में आसू भर आया। लोग शुभम यादव अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा, दीपक तेरा नाम रहेगा, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगते रहे। अंतिम यात्रा में शामिल लोगों के अंदर पाकिस्तान के प्रति गुस्सा था। लोगों का कहना है कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। भारत को एक बार फिर सर्जिकल स्ट्राइक करनी चाहिए।

## राविपा ने फूंका आतंकवाद का पुतला



**कानपुर।** शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पहलगाम के शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद आतंकवाद का पुतला फूंककर गुस्सा जाहिर किया। प्रदर्शन में दिव्यांगजन हाथों में पोस्टर लिए हुए थे।

पोस्टर पर आतंकवाद विरोधी नारे लिखे थे। इनमें दिव्यांगों की ललकार, मिटा दो अब आतंकवाद और भारत में खून नहीं अब बहने देंगे, आतंकवाद मिटा के रहेंग जैसे नारे शामिल थे। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने देश में हुई आतंकी घटनाओं की निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म या जाति नहीं होता। आतंकवादियों को किसी तरह की रियायत नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंप कर आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर कदम उठाने की मांग की। इसके साथ ही पीड़ित परिवारों की मदद की मांग भी की है। पुतला दहन में प्रदेश अध्यक्ष आनंद तिवारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार और महिला मोर्चा अध्यक्ष अल्पना कुमारी, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, वैभव दीक्षित, गुड्डी दीक्षित समेत कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## सरकार जो भी कार्रवाई करेगी, हम साथ हैं- अजय राय



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे शुभम को श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही शुभम के परिवार से मुलाकात की और सांत्वना दी। इस दौरान अजय राय ने कहा कि यह बहुत ही वीभत्स घटना और नृशंस हत्या की गई है। हमारे पर्यटक सपरिवार वहां घुमने गए थे। शुभम भी अपने माता-पिता और ससुरालियों के साथ गए थे। खुशियां मनाने गए थे और मातम लेकर लौटे हैं। ये देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। सरकार को वहां सुरक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए थी, जो नहीं की गई थी। इस कारण घटना हुई और मां-बहनें विधवा हो गईं, बच्चे अनाथ हो गए। इसके लिए सरकार दोषी और मैं इतना ही कहूंगा कि सरकार को कठोर से कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। सरकार जो भी कार्रवाई करेगी, हम उसके साथ हैं।

### आतंकी हमले से शहर में आक्रोश, सड़को पर उतरे लोग

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शहरवासियों को भी झकझोर कर रख दिया है। हमले में शहर के सपूत शुभम के मारे जाने पर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। गुरूवार को कई जगह लोगों ने आतंकवाद का पुतल दहन कर पाकिस्तान मुर्दाबार के नारे लगाए। वहीं व्यापारियों ने बाजार बंद करके आक्रोश व्यक्त किया। आतंकी हमले में शुभम की मौत पर लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित की। लोगों ने कहा पत्नी के सामने पति को गोली मारना। परिवार ने कितना बड़ा दुख और दर्द सहा है। इसका तो बदला बहुत जरूरी है। यह एक सुनियोजित लक्षित हमला था। इस घटना ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरक्षा एजेंसियों की प्रारंभिक जांच में पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों की संलिप्तता की आशंका जताई गई है। लोगों का गुस्सा और दर्द एक साथ झलका। वहीं व्यापारी नेताओं ने इस हमले पर केंद्र सरकार से तगड़ी कार्रवाई किए जाने की भी मांग की है। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने शुभम की फोटो शेयर कर श्रद्धांजलि दी और सरकार से बदला मांगा।

## लायर्स क्लब ने आतंकी हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**कानपुर।** पहलगाम हमले के विरोध में लायर्स क्लब के राष्ट्रीय संरक्षक एडवोकेट सियाराम पाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक का संचालन एडवोकेट उमाशंकर त्यागी ने किया। इस दौरान शहीद हुए लोगों कों श्रद्धांजलि दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए लायर्स क्लब के राष्ट्रीय सलाहकार वरिष्ठ अधिवक्ता सियाराम पाल ने कहा कि हमला करने वालों को ढूंढकर समाप्त कर देना चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। उसके लिए जिम्मेदार एजेंसी से जांच कराकर जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही करनी चाहिए तथा इतनी संवेदनशील इलाके पर जहां पर 2000 सैलानी थे, लेकिन किसी भी तरह की फोर्स का न होना यह दर्शाता है कि कहीं ना कहीं कुछ लोगों द्वारा सोची समझी साजिश के तहत इस देश को आग में झोंकना चाहते हैं। क्योंकि इस घटना में कुछ दूसरे समुदाय के लोग भी मारे गए हैं तथा उस समुदाय के द्वारा लोगों को बचाने का भी काम किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से शेष कुमार बाजपेई एडवोकेट, नरेंद्र कुमार यादव एडवोकेट, बाबूराम सचान, जगजीवन राम एडवोकेट, शिवकरण यादव, एडवोकेट नीरज पासी एडवोकेट तेज बहादुर पाल, एडवोकेट सरताज अली, एडवोकेट अमर सिंह निषाद, एडवोकेट राजा मिश्रा, एडवोकेट शाहीन समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## बाजार बंद कर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



**कानपुर।** व्यापारियों ने आतंकी हमले में शहीद हुए सीमेंट कारोबारी शुभम द्विवेदी को श्रद्धांजलि दी। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडलए उत्तर प्रदेश सीमेंट डीलरर्स एसोसिएशन और लोकल ट्रक सर्विस यूनियन के सदस्यों ने संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन किया। दोपहर 1 बजे सी पी सी रेलवे गोदाम के गेट को बंद कर दिया।

व्यापारी और ट्रांसपोर्टर बड़ी संख्या में इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होंने पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा की गई शुभम द्विवेदी की हत्या की कड़ी निंदा की। साथ ही शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी तरह पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी को श्रद्धांजलि देने के लिए शहर के व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखी हैं। बता दें कि पहलगाम में आतंकियों की कायराना हरकत से पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। जगह-जगह पर इस घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। गुरूवार को व्यापारी सड़क पर उतर गए हैं। व्यापारियों ने दुकानें बंद कर अपना विरोध दर्ज कराया है। गोविंद नगर में व्यापारियों ने दुकानें बंद कर विरोध जताया है। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। साथ ही कठोर कार्रवाई करने की मांग भी की गई।

## सपाइयों ने निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि



**कानपुर।** सपाइयों ने पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या किए जाने के विरोध में बड़ा चौराहे से भारत माता प्रतिमा तक मौन कैंडल मार्च निकाला और दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले से हजारों टूरिस्टों ने अपना रिजर्वेशन कैंसिल करा लिया। पर्यटकों के सहारे चलने वाली पहलगाम में हजारों लोगों की रोजी रोटी समाप्त हो गई। सरकार ने पर्यटकों की सुरक्षा में ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण कश्मीर पहलगाम की घटना से पूरा विश्व स्तब्ध रह गया। सपा व्यापार सभा ने पूरे महानगर में अपना व्यापार व दुकानें दोपहर दो बजे तक बंद रखी। आसपास जिले के व्यापारियों ने कारोबार बंद कर पहलगाम घटना की निंदा कर शहर में आपूर्ति बंद रखी। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, ओम प्रकाश मिश्रा, नंदलाल जयसवाल, हाजी एहसान खान, आनंद शुक्ला, महेन्द्र सिह, रजत मिश्रा, सुभाष द्विवेदी, कुलदीप यादव समेत आदि रहे।

## अधिवक्ताओं ने की मृतकों को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग



**कानपुर।** कश्मीर में हुई आतंकी घटना के विरोध में बार व लॉयर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। अधिवक्ताओं ने 50-50 लाख का मुआवजा, मृतकों को शहीद का दर्जा दिया जाए व घायलों के निशुल्क इलाज कराने की मांग की। ज्ञापन सौंपते हुए बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदीवर वाजपेई ने कहा कि पहलगाम में हुई आतंकी घटना देश को झकझोर कर रखने वाली है। इस घटना से पूरे देश में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि आतंकी घटना में जो भी पर्यटक मारे गए हैं, उनके परिजनों को 50-50 लाख मुआवजा दिया जाए। घटना में जो लोग घायल हुए हैं, उनका इलाज सरकार की ओर से निशुल्क कराया जाए। घटना में सभी मृतकों को शहीद का दर्जा दिया जाए।अधिवक्ताओं ने मांग करते हुए कहा कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए त्वरित निर्णय लिया जाए। आतंकवादी घटना के पीछे षड़यंत्रकारी लोगों पर भी कड़ी से कही कार्रवाई की जाए। इस मौके पर बार महामंत्री अमित सिंह, लॉयर्स महामंत्री अभिषेक तिवारी, विजय शंकर रावत, शिव प्रताप सिंह चौहान, वीरेंद्र कुमार पासी, राम नवल कुशवाहा, गौराम, पंकज दीक्षित, आकाश तिवारी, हरीशंकर मौजूद रहे।

## ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रंस ने की आतंकी हमले की कड़ी निंदा

ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस कानपुर शाखा ने पहलगाम कश्मीर में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और सरसैया घाट स्थित महिला पार्क स्थित सभागार में शोक सभा की। हमए ऑल इंडिया वूमेन कांफ्रेंस की सदस्याएं, पहलगाम कश्मीर में निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करती हैं। यह आतंकवादी हमला मानवता के विरुद्ध एक क्रूर अपराध है। हम उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस हमले में अपने प्रियजनों को खो दिया। इस दुःख की घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं। आतंकवाद का कोई धर्म, कोई जाति नहीं होता। सबसे पहले हम इंसान हैं और मानवता को हर प्रकार की नफरत पर विजय पानी चाहिए। यह समय है कि देश का हर नागरिक एकजुट होकर आतंक के खिलाफ आवाज उठाए और शांतिए करुणा तथा सौहार्द का संदेश फैलाए। हम सरकार से अपील करते हैं कि इस जघन्य कृत्य के दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। आइएए हम सब मिलकर एक भारतीय, एक इंसान होने के नाते नफरत और हिंसा की ताकतों के विरुद्ध एकजुट हों।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**कानपुर।** मकरॉबर्ट्र्स हॉस्पिटल में जिलाधिकारी के पहुंचते ही अधिकारियों के बीच हड़कंप मच गया। डीएम ने सबसे पहले ओपीडी रजिस्टर की जांच की, जिसमें 32 मरीजों का रिकॉर्ड पाया। जिसमें ई-संजीवनी एप के मरीजों की भी एंट्री की गई थी। प्रभारी डॉ रमित रस्तोगी ने बताया कि नया रजिस्टर एक साल पहले आया है, जिसका प्रयोग नहीं किया जा रहा था। डीएम ने पुराने रजिस्टर के प्रयोग के बारे में पूछा तो डॉक्टर बगले झांकने लगे, डीएम ने कहा कि पुराने रजिस्टर में जरूरी कॉलम जैसे मोबाइल नंबर नही होते हैं, जिससे मरीजों का वेरीफिकेशन में समस्या होती है। इसके बाद उन्होंने एएनएम के बारे में पूछा तो चिकित्सा अधीक्षक अशोक ने बताया कि एएनएम अमरावती, संगीता वर्मा, रीता के वैक्सीनेशन पर जाने की बात कही। डीएम ने पूछा कि दोपहर 2 बजे के बाद स्कूल बंद हो जाते है, अब तक एएनएम क्यों नहीं आई। डीएम ने फोन किया तो एएनएम ने बताया कि वह निजी काम के कारण लेट हो गई। डीएम ने तीनों एएनएम से स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने कहा कि शासकीय समय में निजी कार्य बर्दाश्त नहीं होगा। निरीक्षण के दौरान लैब टेक्निशियन दीपक वर्मा गैरहाजिर पाए गए। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि उनकी तैनाती चटाई मोहाल में है। वह निर्धारित दिवसों में मौजूद रहते है, लेकिन आज बिना सूचना के अनुपस्थित हैं। जिस पर डीएम ने एलटी दीपक वर्मा का वेतन रोकने के आदेश दिए। डीएम ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ अशोक व फर्मासिस्ट मनोज कुमार से स्पष्टीकरण मांगा और सीएमओ व एसीएमओ द्वारा पर्यवेक्षण में शिथिलता बरतने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए।

## खबर एक नज़र

### अधिवक्ताओं ने भी पर्यटकों की हत्या पर किया कार्य बहिष्कार

घाटमपुर। गुरुवार को घाटमपुर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियो द्वारा 27 निर्दोष पर्याटको की गयी नृशंष हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह को दिया। जिसमें कहा गया है कि वह लोग घटना से क्षुब्ध एवं दुखी है। और उसकी घोर निन्दा करते है। इस दुःख की घड़ी में पीडित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते है।तथा आग्रह करते है कि इस तरह की जघन्य घटना की पुनर्रावृत्ति होने से रोकने के लिए अपने स्तर से कठोर से कठोर कार्यवाही तत्काल करें। जिससे देश की एकता और अखण्डता बनी रहे।घाटमपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनूप तिवारी व महामंत्री नवीन कुमार कमल की अगुवाई में ज्ञापन देने व घटना की निन्दा करने वालों में पूर्व अध्यक्ष रमाकांत तिवारीएपूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अहमद सईदए पूर्व महामंत्री हरिनाथ सिंहएसूर्य भान प्रताप सिंहए लवलेश संखवारए अहमद फराजए नौशाद वसी समेत तमाम अधिवक्ता प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### पर्यटकों के हत्यारों को दी जाए फांसी की सजा. हाफिज अहद

घाटमपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 27 पर्यटकों समेत 28 लोगों की आतंकवादियों द्वारा की गई हत्या को लेकर घाटमपुर में भी गम व गुस्से का माहौल है।घटना से आहत पालिकाध्यक्ष गजाला तबस्सुम व उनके पति हाफिज अब्दुल अहद ने पालिका में कर्मचोरियोंए सभासदों व ठेकेदारों के साथ एक शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई।इस मौके पर बोलते हुए पालिका ध्यक्ष पति ने कहा कि यह हमला क्रूरए वीभत्स कायराना कृत्य है। न केवल देश ने बल्कि दुनिया के हर सभ्य समाज ने इस घटना की निंदा की है। यह घटना बताती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांस ले रहा है। निर्दोष पर्यटकों पर हमलाए बहन बेटियों के सामने उनके सिंदूर को उजाड़ा जाएए यह कोई सभ्य समाज कतई स्वीकार नहीं कर सकता है। उन्होंने हत्या करने वाले आतंकवादियों को ऐसी सजा दिए जाने की मांग की जो नजीर बन सके। शोक सभा व आतंकी हमले की निन्दा करने वालों में वरिष्ठ सभासद गुड्डू पंडितए पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित तिवारीए अपना दल एस के विधान सभा अध्यक्ष अभिषेक पटेलए इनाम हुसैन बुल्ला के अलावा पालिका के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### नयवेयली घाटमपुर पावर प्लांट का बनेगा फेयर स्टापेज

घाटमपुर। यमुना पट्टी में स्थित घाटमपुर तापीय विद्युत परियोजना ;पॉवर प्लांटद्ध व आस पास पड़ने वाले गांवों को आने व जाने के लिए कानपुर.हमीरपुर मार्ग पर स्थिति नयवेयली घाटमपुर पावर प्लांट का फेयर स्टापेज बनवाये जाने की मांग के बीच रोड़ वेज विभाग के क्षेत्रीय प्रबन्धक ने क्षेत्र के लोगों को नयवेयली पावर प्लांट का फेयर स्टापेज बनाए जाने का भरोसा देते हुए कहा कि स्टॉपेज बनाए जाने हेतु सर्वे कराये जाने की कार्यवाही गतिशील है। सर्वे उपरान्त किराया सूची तैयार कराकरए ईटीआईएम मशीन में नयवेयली पावर प्लांट का फेयर स्टापेज स्टापेज फीड करा दिया जायेगा। दर असल अभी पावर प्लांट या आस पास गांव जाने वाले लोगों को स्टॉपेज न होने से तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### विधायक की पहल पर स्थापित होंगे अस्पताल व बिजली घर

**नवेली पावर प्लान्ट के पास बस स्टॉप की प्रक्रिया शुरू हुईए मुख्य मंत्री से मिलकर विधायक ने दिए थे पत्र**

घाटमपुर। विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए तत्पर रहने वाली विधायक सरोज कुरील ने अपना ध्यान यमुना पट्टी क्षेत्र के लोगों को रोडवेज बसों व सरकारी अस्पताल के साथ बिजली के लिए बिजली घर की स्थापना कराए जाने पर भी केन्द्रित किया है। एक माह पहले प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर विधायक द्वारा इस संबंध में दिए गए पत्र का असर दिखाई देने लगा है।जिसमें जिलाधि कारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधकए उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम को इस सम्बंध में विधायक के संलग्न पत्र सं0. 55 दिनांक 22 मार्च 2025 का हवाला देते हुए कहा गया है कि संदर्भ ग्रहण करेंए जिसके माध्यम से विधायिका द्वारा विधान सभा घाटमपुर में स्थापित नवेली उत्तर प्रदेश पावर प्लांट के पास एक मिनी बस स्टाप का निर्माण कराए जाने की अपेक्षा की गई है। विधायक ने बताया कि मेरी विधानसभा क्षेत्र में स्थापित स्थापित नवेली उत्तर प्रदेश पावर प्लान्ट के पास बस स्टाप का होना अति आवश्यक है। क्योंकि यहां पर नवेली पावर प्लान्ट के अधिकारीए कर्मचारीए एवं आस पास के क्षेत्रीय लोगों का आना.जाना हमेशा रहता हैए कोई साधन न होने की वजह से इन सभी लोगों को हमेशा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिसे देखते वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिल कर उन्हें इस संबंध में पत्र भी दिया था।जिसमें ग्रामीणों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने को एक सरकारी अस्पताल व घर बिजली पहुंचने के लिए बिजली घर की स्थापना की भी मांग की थी। बस स्टैण्ड के साथ जल्द ही दोनों मांगे धरातल पर दिखेंगी।

## लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास ने आतंकवाद का फूंका पुतला निकाला कैंडल मार्च

**पनाह दे रहे पाकिस्तान पर होनी चाहिए कड़ी कार्रवाई। प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द सिंह**




जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत से पूरे देश में आक्रोश फैल गया। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के द्वारा हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने को कानपुर नगर के नौबस्ता स्थित गैलेक्सी टॉवर से कैंडल मार्च निकाला गया। जैसे ही पदाधिकारी नौबस्ता बाईपास पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द सिंह की अगुवाई में आतंकवाद का पुतला फूंका गया। जिसमें आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई प्रदेश उपाध्यक्ष आनन्द सिंह ने कहा कि भारत में रह रही देशविरोधी ताकतों पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमले में स्थानीय लोगों का इंवॉल्वमेंट रहा हैए उन्हें भी सजा मिलनी चाहिए। मासूम और निहत्थे लोगों को बेदर्दी से मार देने से बड़ा अपराध कोई नहीं हो सकता है। जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने यह अपराध कर दिया हैए इस जघन्य घटना ने पूरे भारतवासियों का खून खौला दिया है। जिलाध्यक्ष विपिन यादव ने सवाल उठाया कि सुरक्षा में चूक आखिर कहां हुई। जो ऐसा बड़ा आतंकी हमला किया गया। आने वाले दिनों में अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली हैण् पहलगाम से जत्था रवाना होता हैण् इस यात्रा को लेकर भय का माहौल बनाया जा रहा हैण् इस मामले में देश की जनता और सभी दल सरकार के साथ हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष ने हमले की निंदा करते हुए आतंकवाद को समाज पर एक धब्बा बताया। पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा मौजूद लोगों ने कहा कि इस आतंकी घटना के विरोध में देश एकजुट हैण् आतंकवादियों को पनाह दे रहे पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए तथा घर में घुसकर मार गिराना चाहिए। इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज गुप्ता संदीप सोनी गौरव सिंह कटियार मृदुल राठौर विशाल द्विवेदी अमित दुबे शुभम तिवारी कमलकांत भाटिया देवेंद्र सिंह शैलेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आयरन वेलफेयर एसोसिएशन ने निकाला शांति मार्च




**कानपुर** गुरुवार को आयरन वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा लोहा मार्केट में बजरंगबली धर्म कांटे से फजलगंज चौराहे तक पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में एक शांति मार्च निकाला सभी व्यापारियों में पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से काफी नाराजगी है महामंत्री प्रदीप केडिया एवं अध्यक्ष धीरज अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से निवेदन किया है पहले की तरह सर्जिकल स्ट्राइक दोबारा करें पाकिस्तान में चल रहे आंतकवादी ग्रुपों को जमीन से नष्ट करें इस अवसर पर अध्यक्ष धीरज अग्रवाल कोषाध्यक्ष सौरभ जैन सहित प्रभातजैन अनुराग गुप्ता आशीष अग्रहरी आशीष केडिया संजय अग्रवाल अमित गोयल अमित रुंगटा तरुण खंडेलवाल सहित लगभग दो सौ व्यापारी मौजूद रहे सभी में आक्रोश भी रहा जल्द ही आतंकियों पर कार्रवाई करने के लिए मांग भी करी भारी संख्या में वहां काम करने वाले कर्मचारी भी उपस्थित है



## आतंकी हमले को लेकर शिक्षकों ने व्यक्त किया रोष

ककवन। आज ककवन बीआरसी में जम्मू कश्मीर के आतंकी हमले में 26 निर्दोष लोगों की हुई निर्मम हत्या को लेकर श्रद्धांजलि सभा की गई। 22 अप्रैल 2025 को हुए आतंकी हमले से पूरे देश में शोक आक्रोश का माहौल हैए इस हमले के विरोध में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ककवन कानपुर नगर के तत्वावधान में शिक्षकों ने एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बीआरसी ककवन में किया । सभा का प्रारम्भ दो मिनट के मौन के साथ हुआ तत्पश्चात उपस्थित शिक्षकों ने अपने.अपने वक्तव्य के माध्यम से शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की । सभा के संचालन के रूप में डा0दिलीप यादव ने आतंकवाद के विरूद्ध एक जुटता का संदेश दिया । संघ के अध्यक्ष पियूष शुक्ला ने सभा को संबोधित करते हुए कहाष् यह हमला न उन निर्दोष लोगों पर हुआ है बल्कि हमारे एकता व अखण्डता पर आधात है एहम सभी को मिलकर आतंकवाद के विरुद्ध खड़ा होना होगा । सभा में उपस्थित शिक्षकों ने केन्द्र व राज्य सरकार से आतंकवाद के विरुद्ध ठोस कदम उठाने की मांग की । और शहीदों के परिवार को हर सम्भव सहायता प्रदान करने का आग्रह किया ।सभा में प्रमुख रूप से पियूष शुक्ला युधिष्ठिर पटेल पंकज पाल डा0 दिलीप यादव हेमंत सिंहए अशोक यादव नन्द किशोर विनोद पाल तुषमुन मिश्रा अफाक अश्विनी पाण्डेय संतोष आदि शिक्षक भारी संख्या में उपस्थित रहे ।

### स्ववित्त पोषित महाविद्यालय एशोव के प्रदेश अध्यक्ष ने की निन्दा

घाटमपुर। जम्मू कश्मीर के पहलग्राम में 27 पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मम हत्या की निन्दा करते हुए कहा कि पर्यटकों की हत्या एक दानवीय एहिंसक और विकृत मानसिकता का सोच समझ कर किया गया दुष्कृत्य है। विश्व के किसी भी सभ्य समाज मे ऐसा दानवीय कार्य बर्दास्त नही किया जा सकता है। मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साँखाहरी में छात्र.छात्राओं एवं शिक्षकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर कैप्टन विवेक त्रिवेदी शिवशरण दीप्ति सचान डॉक्टर देवेश द्विवेदी श्यामजी शुक्ल पुनीत सत्य नारायण पटेलए संजयए अनिंद्रए आदि भी मौजूद रहे।

## नाबालिग बेटी को बंधक बनाकर पिता ने किया दुष्कर्म

घाटमपुर।थाना क्षेत्र के एक गांव में पिता ने अपनी नाबालिग छोटी बेटी को सोते समय दबोचकर हैवानियत की।उसके हाथ पैर बांधकर उसको अपनी हवस का शिकार बना डाला। पीड़िता ने अपनी आपबीती कानपुर में रह रही बहन को बताया। बड़ी बहन ने थाने में पिता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बड़ी बहन ने तहरीर देते हुए पुलिस को बताया कि वह कानपुर में रहकर पढ़ाई करती है। 12 अप्रैल को जब उसकी मां और भाई ननिहाल गए थे। तब घर में पिता और उसकी 12 वर्षीय छोटी बहन जो कि कक्षा 5 की छात्रा है।घर में अकेली थी।छोटी बहन ने उसे फोन करके बताया कि रात में पिता ने सोते समय उसे दबोच लिया। फिर उसके हाथ पैर बांधकर उसके साथ दुष्कर्म किया। साथ ही किसी को बताने पर धमकाया भी। पीड़िता ने बताया कि पिता पहले भी जबरदस्ती का प्रयास करता रहा है।छोटी बहन की बात सुनकर वह कानपुर से आई और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मां के साथ थाने पहुंची बड़ी बहन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि मामला दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा जा रहा है।आरोपी पिता को हिरासत में ले कर कार्यवाही की जा रही है।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी राजेपुर (फर्रुखाबाद)

पत्रांक–1379 / लेखा0 / 05 वॉं–15वॉं वित्त / टेण्डर प्रकाशन / 2025–26 दिनांक 24.04.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

05–15वां राज्य वित्त योजना के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत राजेपुर जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना के निर्माण कार्य हेतु पंजीकरण ठेकेदारों फर्मो से दिनांक 25–4–2025 से दि० 5–5–2025 की अपरान्ह 2–00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 5–5–2025 को सायं 3.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय राजेपुर खण्ड विकास अधिकारी / अवर अभियन्ता (ग्रा०अभि०वि०), सहायक विकास अधिकारी (आई०एस०बी०) एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 25–4–2025 से दि० 5–5–2025 अपरान्ह 2–00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में खण्ड विकास अधिकारी राजेपुर से रू0 1000–00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | मद / वित्त | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्रा.के अनुसार लागत लाख में | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रू. | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गुडेरा में लेखराज कुशवाहा के घर से साधो सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 05वॉं | प्रा. के अनुसार | 3.97 | 8000.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत गाँधी में सामेश्वर दयाल पाठक के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 05वॉं | प्रा. के अनुसार | 7.97 | 16000.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत अल्हादादपुर भटौली में चन्द्र प्रकाश के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 05वॉं | प्रा. के अनुसार | 7.97 | 16000.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत खानपुर में अजय कुमार के घर से तालाब तक नाला निर्माण व सी०सी०कार्य | 05वॉं | प्रा. के अनुसार | 8.36 | 16800.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत बरूआ में सुरेन्द्र फौजी के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 15वॉं | प्रा. के अनुसार | 7.97 | 16000.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत गाँधी में इन्द्रेश सिंह चौहान के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 15वॉं | प्रा. के अनुसार | 7.97 | 16000.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत सवासी में धीरजपुर प्रतिपालपुर सम्पर्क मार्ग पर हरिबान सिंह (लल्ला) के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य | 15वॉं | प्रा. के अनुसार | 7.97 | 16000.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 8 | ग्राम पंचायत कुम्हरौर में होलिका दहन स्थान से कुम्हरौर पुल तक नाला निर्माण कार्य | 15वॉं | प्रा. के अनुसार | 4.88 | 9700.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत मुजहा में मुरारी लाल पंडित के घर से बृजेश के घर होते हुए बलराम के घर के पीछे तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 15वॉं | प्रा. के अनुसार | 3.74 | 7500.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत कुम्हरौर में राधा कृष्ण मन्दिर से पंचम नगला सम्पर्क मार्ग तक नाला निर्माण कार्य | 15वॉं | प्रा. के अनुसार | 4.73 | 9500.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 11 | भुडिया भेडा में मुन्ना टेलर के घर से सुरेश के घर तक सी०सी० / इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 15वॉं | प्रा. के अनुसार | 1.43 | 2900.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 12 | भुडिया भेडा में छविराम के घर से राम सनेही के घर तक सी०सी० / इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 15वॉं | प्रा. के अनुसार | 1.08 | 2200.00 | 1000.00 | 01 माह |
| 13 | ग्राम पंचायत गुडेरा में मैनरोड से राजवीर सिंह के घर तक इण्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 15वॉं | प्रा. के अनुसार | 1.64 | 3300.00 | 1000.00 | 01 माह |

नोटः 1– नियम एवं शर्तें खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में अवकाश को छोडकर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**सुनील कुमार जायसवाल**
खण्ड विकास अधिकारी,
राजेपुर (फर्रुखाबाद)



# कार्यालय नगर पालिका परिषद कोंच, जनपद–जालौन

पत्रांक– 38 / 2025–26 / कोंच  दिनांक–23.04.2025

**संशोधित सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद कोंच द्वारा दैनिक समाचार पत्र आज कानपुर में दिनांक 22 अप्रैल एवं 23 अप्रैल, 2025 में प्रकाशित दर आमंत्रण सूचना में त्रुटिवश गलत अंकन हो गया है। उक्त का संशोधन इस विज्ञप्ति के माध्यम से किया जा रहा है। जिसका विवरण निम्नवत् है:–

| क्र. सं. | पत्रांक दिनांक | समाचार पत्र का नाम एवं प्रकाशन दिनांक | विज्ञप्ति का विवरण | गलत अंकन का विवरण | संशोधन का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30 / न०पा० परि. कोंच / 2025–26, दिनांक 21.04.2025 | दैनिक आज कानपुर एवं स्वतंत्र भारत कानपुर दिनांक 22.04.2025 | वाटर कूलर मरम्मत की दर आमंत्रण सूचना | जमानत धनराशि 50000.00 रू0 (पच्चास हजार) | जमानत धनराशि रु० 150000.00 (एक लाख पच्चास हजार) |
| 2. | 31 / न०पा०परि. कोंच / 2025–26 दिनांक 21.04.2025 | दैनिक आज कानपुर दिनांक 23.04.2025 | हैण्डपम्प मरम्मत हेतु साम्रगी क्रय की दर आमंत्रण सूचना | जमानत धनराशि 15000.00 रू0 (पन्द्रह हजार) | जमानत धनराशि रू० 150000.00 (एक लाख पच्चास हजार) |
| 3. | 32 / न०पा०परि. कोंच / 2025–26, दिनांक 21.04.2025 | दैनिक आज कानपुर दिनांक 22.04.2025 | हैण्डपम्प मरम्मत मिस्त्रियों हेतु दर आमंत्रण सूचना | जमानत धनराशि 50000.00 रु० (पच्चास हजार) | जमानत धनराशि रू० 150000.00 (एक लाख पच्चास हजार) |

उपरोक्त संशोधन के पश्चात् शेष विज्ञप्ति यथावत् रहेगी।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
कोंच जनपद–जालौन

## अज्ञात शव का हुआ पोस्टमार्टम

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम कांधी में 03 दिन पूर्व ग्रामीणो की सूचना पर पुलिस ने फांसी पर लटका 23 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजने क बाद मृतक की पहचान कराने का प्रयास करने लगे। शिनाख्त न होने पर 72 घन्टे बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# पहलगाम आतंकी घटना पर अधिवक्ताओं ने जताई नाराजगी



**■ - बार एसो. ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, तत्काल कार्रवाई की उठाई मांग**

फतेहपुर। कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कड़ी निंदा करते हुए कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर आतंकी संगठनों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गया प्रसाद दुबे एड. व सचिव जितेन्द्र सिंह गौतम की अगुवई में पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। तत्पश्चात राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि बाइस अप्रैल की रात जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान के आतंकियों ने निर्दोष श्रद्धालुओं के ऊपर आतंकी हमला किया जो अत्यंत निन्दनीय है। इस कृत्य के विरोध में बार एसोसिएशन के अधिवक्ता काफी आक्रोशित हैं। इसकी घोर निन्दा करते हैं और युद्ध स्तर पर पाकिस्तान द्वारा की गई साजिश का मुंहतोड़ जवाब देने व निर्दोष श्रद्धालुओं के ऊपर आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों व पाकिस्तान के इशारे पर कृत्य करने वालों के खिलाफ दण्डात्मक कार्रवई की मांग की। इस मौके पर बड़ी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# पालिका की बोर्ड बैठक स्थगित किए जाने पर सभासदों में नाराजगी



**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद फतेहपुर की बोर्ड बैठक अचानक स्थगित किए जाने पर कुछ सभासदों ने नाराजगी का इजहार करते हुए पालिकाध्यक्ष पर आरोप मढ़ते हुए यहां व्याप्त भ्रष्टाचार की डीएम से गठित टीम से जांच कराए जाने की मांग की गई। नगर पालिका परिषद के सभासद विनय कुमार तिवारी अन्नू की अगुवई में कई सभासदों ने एक आपात बैठक की। जिसमें बोर्ड बैठक को अचानक स्थगित किए जाने पर कड़ी नाराजगी का इजहार किया गया। बताया कि बोर्ड बैठक का एजेण्डा अधिशाषी अधिकारी द्वारा अध्यक्ष के निर्देश से जारी किया गया था, जिसमें जन सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए नाली, रोड, मार्ग प्रकाश, जल निकासी, साफ-सफाई, खेलकूद मैदान, पार्क के साथ दक्षिण क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक साउथ सिटी जोन बनाए जाने संबंधी प्रस्ताव शामिल थे। इसके बावजूद अध्यक्ष ने बिना कारण अचानक ही बोर्ड बैठक को स्थगित कर दिया। जिससे सभासदों में नाराजगी है।

सभासदों ने मांग किया कि स्थगित बोर्ड बैठक को पूर्व निर्धारित एजेण्डे के साथ तत्काल आहूत किया जाए। बरसात को देखते हुए नाला सफाई के कार्यों के प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पारित होने के उपरांत तत्काल कराए जाएं। दक्षिण क्षेत्र के लोगों की जनसुविधा को देखते हुए बोर्ड एजेण्डे में शामिल प्रस्ताव की स्वीकृति के उपरांत तत्काल बनवाया जाए। पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की डीएम के माध्यम से टीम गठित कर जांच कराई जाए। पालिका में वर्ग विशेष के लोगों को लाभ पहुंचाए जाने के उद्देश्य से लगाई गई नियम व शर्तों की जांच कराई जाए। इस मौके पर सभासदों में संजय लाला, विद्या देवी, माया पटेल, अतीश पासवान, रितिक पाल, रश्मी नागर, दीपक मौर्य, सुनील गुप्ता भी मौजूद रहे।

## खबर एक नज़र

### 16108 रानियों का चरित्र का वर्णन सुन भाव-विभोर हुए भक्त



**खागा (फतेहपुर)।** नगर के रेलवे क्रासिंग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे सेवानिवृत्त शिक्षक बालकृष्ण त्रिपाठी के दरवाजे पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में बृहस्पतिवार को कथावाचक आचार्य संदीप पांडेय ने भगवान कृष्ण और 16108 के विवाह का मंगलमय वर्णन सुनाया। कथा सुनने के लिए पंडाल में बड़ी संख्या में महिला भक्त उपस्थिति रहीं। 16108 ने कहा प्रार्थना की पकड़ लो प्रभु हाथ मेरा, नहीं तो मेरा कुछ ना बिगड़ेगा, तुम्हारी शान जाएगी, की व्यथा सुनकर भगवान कृष्ण ने विवाह किया। कथावाचक आचार्य ने भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता का भी वर्णन किया। यजमान बालकृष्ण त्रिपाठी, डा. ब्रजेंद्र त्रिपाठी, सुरेन्द्र त्रिपाठी, बउवा त्रिपाठी, अनुपम दीक्षित, दिनेश दीक्षित, रजनी त्रिपाठी, श्रवण कुमार, जुगुल दुबे, रितेश दुबे सहित नगर के भक्त उपस्थित रहे।

### डीएम ने विकास भवन के कार्यालयों का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना ने विकास भवन स्थित कार्यालयों में जिला विकास कार्यालय, जिला पंचायत राज कार्यालय, युवा कल्याण कार्यालय, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, जिला कृषि कार्यालय, आरईएस, जल निगम ग्रामीण, जिला सूचना कार्यालय, प्रोबेशन कार्यालय, जिला समाज कल्याण कार्यालय (विकास), जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय, पशुपालन, लघु सिंचाई, उद्यान आदि का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभागों के पटल सहायकों से किए जा रहे कार्यों के सम्पादन की अद्यतन स्थिति को जाना और कहा कि पत्रावलियों को दुरुस्त रखें। कार्यालय में साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पहलगाम आतंकी हमले की निंदा, कठोर कार्रवाई की मांग

**फतेहपुर।** राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के अवसर पर ब्लॉक बहुआ की ग्राम पंचायत सुजानपुर (बहुआ देहात) में बैठक का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान व बहुआ ब्लॉक प्रधान संघ की अध्यक्ष तथा गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में बैठक हुई। जिसमें पंचायती राज दिवस का महत्व समझाया गया और देश में पंचायती राज स्थापना उपरांत मिले अधिकारों का प्रयोग कर विकसित ग्राम निर्माण के लक्ष्य को साथ लिए गांव के विकास व ग्रामवासियों की प्रगति के लिए प्रधान हेमलता पटेल ने गांव में कराए गए विभिन्न विकास प्राइमरी स्कूल, मॉडल स्कूल, डिग्री कालेज, मिनी सचिवालय भवन, आंगनबाड़ी, रास्ता नवनिर्माण, पात्रों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का अथक प्रयास आदि कार्यों पर प्रकाश डाला गया। गांव के प्राइमरी स्कूल में बालसभा भी आज आयोजित की गई। साथ ही हाल में घटित जम्मू कश्मीर के पहलगाम में अत्यंत दुखद हृदय विदारक आतंकी घटना की भरसक निंदा की गई व पहलगाम के दुस्साहसी कायराना आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सभी लोगों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके परिवारों को शोक संवेदना अर्पित की गई। प्रधान अध्यक्ष हेमलता पटेल ने कहा कि आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है। यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है। यह मानवता के सिद्धांतों पर प्रहार है। इस कायराना हमले में कई लोगों की मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक है। इस हमले में जिन परिवारों ने अपनों को खोया है। उनके प्रति मेरी गहरी संवेदना है। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। रक्षा मंत्रालय व केन्द्र सरकार से मांग है कि त्वरित कारवाई करते हुए सख्त से सख्त संदेश दें ताकि भविष्य में किसी भी भारतीय नागरिक की जान बर्बर हिंसा की भेंट न चढ़े। इस अवसर पर अर्चना सिंह, रेखा रानी, पीरामल फाउंडेशन राइटर प्रोग्राम मैनेजर रोहिणी रॉय, अदिति, सुमन, कमला, नीरज, अमन, सत्यम,विजमा, रंजना, सोनी, कमला आदि लोग मौजूद रहे।

### जिला पंचायत अध्यक्ष जालसाजी में अदालत में तलब

**फतेहपुर।** एसीजेएम न्यायालय संख्या दो मोहम्मद साजिद द्वितीय ने सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह की जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह के खिलाफ केवल विद्यालय की मान्यता पाने व अन्य आर्थिक लाभ उठाने के लिए गलत ढंग से स्वयं को बौद्ध दर्शाने के संबंध में दायर परिवार में अभय प्रताप सिंह को प्रथम दृष्टया धारा 420 आईपीसी तथा सहयोगी दिवाकर सिंह को धारा 323, 504, 506 भा.द.सं. का दोषी पाते हुए दोनों के खिलाफ सम्मन जारी करते हुए अदालत में उपस्थित होने की तारीख मुकर्रर किया है। संजय सिंह ने अपने परिवाद में कहा कि अभय प्रताप सिंह रानी चंद्रप्रभा महाविद्यालय व अभय प्रताप सिंह डिग्री कॉलेज बिंदकी के संचालक हैं। यह दोनों कॉलेज बाबू युवराज सिंह सेवा संस्थान न्यास के माध्यम से संचालित होते हैं। अभय प्रताप सिंह ने संस्था अपने दोनों विद्यालयों को अल्पसंख्यक संस्था के रूप में मान्यता दिलवाने के लिए न्यास के सभी सदस्यों को गलत ढंग से बौद्ध धर्म का अनुयाई बता दिया। इसके विपरीत अभय प्रताप सिंह क्षत्रिय जाति के हैं और वह लगातार स्वयं को क्षत्रिय प्रदर्शित करते हैं। संजय सिंह ने इस संबंध में उनके एक सहयोगी दिवाकर सिंह द्वारा उन्हें धमकी देने की बात भी बताई। अदालत ने संजय सिंह के बयान और साक्ष्यों को देखते हुए अभय प्रताप सिंह को प्रथमदृष्टया धारा 420 व दिवाकर सिंह को 323, 504, 506 आईपीसी का अभियुक्त पाते हुए उनके खिलाफ सम्मन जारी कर 19 मई को कोर्ट में उपस्थित होने को कहा है। न्यायालय के निर्णय का स्वागतः आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि अभय सिंह के विरुद्ध इसके अलावा भी तमाम गंभीर शिकायतें हैं, जिस संबंध में उनकी पार्टी अपने स्तर से भी आगे कार्रवाई करेगी।

### आयकर अधिवक्ता के घर हुई चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन्स नवैया रोड स्थित आयकर अधिवक्ता के घर दस दिन पूर्व हुई चोरी की घटना का सदर कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से नगदी समेत चोरी गया माल भी बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए चोरों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। क्षेत्राधिकारी नगर सुशील कुमार दुबे ने बताया कि आयकर अधिवक्ता राजीव कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 लल्लूराम अग्रवाल निवासी 31/64 सिविल लाइन्स नवैया रोड थाना कोतवाली ने तहरीर देकर बताया था कि 14/15 अप्रैल की रात घर के पीछे की खिड़की तोड़कर घर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच-पड़ताल की। विवेचना से प्रकाश में आए अभियुक्त वकील अहमद पुत्र अतीउल्ला निवासी कुशमहार थाना पचपेड़वा जिला बलरामपुर व मनोज पुत्र गिरीश कुमार निवासी मौलानापुर थाना अहिरौला जिला आजमगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त वकील के पास से एक लाख सात हजार आठ सौ बासठ रूपए नगद, सफेद धातु के दो सिक्के, पीली धातु के दो जोड़ी टप्स, एक रेडमी मोबाइल, व मनोज के पास से बीस हजार रूपए नगद बरामद किए हैं। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमें में धारा 317 (2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय, उपनिरीक्षक अनुज यादव, राजेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल महेन्द्र कुमार, कांस्टेबल लोकेन्द्र तोमर, राहुल कुमार शामिल रहे।

# डीएम, सीडीओ व सीएमओ ने क्षय रोगियों को बांटी पोषण सामग्री

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के संयोजकत्व में 194 क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरण कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी रविंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजीव नयन गिरि उपस्थित रहे।

सदस्यों ने अतिथियों को रेडक्रास वेशभूषा पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। डीएम, सीडीओ व सीएमओ ने पांच क्षय रोगियों को पोषण सामग्री वितरित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी आजीवन सदस्यों ने गोद लिए सभी 194 क्षय रोगियों को पोषण सामग्री प्रदान की। डीएम ने सोसाइटी के उत्कृष्ट सेवाकार्यों का उत्साहवर्धन किया। संचालन चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने करते हुए सभी क्षय रोगियों को स्वयं व अपने परिवारीजनों को एक्सरे कराने के लिए जागरूक किया। डीएम ने सभी को टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई। डॉ. अनुराग ने रेडक्रास भवन हेतु भूमि के लिए जिलाधिकारी को निवेदन पत्र भी



सौंपा। अंत में पहलगाम में हुई आतंकी घटना में 27 पर्यटकों की हत्या पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ निशात शहाबुद्दीन, इंडियन रेडक्रास सोसाइटी वाइस चेयरमैन डॉ. रज़िया सुल्ताना, सचिव अजीत सिंह, आजीवन सदस्य डॉ. अरुणा श्रीवास्तव, छाया श्रीवास्तव, रीता सिंह तोमर, साधना चौरसिया, कल्पना सिंह, विभा मिश्रा, शैलेन्द्र रस्तोगी, गिरजाशंकर श्रीवास्तव, सर्वेश गुप्ता, वेदप्रकाश गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, डॉ. कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव, दिनेश चंद्र श्रीवास्तव, गोरेलाल, पुनीत वीर विक्रम, राकेश कुमार, चैतन्य कुमार, राशिद हुसैन, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, मानिक चंद्र गुप्ता, डॉ. विक्रांत, विकल त्रिपाठी, सुजीत सिन्हा, श्यामबाबू भारती, बृज किशोर भी मौजूद रहे।

## पहलगांव आतंकी हमले के विरोध में सामूहिक विरोध प्रदर्शन 27 को



**फतेहपुर।** जनपद के समस्त व्यापार मंडल, सभासदों, सामाजिक संगठनों एवं आम जनमानस के संयुक्त प्रयासों से पहलगांव आतंकी हमले के विरोध में जनपद व्यापी बन्दी एवं विरोध प्रदर्शन आगामी 27 अप्रैल को प्रातः सात बजे से बाजार बंदी, दोपहर एक बजे ज़िला अधिकारी को ज्ञापन एवं सांय सात बजे विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

उपरोक्त सन्दर्भ में पटेल नगर स्थित अनिल सिंह गौतम के आवास में बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि शुक्रवार को भ्रमण करके व्यापारियों को प्रेरित किया जाएगा। शनिवार को सामूहिक रूप से व्यापारियों से मिलना और रविवार को सुबह आठ बजे होटल आकाश जीटी रोड में सभी व्यापारी नेता, सामाजिक व धार्मिक नेता एकत्रित होकर बंदी का सम्पूर्ण दिन भ्रमण कर बंदी को सफ़ल बनाया जाएगा। दोपहर एक बजे राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा।आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने बताया कि रविवार को सांय सात बजे शहर के पटेल नगर चौराहा में एकत्रित होकर दिवंगत आत्माओं के नाम दो दिया जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। आज की बैठक में श्री गर्ग समेत किशन मेहरोत्रा, वीरेन्द्र पाण्डेय, मनोज घायल, डा. विजय शंकर मिश्रा, अनिल सिंह गौतम, संजीव अग्रवाल, लोकेश गुप्ता, सन्तोष विनायक, अभिनव यादव, बद्री विशाल, रवि प्रकाश दुबे, पप्पन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ता संघ चुनाव : अध्यक्ष पद पर चार व महामंत्री में तीन उम्मीदवार मैदान में

- कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के एक उम्मीदवार ने नामांकन पत्र लिया वापस
- पांच मई को होगा मतदान, 236 मतदाता करेंगे भाग्य का फैसला

बिंदकी (फतेहपुर)। अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए गुरुवार को नामांकन पत्र वापस लेने का दिन रहा। अध्यक्ष व महामंत्री पद के किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया इसलिए अध्यक्ष पद के चार व महामंत्री पद के तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में रहेंगे। नामांकन पत्र वापस लेने के दिन गुरुवार को कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के एक दावेदार ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया। इस तरह अध्यक्ष व महामंत्री को छोड़कर बाकी सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन है। जिससे अध्यक्ष व महामंत्री को छोड़कर सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन होना सुनिश्चित हो गया है।

अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए गुरुवार की शाम पांच बजे तक नामांकन पत्र वापस लेने का समय रहा। अध्यक्ष व महामंत्री पद के किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। इस तरह अध्यक्ष पद के लिए अश्विनी कुमार मिश्रा, कल्याण सिंह, रमाशंकर शुक्ल, राजेंद्र कुमार मिश्रा चुनाव मैदान में रहेंगे। इसी प्रकार महामंत्री पद के लिए किसी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। इस तरह महामंत्री पद के लिए राकेश सोनकर लक्ष्मी सिंह गौतम तथा सुनील कुमार तिवारी के बीच चुनावी मुकाबला होगा। गुरुवार को कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए एक उम्मीदवार लोकेंद्र पाल सिंह ने अपना नामांकन पत्र वापस लिया। इस तरह अध्यक्ष व महामंत्री को छोड़कर बाकी सभी पदों के लिए एक-एक उम्मीदवार होने के कारण सभी का निर्विरोध होना सुनिश्चित हो गया। चुनाव अधिकारी आनंद शंकर वर्मा, बीरबल यादव, सुरेश चंद्र तिवारी, श्रीराम बाबा सोनकर, भारत सिंह, मोहम्मद हारुन खान ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार है जबकि महामंत्री पद के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में रहेंगे। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए प्रेम बाबू कनिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए नवाब हुसैन संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए महेंद्र कुमार संयुक्त सचिव पुस्तकालय के लिए देश नारायण दीक्षित संयुक्त सचिव प्रशासन के लिए अरुण कुमार बाजपेई तथा कोषाध्यक्ष के लिए लक्ष्मी नारायण द्वारा नामांकन किए गए हैं। इन सभी पदों के लिए एक-एक नामांकन हुए हैं इसलिए इनका निर्विरोध होना सुनिश्चित हो गया है। इसके अलावा वरिष्ठ सदस्य अली अब्दुल्ला ऋषभ कुमार सिंह मनीष कुमार अग्निहोत्री योगेंद्र कुमार लोकेंद्र पाल सिंह सूरज सिंह तथा कनिष्ठ सदस्य अक्षय स्वास्थ्य श्रेय गुप्ता मोहम्मद इमरान लक्ष्मण कुमार विपेन्द्र कुमार तथा सत्यनारायण शुक्ला का निर्विरोध होना सुनिश्चित हो गया है।

# जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक

**■ स्वच्छता पखवाड़ा की समीक्षा, शिथिलता/लापरवाही पर डीएफओ से मांगा स्पष्टीकरण**

**फतेहपुर।** जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समीक्षा के दौरान विगत 16 मार्च से 31 मार्च तक शासन की मंशानुरूप स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाना था, के कार्य में शिथिलता/लापरवाही पाए जाने पर डीएफओ से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिए। साथ ही नमामि गंगे के तहत चयनित गंगा ग्रामों में जैविक खेती एवं तालाबों के संरक्षण के कार्य में जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे ज्ञान तिवारी द्वारा लापरवाही किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यशैली में सुधार लाए अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि नियमित घाटों की साफसफाई कराई जाय। साथ ही कूड़ा का उठान नियमित कराया जाय। उन्होंने कहा कि श्री बांके बिहारी मन्दिर के सरोवर में प्रकाश व्यवस्था के लिए सोलर लाइट एवं पाथवे निर्माण का प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सदर को दिए। अधिशासी अभियंता सिंचाई से कहा भिटौरा पक्के घाट का निरीक्षण कर यथा स्थिति से अवगत कराए, कि ध्वस्तीकरण योग्य है या मरम्मतिकरण योग्य है कि रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने शिवराजपुर घाट में निर्माण के लिए जो डीपीआर भेजा गया है कि किस स्तर तक कार्यवाही की गई है, कि रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश डीएफओ को दिए।

जिला पर्यावरण समिति की बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट, ईदूवेस्ट प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम आदि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक की जब्तीकरण की कार्यवाही नियमित करने के निर्देश संबंधितो को दिये। व्यापारियों/दुकानदारो को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक करे साथ ही कपड़े/जूट के थैले का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अलग अलग (सुखा/गीला) संवेदनशीता के साथ करते हुए इसका निस्तारण नियमानुसार कराये साथ ही रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायतों से कहा कि एमआरएफ सेंटरो से होने वाली आमदनी की रिपोर्ट से अवगत कराए, साथ ही पूर्व में जो ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए थे उसमें साफसफाई की क्या स्थिति है कि जीओ टैग फोटो सहित रिपोर्ट से अवगत कराए एवं निजी भूमि/प्लाटों में जो कूड़ा फेंका जा रहा है, के लिए संबंधित को नोटिस देते हुए कूड़ा एकत्र करने की व्यवस्था की जाय, साथ ही पुनरावृत्ति पाए जाने पर जुर्माना भी लगाया जाय।

उन्होंने कहा कि ईदूवेस्ट की श्रेणी के कूड़े के बारे में नागरिकों को जागरूक करे साथ ही एकत्रीकरण की व्यवस्था भी की जाय। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों से संबंधित शिकायतों/समस्याओं के निवारण हेतु टोल फ्री नंबर 1533 का भी विभिन्न माध्यमों से प्रचार प्रसार कराया जाय। जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निस्तारण सही तरीके से कराये साथ ही निजी संस्थानों का निरीक्षण भी करे और कृत कार्यवाही की मासिक रिपोर्ट से अवगत कराए साथ ही जनपद में कूड़े का निस्तारण कितना हुआ है कि रिपोर्ट से अवगत कराने के निर्देश संबंधित को दिए। आगामी वर्षाकाल में रोपित किए जाने वाले पौधों के रोपण के लिए जो लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढे खोदे गए है और जो शेष रह गए कि खुदाई कराते हुए रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक न्याय पंचायत में मियावाकी पद्धति से पौधों का रोपण किया जाय के लिए भूमि चिन्हित करते हुए गड्ढे खुदाई आदि का कार्य कर लिया जाय। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामों में संचालित आरआरसी सेंटर में कूड़े निस्तारण की स्थिति की रिपोर्ट अवगत कराए। बायोडायवर्सिटी की समिति का गठन शासनादेशानुसार किया जाय, आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण भी कराया जाय।

उन्होंने पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की एवं पर्यावरण एवं गंगा समिति से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एक दिन पूर्व पहलगाम में हुई आतंकी घटना जिसमें 27 पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा नृशंस हत्या कर दी गई के लिए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, जिला विकास अधिकारी, डीएफओ रामानुज त्रिपाठी, डीसी मनरेगा, डीएसटीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अभियंता सिंचाई, नामित सदस्य/संयोजक नमामि गंगे शैलेन्द्र शरन सिंपल, नामित सदस्य, खंड विकास अधिकारी, ईओ उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, भांजी घायल

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के हरिहरगंज ओवरब्रिज के समीप तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिसकी सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी वहीं भांजी को मामूली चोटे आयी। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के चुरियानी निवासी सूरजबली का 26 वर्षीय पुत्र अशोक कुमार अपनी भांजी को बाइक में बैठाकर मदरियापुर जा रहा था। जैसे ही बाइक हरिहरगंज ओवरब्रिज के नीचे पहुची तभी तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं भांजी को मामूली चोटे आयी। घायल को उपचार के लिए सदर अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड दिया। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

## मानव एकता दिवस पर लगा शिविर, 45 ने किया रक्तदान

**फतेहपुर।** सुंदर निरंकारी मिशन के बाबा गुरवचन सिंह की स्मृति में मानव एकता दिवस में मनाया गया। संत निरंकारी मिशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। माता सुदीक्षा के निर्देशन में संत निरंकारी आध्यात्मिक सत्संग स्थल सुंदर नगर कॉलोनी वर्मा चौराहा में शिविर लगाया गया। जिसमें मिशन के श्रद्धालुओं ने रक्तदान किया। रक्त एकत्रित करने के लिए संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन ने जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र की टीम व मानस रक्तकेन्द्र की टीम को डॉक्टर सहित बुलवाया। शिविर में कुल 45 रक्तदाताओ ने रक्तदान किया। जिसमें बीस यूनिट जिला अस्पताल रक्तकेन्द्र व पच्चीस यूनिट मानस रक्तकेन्द्र को एकत्रित करने के लिए दिया। कैंसर मरीज, थैलीसीमिया व एनिमिक मरीजो की मदद की जा सके।

शिविर का उदघाटन सेवा दल संचालक राम भरोसे, शिक्षक सुरेश, नीरज श्रीवास्तव, एकाउंटेंट अशोक शुक्ला, यश पाल, रवि कश्यप ने फीता काटकर किया। जिसमें चारों ब्रांच खागा, फतेहपुर, कनपुरवा तथा चौडगरा के लोगों ने रक्तदान किया।

रक्तदान करने वालों में मानस रक्तकेंद्र में अशोक कुमार, बृज किशोर, श्याम सिंह, रामप्रकाश, अनामिका गुप्ता, पूजा, इशिका आनंद, गीता देवी, आशीष, अभिषेक कश्यप, नीरज कुमार, महेंद्र कुमार, मनोज कुमार पाल, जय करन, जितेंद्र कुमार, विवेक तिवारी, कमलेश, विनोद, कमलेश, छोटे लाल, अक्षय, अरविंद, योगेश, मानवेंद्र, अरुण व जिला अस्पताल रक्तकेंद्र रामदेव गुप्ता, श्रीलाल गोस्वामी, कैलाश सोनी, रिशु कुमार, शशांक, उर्मिला, आस्था देवी, सुष्मिता, विमलेश, रवि कश्यप, रिनी सिंह, ज्ञान सिंह, रामचंद्र सैनी, कमल सिंघाड़ा बाबू, लक्ष्मी साहू, राधे किशन, सुभान, योगेंद्र, आरती शामिल है। इस मौके पर सर्व फॉर ह्यूमैनिटी से गुरमीत सिंह, जिला अस्पताल रक्तकेंद्र से मेडिकल इंचार्ज अभिषेक सिंह, परामर्शदाता दीपाली वर्मा, लैब टेक्नीशियन संतोष राजपूत, लैब सहायक राजू कैथवास, सुभाष मौर्य, स्टाफनर्स पूजा, लैब अटेंडेंट सुलभ व मानस रक्तकेंद्र से कैलाश पटेल, डॉ. दिनेश सचान, अमन यादव, अर्पित पटेल, अर्पित उत्तम, अनुस पटेल उपस्थित रहे।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## सही कदम

पहलगाम नरसंहार के बाद भारत की सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) द्वारा लिए गए फैसले सर्वथा उचित कदम हैं। अपनी संप्रभुता पर नृशंस हमलों का जवाब देने का अधिकार सभी देशों को है जिसका मर्यादा के भीतर रहते हुए भारत ने उपयोग किया है। इस हिंसा का रूस, चीन, इजरायल समेत दुनियाभर के देशों द्वारा कड़ी निंदा करने और खुद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा इस मामले में भारत की मदद करने के संकल्प से साफ है कि सभी इसकी गंभीरता और वास्तविकता को समझ रहे हैं और उसे किसी भी रूप में बढ़ावा देने के खिलाफ हैं। यह छिपी बात नहीं है कि चौथाई सदी से ज्यादा समय से पाकिस्तान भारत में आतंकी हिंसा फैलाने को अघोषित रूप से राष्ट्रीय नीति बना चुका है और तरह-तरह के हथकंडे अपना रहा है। ताजा घटना का भी वहां के सत्ता प्रतिष्ठान ने अप्रत्यक्ष समर्थन ही किया है। इसके सुबूत एक ही दिन में सामने भी आ गए हैं। सीसीएस के फैसलों के तुरंत बाद उसने खुद के 'पीड़ित' पक्ष होने का ड्रामा भी शुरू कर दिया है। ऐसी बेशर्मी वह मुंबई हमलों व अन्य घटनाओं के बाद भी कर चुका है लेकिन किसी ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। दरअसल भारत के प्रति द्वेष से पाकिस्तान के कर्ता-धर्ता कश्मीर को मुद्दा बनाकर जीवित रखना और इसकी आड़ में पूरे भारत को अशांत बनाने की साजिशें रचते रहे हैं और दिखाते यह है कि गलती यहां की सरकार की है। ऐसे में सीसीएस के फैसले पाकिस्तान को उसकी औकात में लाने की दिशा में लाने का निर्णायक कदम है। आतंकियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अब अतिरिक्त मुस्तैदी बरतते हुए कश्मीर के उन स्थानों को भी सिक्योरिटी कवर देना होगा जहां बड़ी तादाद में सैलानी जुटते हैं। पहलगाम नरसंहार से उपजा खौफ मिटाने के लिए यह जरूरी है क्योंकि सेना की वर्दी में वारदात करके आतंकियों ने देश की सबसे विश्वसनीय और प्रतिबद्ध सेवा के प्रति लोगों में अविश्वास पैदा करने की कोशिश की है। अन्य स्थानों पर भी ऐसी ही कोशिशें हो सकती हैं। हालांकि यहां कश्मीरियों की खास तौर पर तारीफ करनी होगी जो आतंकियों और पाक के खिलाफ खुल कर सामने आ गए हैं।

## समाधान हो

यूपी में प्राथमिक शिक्षा की वर्षों से चली आ रही अव्यवस्था सुधार के लिए विभाग द्वारा समय-समय पर नियम बनते हैं, घोषणाएं होती हैं फिर भी इसका समुचित संचालन नहीं हो पा रहा है। नतीजन इन स्कूलों में बच्चों की संख्या घट रही है और प्राथमिक शिक्षक असंतुष्ट हैं। अव्यवस्थाओं का आलम यह है कि लखनऊ के 1618 प्राइमरी स्कूलों में सात हजार से अधिक शिक्षकों और पौने दो लाख बच्चों का पंजीकरण है लेकिन नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के सौ स्कूलों में एक-एक शिक्षक है। नगर के सात स्कूलों में शिक्षक ही नहीं हैं तो कहीं एक-एक शिक्षक दो-दो स्कूलों का जिम्मा संभाल रहे हैं। विगत 31 मार्च को प्राइमरी व जूनियर स्कूलों के पैंसठ शिक्षक रिटायर हो गए। शिक्षा व्यवस्था में शिक्षक सबसे अहम कड़ी होते हैं। प्राथमिक स्कूलों में उनकी भूमिका और महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि बच्चों के भावी जीवन को गढ़ने, उसे दिशा देने की प्रक्रिया भी शुरू होती है। इसी स्तर पर विसंगतियां हों तो सारी व्यवस्था ही छिन्न भिन्न हो जाएगी। अव्यवस्था के कारण ही प्राथमिक शिक्षकों पर काम का बोझ बढ़ता जाता है। साथ ही कभी जनगणना तो कभी सर्वे का काम भी उन्हें सौंप दिया जाता है। यह स्थिति उनके भीतर तनाव बढ़ा देती है। इन शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया भी व्यावहारिक न होने से इसके लाभ से वे वंचित रहते हैं। कई शिक्षकों के निवास उनके स्कूल से सौ-दो सौ किमी दूर हैं जिससे ड्यूटी पर आने-जाने के दौरान वे दुर्घटना के शिकार भी हो जाते हैं लेकिन उन्हें मेडिकल रीइम्बर्समेंट का लाभ नहीं मिलता जबकि अन्य सेवाओं के राज्यकर्मियों के लिए ये सुविधा है। चूंकि उनका ज्यादातर समय इन्हीं समस्याओं से जूझने में बीतता है तो शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। ऐसे में जरूरी है कि विभाग इन समस्याओं को गंभीरता से लेकर इनका हल निकाले।

## काँव-काँव

♦♦♦

**तहव्वुर राणा को परिवार से न मिलाया जाए : एनआईए**
खुराफाती दिमाग है, कोई और साजिश न रच दे!

**पाकिस्तान पर जल प्रहार की तैयारी**
तब शायद टेढ़ी दुम सीधी हो जाए!

**कश्मीरी छात्र घरों से निकलने से परहेज करें**
यही है करे कोई भरे कोई!

**लद्दाख सैलानियों के लिए सुरक्षित**
फिलहाल तो दहशत बनी ही रहेगी!

**पत्नी की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर खुदकुशी की**
महिलाएं ऐसे भी सशक्त हो रही हैं!

**चीन के साथ कर सकते हैं टैरिफ समझौता : ट्रंप**
लगता है आला मालिक कुछ तय नहीं कर पा रहे!

♦♦♦

# आतंकवाद से संगठित लड़ाई हो


पहलगाम में आतंकी हमले ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान के हाकिमों को कटघरे में खड़ा कर दिया है. विश्वभर के नेता इस आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की अपनी यात्रा छोटी कर वापस देश लौटे और रक्षा मामलों की काबीना कमेटी की बैठक की. इससे पहले भारत और सऊदी अरब ने एक संयुक्त बयान में हमले में निर्दोष नागरिकों के मारे जाने पर दुख जताया. दोनों पक्षों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की। पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पाकिस्तान की शह पर भारत में आतंक फैलाने वाले आतंकी कभी भी, कहीं भी हमले को अंजाम दे सकते हैं. पूरे देश में इस हमले को लेकर आक्रोश है।

**- तहसीन मुनव्वर**

पहलगाम में आतंकी हमले ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान के हाकिमों को कटघरे में खड़ा कर दिया है. विश्वभर के नेता इस आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की अपनी यात्रा छोटी कर वापस देश लौटे और रक्षा मामलों की काबीना कमेटी की बैठक की. इससे पहले भारत और सऊदी अरब ने एक संयुक्त बयान में हमले में निर्दोष नागरिकों के मारे जाने पर दुख जताया. दोनों पक्षों ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की। पहलगाम आतंकी हमले ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि पाकिस्तान की शह पर भारत में आतंक फैलाने वाले आतंकी कभी भी, कहीं भी हमले को अंजाम दे सकते हैं. पूरे देश में इस हमले को लेकर आक्रोश है। आखिर ऐसी क्या वजह थी कि आतंकी इतने हताश हो गये कि उन्होंने पर्यटक जैसे सॉफ्ट टारगेट को चुना जो कश्मीर की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा हैं. आतंकवाद के हिंसक दौर में भी कश्मीरी आतंकियों ने एक प्रकार से पर्यटन को छे?ने की कोशिश नहीं की, क्योंकि वे जानते थे कि यदि ऐसा करेंगे तो उन्हें कश्मीरियों का आक्रोश झेलना पड़ जायेगा. पहलगाम की घटना के बाद जिस प्रकार मस्जिदों से आतंकवाद के विरुद्ध एलान हुए हैं, सड़कों पर लोग आये हैं, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने पूरे देश से माफी मांगी है कि हम अपने मेहमानों की रक्षा नहीं कर पाये, उससे यह बात साबित हो रही है कि यह आतंकवादी घटना पाकिस्तान की शह पर वहीं के आतंकियों ने की होगी, जो कश्मीरियों की रीढ़ तोड़ना चाहते हैं। पिछले कई महीने से दिल्ली से सीधे कश्मीर तक रेलगाड़ी के जल्द शुभारंभ का समाचार आने से कश्मीर पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों में खुशी की लहर थी. जबकि यही खबर सरहद पार की शह पर कश्मीर में आतंकवाद को हवा देने वाली शक्तियों के हाथ-पांव फुलाने में लगी थी. जब से कश्मीर में चुनाव के बाद लोकतांत्रिक सरकार बनी है, सरहद पार की साजिशें धूल चाटने लगी थीं. सरहद पार बलूचिस्तान में जिस प्रकार वहां की सरकार को घुटने टेकने पर मजबूर किया गया है, उससे भी हमारा पड़ोसी अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने के लिए लगातार नापाक साजिशों में लगा हुआ था. उसे लगा कि यदि कश्मीर तक रेलगाड़ी पहुंच गयी, तो कश्मीर के अवाम के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन आ जायेगा और उसके आतंकी चेले-चाटे सब अपने-अपने बिलों में घुसने को मजबूर हो जायेंगे. लगातार कश्मीर में नाकाम होने के बाद आतंक के आकाओं ने निहत्थों, मासूमों को निशाना बनाने का अपना वही कायराना रास्ता चुना. पहलगाम आतंकी हमले की हर ओर से कड़ी निंदा हुई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, मीरवाइज उमर फारूक समेत कश्मीर के बुद्धिजीवी अवाम और विशेष रूप से पर्यटन पर निर्भर लोगों ने हमले की कड़ी निंदा की है. गृह मंत्री अमित शाह ने कश्मीर का दौरा किया तथा कड़े शब्दों में आतंकियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने की बात कही है. पर्यटन उद्योग से जुड़े एक कश्मीरी का कहना था कि हमारी तो रोजी-रोटी इस हमले ने छीन ली है. खबर है कि कश्मीर को लेकर पर्यटक लगातार अपनी बुकिंग कैंसिल कर रहे हैं, जिससे स्थानीय कश्मीरी की माली हालत खराब होती दिखाई दे रही है. ज्ञात हो कि कुछ सप्ताह बाद ही अमरनाथ यात्रा शुरू होने वाली है. आतंकी हमले ने अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी कई सवाल खड़े कर दिये हैं. एक और सवाल है कि आतंकियों ने आखिर वही समय क्यों चुना जब अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत में अपने परिवार के साथ मौजूद थे. क्या आतंकी और उनके आका अमेरिका को खुला चैलेंज देना चाहते हैं? यह भी ध्यान देने वाली बात है कि आतंकी हमला उस समय हुआ है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के दौरे पर सऊदी अरब में थे. ऐसा लगता है कि आतंकियों को सरहद पार से हर हाल में अपनी आतंकी कार्रवाई को अंजाम देने का हुक्म आया होगा. सवाल यह भी है कि पहलगाम जैसे पर्यटन स्थल की सुरक्षा को लेकर कहां चूक हुई है, उसे देखना होगा? इस हमले में कश्मीर के स्थानीय आतंकियों का भी पूरा साथ मिला होगा. सरकार को इस हमले के जिम्मेदारों को हर हाल में उनके अंजाम तक पहुंचाना होगा. मैंने कश्मीर में 90 के दशक के आतंकवाद का रूप देखा है. कश्मीरी अब आतंकवाद के काले और खूनी दौर को भूलना चाहते हैं, परंतु सरहद पार के आका कश्मीरियों के दुश्मन बने हुए हैं. वे चाहते ही नहीं कि कश्मीर के लोग अमन-शांति के साथ अपना जीवन व्यतीत करें. सरकार को आतंक के असल जिहादियों को पकड़ कश्मीर के आगे बढ़ते सफर को जारी रखना होगा, ताकि कश्मीर के विकास में कोई रोड़ा न अटका सके. इस हमले का मुकाबला हम सबको मिलकर करना होगा।



## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

मोहसिन-हां उछल-कूद नहीं सकती; लेकिन उस दिन मेरी गाय खुल गयी थी और चौधरी के खेत में जा पड़ी थी, तो अम्मां इतनी तेज दौड़ों कि मैं उन्हें न पा सका, सच ?

आगे चले। हलवाइयों की दुकानें शुरू हुईं। आज खूब सजी हुई थीं। इतनी मिठाइयां कौन खाता है। देखो न, एक-एक दुकान पर मनों होंगी। सुना है, रात को जिन्नात आकर खरीद ले जाते हैं। अब्बा कहते थे कि आधी रात को एक आदमी हर दुकान पर जाता है और जितना माल बचा होता है, वह तुलवा लेता है और सचमुच के रुपये देता है, बिलकुल ऐसे ही रुपये हामिद को यकीन न आया-ऐसे रुपये जिन्नात को कहां से मिल जायेंगे?

मोहसिन ने कहा-जिन्नात को रुपये की क्या कमी? जिस खजाने में चाहें चले जायें। लोहे के दरवाजे तक उन्हें नहीं रोक सकते जनाव, आप हैं किस फेर में। हीरे-जवाहरात तक उनके पास रहते हैं, जिससे खुश हो गये, उसे टोकरें जवाहरात दे दिये। अभी यहीं बैठे हैं, पांच मिनट में कहो कलकत्ता पहुंच जायें।हामिद ने फिर पूछा-जिन्नात बहुत बड़े-बड़े होते होंगे ? मोहसिन-एक-एक आसमान के बराबर होता है जी! जमीन पर खड़ा हो जाय तो उसका सिर आसमान से जा लगे, मगर चाहें तो एक लोटे में घुस जायें।

हामिद-लोग उन्हें कैसे खुश करते होंगे? कोई मुझे वह मन्तर बता दे, तो एक जिन्न को खुश कर लूं।

मोहसिन-अब यह तो मैं नहीं जानता, लेकिन चौधरी साहब के काबू में त से जिन्नात हैं। कोई चीज चोरी जाय, चौधरी साहब उसका पता लगा देंगे बहुत और चोर का नाम भी बता देंगे। जुमराती का बछवा उस दिन खो गया था। तीस दिन हैरान हुए, कहीं न मिला। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**कवयः किं न कुर्वन्ति योषितः।**
**मद्यपाः किं न खादन्ति वायसाः।।**

जिस प्रकार कवि कुछ भी देख लेने में सक्षम होते हैं, वे उस रहस्य को भी देख लेते हैं, जिसे अन्य व्यक्ति नहीं देख पाते,उसी प्रकार स्त्रियां भी क्यय नहीं कर सकतीं? मदिरा के नशे में डूबा हुआ व्यक्ति कुछ भी अनाप-शनाप बक सकता है कौए भक्ष्य-अभक्ष्य का विचार किये बिना कुछ भी खा लेते हैं।

♦♦♦

# खिलाड़ी ही संभालें खेल संघों की बागडोर

अर्जुन पुरस्कार विजेता दो राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों पूजा और प्रियंका की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने देश में खेल संघों की स्थिति पर हाल ही में जो कड़ी टिप्पणी की, वह बहुत महत्वपूर्ण है. याचिकाकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी संघ से मान्यता रखने वाले एकेएफआइ को उन्हें एशियाई कबड्डी में भेजने का निर्देश देने का अनुरोध किया था. इससे पहले न्यायालय ने केंद्र को खेल संघों, विशेषकर भारतीय कबड्डी संघ की मान्यता को लेकर विवाद के समाधान के लिए कूटनीतिक रास्ते तलाशने का निर्देश दिया, जिसमें कहा गया है कि सीबीआइ के निदेशक खेल संघ के मामलों में इंटरपोल जैसी अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसियों की सहायता से प्रभावी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक जांच तंत्र का सुझाव देंगे।

**- सतेंद्र पाल सिंह**

अर्जुन पुरस्कार विजेता दो राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों पूजा और प्रियंका की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने देश में खेल संघों की स्थिति पर हाल ही में जो कड़ी टिप्पणी की, वह बहुत महत्वपूर्ण है. याचिकाकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी संघ से मान्यता रखने वाले एकेएफआइ को उन्हें एशियाई कबड्डी में भेजने का निर्देश देने का अनुरोध किया था. इससे पहले न्यायालय ने केंद्र को खेल संघों, विशेषकर भारतीय कबड्डी संघ की मान्यता को लेकर विवाद के समाधान के लिए कूटनीतिक रास्ते तलाशने का निर्देश दिया, जिसमें कहा गया है कि सीबीआइ के निदेशक खेल संघ के मामलों में इंटरपोल जैसी अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसियों की सहायता से प्रभावी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय जांच के लिए एक जांच तंत्र का सुझाव देंगे. शीर्ष अदालत ने यह भी जानना चाहा कि कबड्डी खिलाड़ियों और अन्य खिलाड़ियों को ईरान में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति देने के लिए क्या उपाय किये गये हैं. इंटरनेशनल कबड्डी फडरेशन ने पिछले वर्ष जुलाई में एकेएफआइ की मान्यता रद्द कर दी थी, जिससे कबड्डी टीमों को कई वैश्विक आयोजनों में भाग लेने से रोक दिया गया था. अदालत ने कहा कि हम कबड्डी संघों के मामलों की गहन जांच के लिए जांच आयोग गठित करने के पक्ष में हैं, क्योंकि इन निकायों में खेल गतिविधियों के अलावा कई तरह की चीजें हो रही हैं. इसके बाद हम जांच आयोग का दायरा अन्य खेल संघों तक बढ़ाने की इच्छा रखते हैं. केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता केएम नटराज ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि बेंच के चार फरवरी के आदेश के मुताबिक खिलाड़ियों को ईरान में होने वाले टूर्नामेंट में भाग लेने भेजा गया था, जहां उन्होंने स्वर्ण जीता. नटराज ने बताया कि जहां तक सीबीआइ जांच की बात है, तो इसकी रुपरेखा तैयार की जा रही है. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि खेल संघों में खेल को छोड़कर बाकी सभी तरह की चीजें हो रही हैं. शीर्ष अदालत ने यह चेतावनी तक दे डाली कि अगर जरूरत पड़ी, तो वह सभी खेल संघों को भंग कर देगी. शीर्ष अदालत ने खेल संघों के कामकाज और जरूरी जांच पर सुझाव देने के लिए पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों की अर्जियों को स्वीकार कर लिया है और सुनवाई चार हफ्ते बाद तय कर दी. गौरतलब है कि इससे पहले भी सर्वोच्च न्यायालय खेल संघों को बीमार संस्थाएं बता चुका है. एक आंकड़ा बताता है कि पिछले दशक में देश की अदालतों में खेल संबंधी लगभग 770 मामले दर्ज किये गये, जिनमें से 200 से अधिक मुकदमे शासन से संबंधित थे. वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआइ में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के आरोपों के बाद सुधारों की सिफारिश के लिए लोढ़ा कमेटी की नियुक्ति की थी. एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने 2023-24 के वित्तीय वर्ष में 20.5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा कमाये. वहीं 2025-26 के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय के लिए कुल बजट आवंटन, जिसमें राष्ट्रीय खेल संघों (एनएफएस) के लिए मदद भी शामिल है, मात्र 3,794.30 करोड़ रुपये था. बीसीसीआइ को छोड़ हॉकी इंडिया, एआइएफएफ व भारतीय बैडमिंटन संघ को ही प्रसारण से कुछ आमदनी हो पाती है. भारत की पूर्व अंतरराष्ट्रीय धाविका पीटी उषा भारतीय ओलंपिक संघ (आइओए) की अध्यक्ष हैं. उषा आइओए की अध्यक्ष बनने वाली पहली महिला ओलिंपियन हैं. विभिन्न राष्ट्रीय खेल संघों में कथित वित्तीय अनियमितताओं के चलते आइओए को नियमित रूप से अदालती जांच और अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से निलंबन के जोखिम का सामना करना पड़ा था. हॉकी इंडिया के अध्यक्ष चार बार के हॉकी ओलिंपियन दिलीप टिर्की और पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल गोलरक्षक कल्याण चौबे अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआइएफएफ) के अध्यक्ष व खिलाड़ी होने के साथ राजनीतिक पृष्ठभूमि के भी हैं. एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन शॉटपुटर बहादुर सिंह सागू भारतीय एथलेटिक्स संघ (एएफआइ) के नये अध्यक्ष हैं. जबकि असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वा सरमा भारतीय बैडमिटन संघ (बीएआइ) के मौजूदा अध्यक्ष हैं.सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि जब खिलाड़ी जिम्मेदारी संभालते हैं, तब खेल संघों में सुधार होता है, न कि राजनीतिक या नौकरशाही द्वारा नियुक्त व्यक्ति से. यह टिप्पणी साफ तौर पर संकेत देती है कि सुप्रीम कोर्ट चाहता है कि खिलाड़ी ही खेल संघों की बागडोर संभालें और राजनेता तथा नौकरशाह खेल संघों से दूर रहें. देखना है कि सुप्रीम कोर्ट की खेल संघों पर 'सुप्रीम' टिप्पणी कितनी कारगर होगी? इस पर कितना अमल होगा? देश के विभिन्न खेल संघों के शीर्ष अधिकारियों पर नजर डालें, तो पायेंगे कि इन पर राजनेता और नौकरशाह काबिज हैं. सो राजनेताओं से राजनैतिक द्वेष के चलते भी अदालतों में मुकदमे दायर होते हैं. ऐसे में शीर्ष अदालत को यह बात भी जेहन में रखनी होगी कि इस तरह की शिकायतों में कितनी सच्चाई है।



## प्रेरक प्रसंग

### सनातन सत्य

एक राजा था। उसे अपने सौंदर्य पर, अपने ऐश्वर्य पर और अपने राजपाट पर बड़ा गर्व था। वह हर घड़ी अभिमान के नशे में चूर रहता था। दूर-दूर तक लोग जानते थे कि उसके बराबर घमंडी राजा और कोई नहीं है। वह सबको अपने से छोटा और हेय मानता था। एक दिन एक साधु राजा के दरबार में आया। बड़े दर्प से राजा ने पूछा, तुम्हे क्या चाहिए। साधु को पता था कि वह राजा बड़ा अभिमानी है।

उसने मुस्कराते हुए कहा, तेरे पास है क्या, जो मुझे देगा! साधु के ये शब्द सुनते ही राजा आग बबूला हो गया। इस साधु की इतनी मजाल कि उसके वैभव को, उसी के मुंह पर, इस प्रकार चुनौती दे! भरे दरबार में उसका अपमान करे! पर साधु के चेहरे पर इतना तेज था कि राजा अपने क्रोध को प्रकट नहीं कर सका। साधु ने राजा की भाव-भंगिमा को देखा, पर तनिक भी विचलित नहीं हुआ। अत्यन्त धीर-गंभीर वाणी में बोला, मैंने जो कहा है, वह ठीक ही कहा है। जरा ठण्डे दिमाग से सोच। देख, तुझे जो सौंदर्य मिला है, वह तेरा नहीं है, तेरे माता-पिता का दिया हुआ है। क्यों, है न? राजा एक साथ इसका उत्तर नहीं दे सका। साधु ने आगे कहा, तेरे भण्डार धान्य से परिपूर्ण हैं।

पर वे तेरे कहां हैं? वे तो तुझे धरती माता ने दिये हैं। क्यों है न? राजा चुप। साधु ने फिर कहा, जिसे तू अपना राजपाट कहता है, वह भी तेरा कहां है? वह तो तुझे प्रजा ने दिया है। तेरे शरीर में जो प्राण हैं, उनका भी नियंता और कोई है, तू नहीं। ओ पगले, याद रख। अपना वह होता है, जो अपने साथ जाता है। इस दुनिया में न कोई साथ आया है, न कोई साथ जायगा। इतना कहकर साधु वहां से चला गया और राजा की जीवन-धारा बदल गया।

## आपका पत्र मिला

### कश्मीर का लहूलुहान स्वर्ग


धार्मिक कट्टरता पर खड़ा विश्व आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछकर किया गया नरसंहार हृदयविदारक है। ये घटनाएं इंसानियत को शर्मसार करती है एवं मानवता के खिलाफ अपराध हैं, जो सामाजिक सौहार्द को नष्ट करती हैं। भारत की धरती का स्वर्ग कहलाने वाली खूबसूरत और शांतिप्रिय कश्मीर घाटी आज लहू से रंगा आंसू बहा रही है। कश्मीर हमेशा देश-विदेश के पर्यटकों की पंसदीदा जगह है। इसकी सुंदरता, खूबसूरत घाटियां और स्वच्छ ठंडी हवा लोगों को आकर्षित करती है। हर साल लाखों पर्यटक जम्मू-कश्मीर खूबसूरत वादियों का आनंद लेने आते हैं। गर्मियों में पर्यटकों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में इसकी कठोर सुरक्षा व्यवस्था बहुत मायने रखती है। आतंकवादी क्रूरता का शिकार अनंतनाग जिले का पहलगाम जंगलों से घिरा है। हर साल, सबसे ज्यादा सैलानी यहीं आते है, लेकिन यहां सुरक्षा व्यवस्था तैनात नहीं। ऐसा क्यों? जब सारी दुनिया भी जानती है कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से आतंकवादियों के निशाने पर रहा हैं, ऐसे में देश-विदेश से आए पर्यटकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी है? सवाल ये भी उठता है, की देश की सीमा पार कर आतंकवादी आए कैसे? राजनीति की जो आग होती है न, उसमे हमेशा से झुलसती आम जनता ही है। मणिपुर की हिंसा हो या बंगाल की या कश्मीर के आतंकी हमले, बलि चढ़ती है निर्दोष जनता। ऐसी हिंसा की घटनाओं में, जिन्होंने अपने परिवार खोए, अपने पति, पिता या बच्चे को खोया, इसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता है। हिंसा होती है, तब मुद्दा उछलता है, तो जोर-शोर से न्याय की माँग उठती है, लेकिन कुछ दिनों बाद ये आवाज़ें शांत हो जाती हैं। फिर भी कोई ठोस समाधान नहीं निकाला जाता, जिसके कारण ऐसी घटनाएँ बार-बार होती रहती हैं। प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की सुरक्षा को मजबूत किया जाए। देश को अब सहानुभूति नहीं, बल्कि समाधान चाहिए।

**अम्बिका कुशवाहा 'अम्बी'**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
***E-mail : swatantrabharat77@gmail.com***

# दिमाग की ताकत बढ़ाने में कारगर हो सकती है ये औषधि





भारत में आयुर्वेदिक चिकित्सा का समृद्ध इतिहास रहा है। सदियों से कई प्रकार की जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल तमाम प्रकार की बीमारियों के इलाज के रूप में किया जाता रहा है। समय के साथ मेडिकल साइंस ने भी कई औषधियों के प्रभावी गुणों की पुष्टि की है।

हाल ही में हुए शोध में विशेषज्ञों की टीम ने अश्वगंधा और इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभ की पुष्टि की है। अश्वगंधा एक बहुत ही प्रभावी औषधि है, जिसका उपयोग वर्षों से शारीरिक शक्ति, ऊर्जा को बढ़ाने, दर्द कम करने और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार करने के लिए किया जाता रहा है।

शोध में विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि अगर चिकित्सक की सलाह पर अश्वगंधा का इस्तेमाल किया जाए तो ये मस्तिष्क स्वास्थ्य को सुधारने, याददाश्त को ठीक करने और ब्रेन की कार्यक्षमता को बेहतर बनाने में लाभकारी हो सकता है।

**अश्वगंधा ब्रेन हेल्थ के लिए फायदेमंद**

अश्वगंधा एक जड़ी-बूटी है जिसका इस्तेमाल आम तौर पर आयुर्वेदिक दवा के रूप में किया जाता है। जर्नल न्यूट्रिएंट्स म` प्रकाशित हालिया अध्ययन से पता चला है कि अश्वगंधा सप्लीमेंट्स दिमाग की शक्ति को बढ़ा सकते हैं। खास बात यह है कि दावा किया जा रहा है कि सप्लीमेंट लेने के एक घंटे बाद ही इसके लाभ दिख सकते हैं। शोधकर्ताओं ने 59 स्वस्थ युवा वयस्कों के दो समूहों पर यह प्रयोग किया, जिनकी औसत आयु 23 वर्ष थी। एक महीने के दौरान, उन्हें प्रतिदिन अश्वगंधा की 225 मिलीग्राम खुराक दी गई, जबकि दूसरे समूह ने प्लेसबो दिया गया। प्रतिभागियों को यह नहीं पता था कि वे कौन सा सप्लीमेंट ले रहे हैं, अश्वगंधा या प्लेसबो।

**अध्ययन में क्या पता चला?**

अध्ययन के निष्कर्ष में विशेषज्ञों ने बताया कि जिस समूह ने अश्वगंधा का सेवन किया उनके मस्तिष्क की कार्यक्षमता में काफी बेहतर सुधार था। शोधकर्ताओं ने कहा, भले ही इस अध्ययन का सैंपल साइज छोटा है लेकिन इसके परिणाम आशाजनक हैं। खासकर हम इस बात को लेकर काफी उत्साह हैं कि शुरुआती खुराक के तुरंत बाद तनाव और थकान से लोगों को राहत महसूस होने लगी। यह तनाव प्रबंधन के लिए भविष्य के उपचारों के लिए रास्ता खोलती है, खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें तत्काल राहत की आवश्यकता होती है।

**अश्वगंधा के और भी कई लाभ**

इससे पहले के अध्ययनों में भी अश्वगंधा के सेवन को कई प्रकार से लाभकारी पाया गया था।

अश्वगंधा के संभावित लाभों में एथलेटिक प्रदर्शन और नींद में सुधार के परिणाम मिलते हैं। कुछ शोध बताते हैं कि यह जड़ी-बूटी स्ट्रेस और बांझपन जैसी स्थितियों से पीड़ित लोगों की भी मदद कर सकती है, लेकिन इस पर और अधिक गहन अध्ययन की आवश्यकता है। कुछ शोध डायबिटीज-ब्लड प्रेशर को कम करने में भी इसे प्रभावी मानते हैं।

पहले के कुछ अध्ययनों में भी अश्वगंधा को स्ट्रेस और एंग्जाइटी को कम करने वाला पाया गया था। इसे एडाप्टोजेन के रूप में वर्गीकृत किया गया है, एक ऐसा पदार्थ जो शरीर को तनाव से निपटने में मदद करता है। इस नए शोध ने इन दावों को और भी पुष्ट कर दिया है। हालांकि किसी भी औषधि का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए, कुछ स्थितियों में इसके दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं।

# कैल्शियम की कमी हड्डियों को बना देती है खोखला, करें ये उपाय




शरीर को फिट रखने के लिए हड्डियों का मजबूत होना बहुत आवश्यक माना जाता है। हालांकि लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी के कारण कम उम्र में ही हड्डियों से संबंधित समस्याओं का जोखिम तेजी से बढ़ता देखा जा रहा है, कैल्शियम की कमी को इसका एक कारण माना जा सकता है। भारत में कैल्शियम की कमी एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता है, अध्ययनों से पता चलता है कि विभिन्न आयु समूहों में लो कैल्शियम की दिक्कत देखी जाती रही है। अध्ययन में पाया गया कि भारत में शहरी क्षेत्र में स्कूल जाने वाले 59.9त्न बच्चों और किशोरों में कैल्शियम की कमी हो सकती है। कैल्शियम हड्डियों, दांतों, मांसपेशियों, नसों और हृदय के सामान्य कामकाज के लिए बहुत जरूरी खनिज है।



**क्यों होती है कैल्शियम की कमी**

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोगों को नियमित रूप से आहार में कैल्शियम युक्त चीजों को शामिल करने की सलाह दी जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कैल्शियम हड्डियों-दांतों से संबंधित लाभ के अलावा हृदय की लय और मांसपेशियों के संकुचन को भी नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण है। क्या आप अपने आहार के माध्यम से इस पोषक तत्व की पूर्ति कर पा रहे हैं? शरीर में अपर्याप्त कैल्शियम हाइपोकैल्सीमिया नामक स्थिति का कारण बन सकती है। इस समस्या में भ्रम, मांसपेशियों में ऐंठन, हाथ-पैर में सुन्नता और हड्डियों के फ्रैक्चर होने का खतरा अधिक होता है। कैल्शियम की कमी हड्डियों की ताकत को कम कर सकती है और ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बन सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, उम्र के साथ शरीर में कैल्शियम का अवशोषण घट जाता है, यही कारण है कि 50 की आयु के बाद वाले लोगों में इसकी महत्वपूर्ण कमी देखी जाती है। इसके अलावा महिलाओं में विशेषकर रजोनिवृत्ति के बाद, एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी से हड्डियां कमजोर होती हैं। आहार में डेयरी उत्पादों की कमी या किडनी-लिवर की बीमारी वाले लोग भी कैल्शियम की कमी से परेशान देखे जाते हैं। कुछ बातों का ध्यान रखकर आप शरीर में कैल्शियम की पूर्ति कर सकते हैं।

**कैल्शियम के लिए इस बात का भी रखें ध्यान**


शरीर में कैल्शियम की पूर्ति के लिए विटामिन-डी वाले आहार की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। असल में कैल्शियम को अवशोषित करने के लिए शरीर को विटामिन डी की आवश्यकता होती है। कैल्शियम हड्डियों के निर्माण और इसकी मजबूती को बनाए रखने में मदद करता है, जबकि विटामिन-डी आपके शरीर को कैल्शियम को प्रभावी ढंग से अवशोषित करने में मदद करता है। इसलिए भले ही आप पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम ले रहे हों, लेकिन विटामिन डी की कमी होने पर यह बेकार हो सकता है।

**कैल्शियम के लिए क्या खाएं?**

सभी मेवों में से बादाम में सबसे अधिक कैल्शियम होता है। केवल 28 ग्राम बादाम से आप कैल्शियम की दैनिक जरूरतों के 6त्न की पूर्ति कर सकते हैं। हड्डियों को स्वस्थ रखने के साथ दिमाग के लिए भी बादाम लाभकारी है।

दूध, दही और पनीर जैसे उत्पाद कैल्शियम से भरपूर होते हैं और इसके सेवन से शरीर को पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम प्राप्त हो सकता है।

बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को रोजाना दूध का सेवन जरूर करना चाहिए। दूध से न सिर्फ कैल्शियम मिलता है साथ ही यह पूर्ण आहार भी माना जाता है। रोजाना दूध के साथ बादाम खाने से हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत रखने में विशेष लाभ मिल सकता है। हरी पत्तेदार सब्जियां सिर्फ आयरन ही नहीं कैल्शियम का भी बेहतर स्रोत हैं। गोभी, पालक और कोलार्ड कैल्शियम के अच्छे स्रोत हैं।



# ईसीजी टेस्ट क्या है, क्यों होती है इसकी जरूरत?

दुनियाभर में जिस तरह से कई प्रकार की बीमारियां बढ़ती जा रही हैं, स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हैं। लाइफस्टाइल और आहार में सुधार के साथ नियमित रूप से हेल्थ चेकअप के माध्यम से आप कई बीमारियों से बचाव कर सकते हैं। हेल्थ चेकअप के जरिए ये जाना जा सकता है कि कहीं शरीर में कोई बीमारी तो नहीं बढ़ रही है? ईसीजी या इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम टेस्ट हृदय की समस्याओं का पता लगाने में मदद करती है। ये एक डायग्नोस्टिक प्रक्रिया है, जिसका उपयोग दिल की विद्युत गतिविधियों को पता करने के लिए किया जाता है। ये संकेत दिल की धड़कन और रिदम की जानकारी देते हैं, जिसकी मदद से डॉक्टर पता करते हैं कि आपके दिल में सबकुछ ठीक है या नहीं?

**ईसीजी टेस्ट की जरूरत क्यों होती है?**


जब हमारा दिल धड़कता है तो इससे छोटे-छोटे इलेक्ट्रिकल सिग्नल उत्पन्न होते हैं जो मांसपेशियों को संकुचित करने का निर्देश देते हैं। ईसीजी मशीन इन सिग्नलों को रिकॉर्ड करके एक ग्राफ के रूप में दिखाती है। ईसीजी, डॉक्टर की सलाह पर कराया जाने वाला टेस्ट है। सीने में दर्द या जकड़न, धड़कनों के तेज या अनियमित होने, सांस लेने में तकलीफ, बेहोशी या चक्कर आने और अत्यधिक थकान महसूस होने जैसी स्थितियों के कारण का पता लगाने के लिए डॉक्टर ईसीजी टेस्ट कराने की सलाह दे सकते हैं।

**हृदय रोगों का पता लगाने में मिलती है मदद**

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के अनुसार, ईसीजी शुरुआती चरण में हृदय की समस्याओं को पकड़ने में अत्यंत उपयोगी टेस्ट है। द लैंसेट में (2020) में प्रकाशित के एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया गया कि ईसीजी की समय पर जांच से 30त्न तक हृदय रोग से मृत्यु के खतरे को कम किया जा सकता है। इसी तरह यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी की गाइडलाइन के अनुसार, ईसीजी अधिक जोखिम वाले हृदय रोगियों के लिए शुरुआती जांच में अनिवार्य है।

# क्या होता है कॉर्टिसोल हार्मोन, कैसे काम करता है





शरीर को ठीक तरीके से काम करते रहने के लिए संतुलन की विशेष भूमिका होती है। संतुलन आहार का हो या हार्मोन्स का, दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। हार्मोन्स हमारे शरीर के कैमिकल होते हैं जो मैसेंजर (संदेशवाहक) की तरह से काम करते हैं। शारीरिक वृद्धि और विकास, मेटाबॉलिज्म, पाचन, बीमारियों से कैसे लड़ना है, आपको खुश रखना है या दुखी, इन सबमें हार्मोन्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कोर्टिसोल ऐसा ही एक हार्मोन है जिसके बारे में हम इस लेख में बात करेंगे। कॉर्टिसोल एक स्टेरॉयड हार्मोन है जिसे आपकी एड्रेनल ग्रंथियां बनाती हैं। मुख्यरूप से इसे स्ट्रेस हार्मोन के तौर पर जाना जाता है जो तनाव की स्थिति में आपके शरीर की प्रतिक्रिया को नियंत्रित करने में मदद करता है।

कॉर्टिसोल के कार्य बस यहीं तक सीमित नहीं हैं, इसकी हमारे शरीर में और भी कई प्रकार की भूमिकाएं होती हैं।

**कोर्टिसोल कैसे काम करता है?**

कोर्टिसोल आपके शरीर की तनाव प्रतिक्रिया को प्रबंधित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अगर आप थोड़े समय के लिए भी तनाव ग्रस्त हैं तो भी शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ सकता है। स्ट्रेस के समय, आपका शरीर कोर्टिसोल रिलीज करता है ताकि आप हाई अलर्ट पर रहें। एमिग्डाला, मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो भय और भावनात्मक उत्तेजनाओं जैसी भावनाओं को नियंत्रित करता है। तनावपूर्ण स्थिति के दौरान ये ब्रेन के एक हिस्से हाइपोथैलेमस को तनाव का सं के त भे ज ता ... है। बदले में, हाइपोथैलेमस पिट्यूटरी-एड्रेनल ग्रंथि को कोर्टिसोल का उत्पादन करने का संकेत देता है।

**कोर्टिसोल बढ़ने पर क्या दिक्कतें होती हैं?**

कोर्टिसोल का सामान्य स्तर तो ठीक है लेकिन जब इसका स्तर बहुत बढ़ जाता है तो इससे कई प्रकार की दिक्कतें हो सकती हैं। उच्च कोर्टिसोल के कारण वजन बढ़ने, रक्तचाप और डायबिटीज, पेट पर चौड़े-बैंगनी रंग के निशान और ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा रहता है। बढ़े हुए हार्मोन के स्तर के कारण लिवर और मांसपेशियों सहित कई अन्य हिस्सों पर असर हो सकता है।

**कोर्टिसोल के स्तर को कैसे कम करें?**

अगर आपका कोर्टिसोल लेवल अक्सर बढ़ा हुआ रहता है तो इस बारे में डॉक्टर की सलाह लें। दिनचर्या में कुछ प्रकार के बदलाव करके कोर्टिसोल को नियंत्रित किया जा सकता है। अनिद्रा या रात की शिफ्ट में काम करने वालों में कोर्टिसोल के स्तर बढ़ सकता है। इसलिए रात में अच्छी नींद लें। नियमित शारीरिक गतिविधि से नींद की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और तनाव को कम करने में मदद मिलती है। सांस लेने वाले अभ्यास, मेडिटेशन की मदद से कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। हंसने और खुश रहते से एंडोर्फिन हार्मोन का स्राव बढ़ता है और कोर्टिसोल कम होता है। इसलिए मजेदार गतिविधियों में हिस्सा लें।

# हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं है गुनगुना पानी!



गुनगुना पानी पीना सेहत के लिए आमतौर पर फायदेमंद माना जाता है। यह पाचन को सुधारता है, वजन घटाने में मदद करता है, और शरीर को डिटॉक्स करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि गुनगुना पानी हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं होता? हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, कुछ लोगों को इसे पीने से परहेज करना चाहिए, क्योंकि इसका उल्टा असर हो सकता है और यह उनकी सेहत को नुकसान भी पहुंचा सकता है। आइए जानते हैं कि कौन से लोग गुनगुना पानी पीने से बचें।

**हार्ट पेशेंट्स-** गुनगुना पानी शरीर में ब्लड फ्लो को बढ़ा सकता है। अगर किसी व्यक्ति को हार्ट से जुड़ी समस्याएं हैं, तो गर्म पानी उनका ब्लड प्रेशर असंतुलित कर सकता है। इससे चक्कर, थकान या बेचैनी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में हार्ट पेशेंट्स को गुनगुना पानी पीने से बचना चाहिए।

**लो ब्लड प्रेशर वाले लोग-** अगर आपका ब्लड प्रेशर हमेशा लो रहता है, तो गुनगुना पानी आपकी कंडीशन को और बिगाड़ सकता है। गर्म पानी नसों को फैलाता है, जिससे ब्लड प्रेशर और नीचे गिर सकता है, जो कि एक खतरनाक स्थिति हो सकती है। इसलिए, ऐसे लोगों को गुनगुना पानी पीने से परहेज करना चाहिए।



**डिहाइड्रेशन या कमजोरी से जूझ रहे लोग-**गुनगुना पानी शरीर की गर्मी को बढ़ा सकता है, जिससे पसीना ज्यादा आता है। पसीने के कारण डिहाइड्रेशन और बढ़ सकता है, जो पहले से ही कमजोर या डिहाइड्रेटेड लोगों के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए, जब डिहाइड्रेशन हो या कमजोरी महसूस हो, तो गुनगुना पानी पीने से बचें और ठंडा या सामान्य तापमान वाला पानी पिएं।

**तेज बुखार या इंफेक्शन वाले लोग-** जब शरीर में तेज बुखार हो, तो शरीर पहले ही गर्म होता है। ऐसे में गुनगुना पानी पीने से बुखार और बढ़ सकता है। डॉक्टर अक्सर बुखार में नॉर्मल टेम्परेचर वाला पानी पीने की सलाह देते हैं। इसलिए, तेज बुखार या इंफेक्शन होने पर गुनगुना पानी पीने से बचना चाहिए।

**प्रेग्नेंट महिलाएं-** प्रेग्नेंट महिलाएं, खासकर शुरुआत के महीनों में, गुनगुना पानी पीने से बचें। हालांकि सामान्य रूप से गुनगुना पानी से कोई दिक्कत नहीं होती, लेकिन बहुत गर्म पानी पीने से शरीर में गर्मी बढ़ सकती है, जो गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में प्रेग्नेंसी के दौरान नॉर्मल या ठंडा पानी पीना बेहतर होता है।

**अगर मौसम पहले से बहुत गर्म है-** गर्मी के मौसम में पहले से ही शरीर में हीट होती है। ऐसे में गुनगुना पानी पीने से शरीर में और अधिक गर्मी बढ़ सकती है, जिससे हीट स्ट्रोक या सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए गर्मी के मौसम में गुनगुना पानी कम से कम पीने की कोशिश करें और सामान्य पानी पीने का ध्यान रखें। गुनगुना पानी के बहुत सारे फायदे होते हैं, जैसे पाचन में मदद करना, वजन घटाना और शरीर को डिटॉक्स करना, लेकिन यह सभी के लिए फायदेमंद नहीं होता। कुछ लोग, जैसे हार्ट पेशेंट्स, लो ब्लड प्रेशर वाले, डिहाइड्रेटेड लोग और प्रेग्नेंट महिलाएं को गुनगुना पानी पीने से बचना चाहिए, क्योंकि यह उनकी सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। हमेशा अपनी सेहत के हिसाब से ही गुनगुना पानी पिएं और डॉक्टर की सलाह लें।

# तेज धूप में गन्ने का जूस पीने के हैं कई नुकसान





गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडक और ऊर्जा देने के लिए गन्ने का रस एक उपयोगी पेय है। गन्ने का जूस सेहत के लिए काफी फायदेमंद भी माना जाता है। इस मौसम में भारत में तो चौराहे और नुक्कड़ों पर गन्ने का रस आसानी से मिल जाता है। चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग गन्ने का रस पीना प स ं द करते हैं। लो गो ं क ो लगता है कि पानी के बजाय गन्ने का जूस पीने से स्वास्थ्य ला भ भी होगा और प्यास भी बुझेगी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तेज धूप में गन्ने का रस पीना सेहत को नुकसान भी पहुंचा सकता है। इसे पीने का समय और तरीका सही न हो, तो यह फायदे की जगह नुकसान भी पहुंचा सकता है।

**तेज धूप में गन्ने का जूस पीने के नुकसान**

चिलचिलाती धूप में शरीर पहले से गर्म होता है। ऐसे में गन्ने का ठंडा रस पीने से पाचन तंत्र पर असर पड़ सकता है, जिससे गैस, अपच या पेट में ऐंठन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

गन्ने का रस प्राकृतिक रूप से ठंडा होता है। गर्मी में पसीने से भीगा शरीर जब अचानक ठंडी चीज लेता है, तो इससे गला खराब हो सकता है या सर्दी-खांसी हो सकती है।

खुले में बिकने वाले गन्ने के जूस में हाइजीन की कमी हो सकती है। तेज धूप में गन्ने को खुले में रखना बैक्टीरिया पनपने का कारण बनता है, जिससे फूड पॉइजनिंग या पेट की इंफेक्शन हो सकती है।

गन्ने में प्राकृतिक शक्कर अधिक होती है। धूप में थके हुए शरीर में इसे तुरंत पीने से शुगर लेवल अचानक बढ़ सकता है, जिससे चक्कर या थकान महसूस हो सकती है।

**गन्ने का रस पीने का सही समय**

गन्ने का रस सुबह या दोपहर के समय पी सकते हैं, लेकिन धूप से आने के तुरंत बाद इसका सेवन न करें।

छांव या ठंडी जगह पर बैठकर जूस पिएं, ताकि शरीर का तापमान थोड़ा सामान्य हो जाए।

खाली पेट गन्ने के रस का सेवन न करें। हल्का नाश्ता करने के बाद ही इसे पीएं।

गन्ने के रस से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ को लेना है तो हाइजीन वाले जूस सेंटर से ही इसे लेकर पीएं या घर पर बनाकर पिएं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे कृष्ण पक्षे द्वादशी तिथौ शुक्र वासरे 11/46/ पूर्वा भाद्रपद नक्षत्रे 08/54/ ऐन्द्र योग 12/31/ तैतिल करणे 11/46/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** पंचक। प्रदोष व्रत। शुक्र उत्तर भाद्रपद नक्षत्र में घं.23मि.32पर।

**मेष :** श्रम संघर्ष-प्रयास से संकल्पित मनोरथ पूर्ण होंगे। रुके द्रव्य की प्रप्ति होगी। यात्रायों की योजना बन सकती है।

**वृष :** किसी से आकस्मिक लाभ होगा। श्रेष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैभव में वृद्धि होगी। बैद्धिक कार्य से निवृत्त हो जाएंगे।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में सचि रहेगी। संपर्को का लाभ लेंगे।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कन्या :** रोग बाधा रहेगी। रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। कामकाज पूर्ण होंगे। आतिथ्य समागम होगा।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** श्रम की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**मकर :** कारोबारी विषमता दूर होगी। स्वास्थ्य में सुधार रहेगा। शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। मन शांत रहेगा।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा उधर देने से बचे। जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**मीन :** जीवनसाथी का सहयोग रहेगा। रुके कार्यों में प्रगति होगी। नए कार्यों को टालना हितकर रहेगा। वाद विवाद टाले।

## सतीश कुमार कुशवाहा को मिला थाना अध्यक्ष गोहन का चार्ज

**रामपुरा(जालौन)।** थाना प्रभारी संजय यति के बाद आज सतीश कुशवाहा ने थाना अध्यक्ष का चार्ज ग्रहण कर लिया है थाने में नवागंतुक थाना प्रभारी सतीश कुमार कुशवाहा ने कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले सतीश कुशवाहा बस स्टैंड चौकी उरई का चार्ज था । पुलिस अधीक्षक निर्देश डा दुर्गेश कुमार के निर्देश अनुसार उन्होंने कमान संभालते ही स्पष्ट कर दिया कि अब कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# शिविर में समय पूर्व रिहाई और बन्दियों के अधिकारों के सम्बन्ध में जानकारी दी

**उरई(जालौन)।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्पित सिंह ने आज जिला कारागार उरई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एवं साप्ताहिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे।


उरई : जिला कारागार उरई भ्रमण करते प्रभारी सचिव अर्पित सिंह।

निरीक्षण में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अर्पित सिंह ने बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि एमाइकस क्यूरी (न्यायमित्र) की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसीप्रकार जो बन्दी दोषसिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये।

विधिक साक्षरता शिविर की अध्यक्षता करते हुये प्रभारी सचिव अर्पित सिंह ने वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित बन्दियों से उनके अधिकारों के बारे में पूंछतांछ की और सभी को समझाया।

असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल अभिषेक पाठक ने इस मौके पर बन्दियों को प्ली-वार्गेनिंग स्कीम, समयपूर्व रिहाई और बन्दियों के अधिकारों के सम्बन्ध में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यदि कोई विचाराधीन बन्दी अधिकतम 07 वर्ष तक की सजा के मामलों में विचाराधीन है, तो जिन्होंने सजा के तौर पर कुछ अवधि जेल में बिता ली हो, वह पीड़ित पक्ष से समझौता कर उसे उचित मुआवजा देकर अपनी सजा न्यायालय से कम करा सकते है, लेकिन इस योजना का लाभ उनको नहीं मिलेगा जिन्होंने देश के विरूद्ध, महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध अथवा आर्थिक अपराध किया हो ।

इस अवसर पर प्रभारी जेल अधीक्षक/कारापाल प्रदीप कुमार, जेल चिकित्साधिकारी डॉ0 राहुल बर्मन, उप कारापाल अमर सिंह एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालौन के डाटा इण्ट्री ऑपरेटर दीपक नरायण भी उपस्थित रहे।

## मानवता को भी शर्मशार करने वाला है आतंकी हमला

**जालौन।** जमीअत उलेमा हिंद के जिला अध्यक्ष मौलाना सुल्तान अहमद ने कहा कि जो पर्यटक कश्मीर की वादियों को देखने और छुट्टियां मनाने के लिए गए थे। ऐसे मासूमों पर की गई गोलाबारी की घटना न सिर्फनिंदनीय है बल्कि मानवता को भी शर्मशार करने वाली है। इस्लाम कभी कोई ऐसी शिक्षा नहीं देता है जो बेकसूरों की जान ले। इस्लाम एक बेकसूर की हत्या को पूरे मानव समाज की हत्या मानता है। कहा कि सभी देशवासियों को एक होकर आतंकवाद की खिलाफ आवाज़ उठानी चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील करते हुए कहा कि ऐसे घिनौने कृत्यों को अंजाम देने वालों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने आतंकी हमले में जान गंवाने वालों की आत्मशांतिं और उनके परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान की अल्लाह से प्रार्थना की।


मौलाना सुल्तान अहमद

## प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी की गर्दन पर धारदार हथियार से हमला करने का लगाया आरोप

**रामपुरा(जालौन)।** गोहन थाना अंतर्गत ग्राम रसूलपुर में प्रेमिका से मिलने आए युवक पर परिजनों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक की गर्दन कट गई, जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे उरई के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।


उरई : घायल आशिक ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जानलेवा हमले में घायल युवक जसवीर ग्राम अजीतापुर का निवासी है और वर्तमान में मुंबई में नौकरी करता है। जनचर्चा है कि जसवीर पुत्र मंसूर खान का ग्राम रसूलपुर में किसी युवती से टांका भिड़ा है। कल वह अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए मुंबई से सीधे रसूलपुर गांव आया था। जैसे ही वह प्रेमिका के घर पहुंचा, परिजनों ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया और धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया। हमले में जसवीर की गर्दन बुरी तरह कट गई और वह खून से लथपथ होकर मौके पर गिर पड़ा।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल उरई मेडिकल कॉलेज भिजवाया, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार जसवीर की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

गोहन थाना के प्रभारी निरीक्षक सतीश कुशवाहा ने बताया कि घायल युवक को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है और मामले की जांच की जा रही है। थाना अध्यक्ष सतीश कुशवाहा मामला गंभीरता से लिया तो लोगों के द्वारा गुप्त रूप से मामला प्रकाश में आया है कि यह कोई धारदार हथियार से हमला नहीं किया गया बल्कि कोई नुकीली चीज से स्वयं पर वार किया गया है हालांकि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन हमलावरों की पहचान की जा रही है।

इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों की मानें तो युवक और युवती के बीच पिछले कुछ समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन परिजन इस रिश्ते से खुश नहीं थे। युवक का इस तरह से गांव आना परिजनों को नागवार गुज़रा और उन्होंने गुस्से में आकर इस वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस फिलहाल मामले की तह तक जाने का प्रयास कर रही है और घटना में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रही है। इस संबंध में पूछे जाने पर क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ राम सिंह ने बताया कि युवक की गले पर धारदार हथियार से हमला किए जाने की घटना प्रकाश में आई है । प्राप्त तहरीर के आधार पर जांच करके उचित व सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर एक नज़र

### पहलगाम में हुए नरसंहार के विरोध में हिन्दू जागरण मंच ने कलेक्टेट में किया प्रर्दशन


कोंच : कलेक्ट्रेट प्रर्दशन करते हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता ।

**0--प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा**

**उरई(जालौन)।** पिछले दिनों हुए हिन्दू नरसंहार के विरोध हिन्दू जागरण मंच के लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच प्रर्दशन करते हुए प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट किया। इस मौके पर हिन्दू जागरण मंच के संयोजक प्रशांत तिवारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जो लोग हिन्दू समाज की सहनशीलता को कायरता समझने की भूल कर रहे है।उन लोगों को यह भूल महंगी पड़ेगी यह समय अब याचना का नहीं है अब रप्टा की बारी है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से हिन्दू जागरण मंच के अभिषेक गांगुली, विनोद सैनी, अनिवेश गुप्ता, प्रशांत शुक्ला, डी. डी. पांचाल, अनुरुद्ध पांडेय, मौनू पंडित, मत्शेन्द्र गोस्वामी सहित अन्य हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुन्ना फुल पावर चौराहे पर फूंक्रा आतंकवाद का पुतला


कालपी : आतंकवाद का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता ।

**कालपी (जालौन)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन हुआ। विश्व हिंदू परिषद व भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौराहें में आतंकवाद का पुतला फूंक्रकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। गुरुवार को नगर के फुल पाबर चौराहे में भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी तथा विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष बब्बन ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने 2 विदेशी सहित 26 भारतीय सैलानियों की बर्बरतापूर्वक गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना के विरोध में कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंक्रा। भाजपा नगर अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत में आतंकवादियों को जड़ से खत्म करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि 28 निर्दोष सैलानियों की मौत का बदला लेने की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष ने कहा कि ने कहा कि कश्मीर में हिन्दु पर्यटकों पर आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय हैं। कश्मीर में हिन्दुओं की हत्या ये दर्शाता हैं कि कुछ देश विरोधी ताकतें नहीं चाहती की कश्मीर की जनता आर्थिक रूप से संपन्न हों।

### हैंडपंपों की हुई मरम्मत, लोगों को मिलने लगा पानी-डीएम

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद में बढ़ते जल संकट को लेकर पेयजल आपूर्ति देख रहे तीनों खण्डो के अभियंताओं एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक कर सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि जनपद के किसी भी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए, बढ़ती गर्मी को देखते हुए सभी क्षेत्रों में जल आपूर्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही पहले से पूर्ण कर ली जाए, जल जीवन मिशन अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम द्वारा जनपद में संचालित ग्राम समूह योजनाओं एवं शहरी क्षेत्र में जल आपूर्ति की बिंदुवार समीक्षा की और सम्बंधित अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिये कि वह अपनी ठेकेदारों, फर्मो के कार्यो की स्वयं मॉनीटरिंग कर कार्य में तेजी लायें और सभी के घरों में जलापूर्ति सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से स्पष्ट रुप से कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कार्यशिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका और अधिशासी अभियंता को नगर क्षेत्रों का वार्डवार निरीक्षण कर जल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए व अधिशासी अभियंता विद्युत को कड़े निर्देश दिये कि वह टीम बढ़ाकर शेष विद्युत कनेक्शन जल्द पूरे करायें और पर्याप्त विद्युत आपूर्ति देना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गर्मी में पेयजल आपूर्ति आज तक 237 हैंडपंप ठीक करा लिए गए हैं, जिनसे पानी मिलने लगा है और 60 स्थानों पर टैंकरों के माध्यम पानी पहुंचाया जा रहा है। बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता जल, जल संस्थान, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओ ने सरस्वती संस्कार केंद्र का वार्षिक उत्सव मनमोहक कार्यक्रम पेश किये

**कोंच(जालौन)।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज /सरस्वती शिशु मंदिर / सरस्वती शिशु वाटिका द्वारा संचालित सरस्वती संस्कार केंद्र का मंडी विद्यालय परिसर मे वार्षिक उत्सब सम्पन्न हुआ जिसमे छात्र छात्राओ ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे प्रांतीय संघठन मंत्री रजनीश पाठक, विद्या भारती कानपुर प्रान्त के अध्यक्ष राकेश निरंजन, संस्कार केंद्र प्रदेश प्रमुख शिवसिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता रहे विशिष्ट अतिथि के रूप मे विद्यालय के अध्यक्ष आर वी मिश्र, प्रवंधक कु. नरसिंह गहरवार, सहप्रवंधिका मधु गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद निरंजन, सदस्य ओ. डी गुप्ता, विनोद गुप्ता, डॉ नीता रेजा, के साथ प्रो. वीरेंद्र सिंह, शम्भूदयाल स्वर्णकार, ई.राजीव रेजा,अमरेंद्र दुबे, पहलाद कौशल, नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, सभासद अनिल वर्मा, लताराजे गुर्जर, सीमा देवी, वादम कुशवाहा, रविकांत कुशवाहा, मनोज मोर मंचस्थ रहे कार्यक्रम मे अतिथियों को घोष द्वारा आगमन किया गया विद्यालय की प्रधानाचार्या आभा तिवारी ने सभी अतिथियों का परिचय करवाया ।



कोंच : मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्र छात्रायें ।

कार्यक्रम मे स्वागत गीत, वंदना छात्रा काजल, अंशिका, वंशिका, मानवी ने, गीत नृत्य पर व्योम, हृदयांश, वैभव, घूमर घूमर पर सताक्षी सोनी, वर्षाने की छोरी पर मानवी, आयुषी हम कथा सुनाते राम सकल गुण धाम की पर राधिका, मानवी, भजन कुशाग्र दीक्षित, क्लासिक कत्थक पर अपेक्षा सोनी ने प्रस्तुति दी,, खास पेशकश रण मे कुंद पड़ी महारानी पर बंशिका यागिक ने प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभारी नरेंद्र सिंह ने किया ।

इस अबसर पर नगर के प्रचारक शुभम जी, विपिन पटेल, पवन झा, हिमांशु अग्रवाल, सागर वोहरे, महेन्द्र जी,मालती मिश्रा, वंदना वर्मा, प्रेमनारायण वर्मा, नारायण दत्त जोशी, विविध श्रीवास्तव एबं नगर के गणमान्य बंधु एबं अभिभावक उपस्थित रहे साथ विद्यालय की कार्यक्रम संयोजिका सरोज खरे, नीतू गर्ग, सरला मिश्रा,शैलेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, प्रभा गुप्ता, राजीव राठौर, शिवानी सिंह, आकांक्षा सिंह, रंजना तिवारी, पूजा राठौर, मनीष अग्रवाल, वंदना अवस्थी, रवि कुमार, दिव्या मिश्रा, विनीत खरे, मृदुल दुबे,नरेंद्र सिंह, आनंद भरजद्वाज, सुनील पाठक, धीरेन्द्र सिंह, मनोज दुबे, अशोक शर्मा, रामकुमार, अरविन्द,अंजना,आकांक्षा, सरिता, साधना, योगेश, अंकित पटेल, चंदा कुशवाहा, दीक्षा दीक्षित,सहित पूरा विद्यालय परिवार व्यवस्था में रहा । अंत मे सभी ने पहलगाम आतंकी हमले पर दो मिनट का मौन रखा एबं सभी आये हुए बन्धुओ का आभार प्रधानाचार्या आभा तिवारी ने व्यक्त किया।

### एसडीएम-सीओ ने ओवरलोड बालू लदे बिना प्रपत्रों के परिवहन करते 7 ट्रकों को पकड़ा

कालपी(जालौन)। क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी, ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी सुशील सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व संयुक्त टीम के द्वारा हाइवे रोड के जोल्हूपुर मोड़ में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया गया। चौकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड भरे 7 ट्रको को परिवहन करते पकड़ लिया। टीम के द्वारा पकड़े वाहनों को सीज करने की कार्यवाही की गई है। चौकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में हड़कम्प मच गया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि सभी गाड़ियों को गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा कराकर सीज करने की कार्रवाई की गई है। एसडीएम ने कहा कि अभियान निरंतर चलता रहेगा। उन्होंने नियम के मुताबिक ही खनन कारोबार करने के लिए नसीहत दी है।

## सड़कों पर पैदल मार्च कर लोगों से सुरक्षा व्यवस्था जायजा लिया एसपी


**जालौन।** पहलगाम में हुई आंतकी की घटना के बाद लोगों में आक्रोश पनप रहा है। नगर में विरोध प्रदर्शन कैंडल मार्च, पुतला दहन के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बुधवार की रात को पुलिस अधीक्षक पुलिस, सी ओ व पुलिस फोर्स के साथ नगर की सड़कों पर पैदल मार्च किया तथा लोगों से सुरक्षा व्यवस्था जायजा लिया तथा स्थानीय अधिकारियों से नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की



नगर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन बुधवार को सतर्क दिखा। पुलिस अधीक्षक डां दुर्गेश कुमार व सी ओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी व कोतवाल अजीत सिंह ने पुलिस के साथ नगर की सड़कों पर पैदल मार्च निकाला।पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर भीड़ भाड़ वाले बाजार झंडा चौराहा व मुस्लिम बाहुल्य तकिया चौराहा समेत प्रमुख सड़कों पर भ्रमण किया। पुलिस अधीक्षक ने सीओ के साथ कोतवाली प्रभारी से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी ली। अधिकारियों ने सड़क पर तकिया व झंडा चौराहे के आसपास लोगों से बातचीत की तथा उनसे जानकारी ली। अधिकारियों ने दुकानदारों व राहगीरों से बातचीत कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। अधिकारियों ने नगरवासियों को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया तथा कहा कि अगर कोई दिक्कत हो तो तुरंत पुलिस व प्रशासन को बताये तथा मदद ले। नगर के माहौल को अगर किसी ने खराब करने का प्रयास तो उसे बक्सा नहीं जायेगा।सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर इस्पेक्टर क्राइम जगदम्बा दुबे, चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह व उपनिरीक्षक रमेश चंद्र, ओंमकार सिंह पुलिस टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# एसडीएम -ड्रग इंस्पेक्टर ने 3 मेडिकल स्टोरों छापा मारकर कमियां पकड़ी

**कालपी(जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन में गुरुवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह की मौजूदगी में जिला औषधि निरीक्षक की टीम के द्वारा कालपी के तीन मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कमियां पाए जाने पर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए जरूरी निर्देश दिये ।


कालपी : मेडिकल स्टोर की जांच करते एसडीएम एवं ड्रग इंस्पेक्टर ।

गुरुवार की दोपहर को मुन्ना फुल पावर चौराहा में स्थित विशाल मेडिकल स्टोर एवं प्रकाश मेडिकल स्टोर तथा टरननगंज बाजार स्थित मोहम्मदिया मेडिकल स्टोर की जांच की गई। अभियान की खबर लगते ही बाजार के अन्य मेडिकल स्टोरों के संचालक अपने-अपने प्रतिष्ठानों के शटर बंद करके रफू चक्कर हो गये ।टीम के द्वारा विशाल मेडिकल स्टोर पर भंडारित कुछ औषधयो के क्रय अभिलेख नहीं पाए गये ।संचालक विशाल पोरवाल द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष खत्म होने के कारण विक्रय अभिलेख घर पर पहुंचा दिए। इस क्रम में औषधि निरीक्षक द्वारा औषधयो की सूची बनाकर उनके विक्रय पर रोक लगाकर नोटिस दिया गया। दो दिनों के अंदर कार्यालय में खरीद बिक्री के अभिलेख की जांच कराने के निर्देश दिये।औषधीय एवं शेड्यूल वन के औषधीय संबंधी रजिस्टर पाया गया। जो कि अपूर्ण था। दो संदिग्ध औषधियों के नमूने भर कर जांच एवं विश्लेषण हेतु संग्रहित किए गये ।इसी प्रकार प्रकाश मेडिकल स्टोर पर क्रय विक्रय अभिलेखों का मिलान किया गया। जिन औषधीय के क्रय विक्रय अभिलेख नहीं दिखाए गए उनकी सूची बनाकर उनके विक्रय पर रोक लगाकर नोटिस दिया गया। नारकोटिक औषधीय एवं शेड्यूल वन के औषधि संबंधी रजिस्टर पाया गया।तो संदिग्ध दवाइयों के भी सैंपल लिए गये ।कालपी के मुख्य बाजार टरनंनगंज में स्थित मोहम्मदिया मेडिकल स्टोर पर औषधियों का स्टाक मिलान किया गया। जो सही पाया गया। मेडिकल स्टोर पर नारकोटिक्स औषधीय एवं शेड्यूल वन की औषधियां संबंधी रजिस्टर नहीं पाया गया।एक संदिग्ध औषधि का नमूना भरकर जांच के लिए संग्रहीत किया गया। इस मेडिकल स्टोर में सीसीटीवी कैमरा नहीं पाया गया। समस्त मेडिकल स्टरों को कंप्यूटर में अभिलेख निर्गत करने, सीसीटीवी कैमरे लगवाने, नारकोटिक औषधीय को डॉक्टर के परचे पर देने एवं डॉक्टर के एक पर्चा की प्रति रखने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारियों की टीम ने जांच की अग्रिम कार्रवाई के लिए सहायक आयुक्त औषधि झांसी मंडल को प्रेषित कर दिया गया है। इस मौके पर नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह की प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# प्राइवेट स्कूलों को बदनाम करने की की जा रही है साजिश

**ललितपुर।** प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में प्राइवेट विद्यालयों के प्रबंधकों ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से मुलाकात कर उन्हें पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि प्रत्येक वर्ष प्राइवेट स्कूलों को किताबों, फीस एवं ड्रेस के नाम पर बदनाम करने की साजिश की जाती है व जनपद में एक प्रतिशत से भी कम विद्यालयों की फीस बीस हजार रुपये या उससे अधिक है, बाजार में एन.सी.ई.आर.टी की बुक्स उपलब्ध न होने के कारण विद्यालयों को मजबूरी में प्राइवेट प्रकाशनों की बुक्स अपने विद्यालय में लगाना पड़ती है, एसोसिएशन ने सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि बाजार में एनसीईआरटी की बुक्स पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जाए, जिससे विद्यालय में उनकों अपने पाठ्यक्रम में शामिल कर सकें एवं अनर्गल आरोपों से बच सकें। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष विद्यालय प्रारंभ होने के समय पर कुछ लोगों द्वारा विद्यालयों को निशाना बनाया जाता है और फीस के नाम पर, किताबों और ड्रेस के नाम पर विद्यालयों को बदनाम करने की साजिश की जाती है,



हमारे विद्यालयों में दसं वर्षो से ड्रेस चेंज नहीं हुई व आज भी जनपद के पचास प्रतिशत से अधिक प्राइवेट विद्यालय पाँच सौ रूपये मासिक से भी कम फीस लेकर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कर रहे हैं व जनपद की शिक्षा व्यवस्था में प्राइवेट विद्यालय अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। ज्ञापन पर प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के महामंत्री ध्रुव साहू, संयोजक अक्षय अलया, मार्गदर्शक मंडल से ध्यान सिंह यादव, डी.एस विवेक, अजय बरया, विजय सिंह यादव, संजय श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष मोहन सैनी, नगर प्रभारी राकेश श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह, इंजीनियर. हाकिम सिंह, संजीव नामदेव, डॉ जगबीर सिंह, धन सिंह, वीरेंद्र कुमार सोनू, रवि शंकर राठौर, वसीम खजुरिया, ब्लॉक तालबेहट के अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री मनोज तिवारी टाटा, जखौरा ब्लाक अध्यक्ष अरुण ताम्रकार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## झां समाज के जिला स्तरीय चुनाव सम्पन्न

**ललितपुर।** आजादी के बाद से जनपद में पहली बार संवैधानिक तरीके से झां समाज का चुनाव सम्पन्न हुआ। झां समाज की पहली बार जनगणना तरीके से वोटर बनाए गए, पूरे संवैधानिक नियमों का पालन करते हुये झां समाज के चुनाव सम्पन्न कराए गए। बीते कई महीनों से झां समाज की जिला स्तरीय चुनाव प्रक्रिया चल रही थी, जिसमें 11 अप्रैल से 16 अप्रैल तक 10 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, सभी 4 पदों के लिए एवं 17 अप्रैल से 20 अप्रैल तक सभी नामांकन फॉर्म जमा किए गये केवल 6 प्रत्याशी ने अपने नामांकन फॉर्म जमा नहीं किए एवं चुनाव लड़ने में असमर्थता जताई व ऐप्लीकेशन देकर चुनाव कमेटी को सूचित किया, बाकी चार पदों के लिए नामांकन फॉर्म, सहयोग राशि सभी कागजात सहित जमा किए गए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए रमेश कुमार झां रिटायर स्टेशन मास्टर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए रामचरण झां वंशीपुरा, महामंत्री पद के लिए शिवलाल झां तुलसीनगर, कोषाध्यक्ष पद के लिए रघुवीर प्रसाद झां जखौरा जो कि निर्वाचन समिति ने निर्वाचन संविधान के तहत जांच करते हुये 4 पदों के प्रत्याशियों को निर्विरोध जीत घोषित किया। झां समाज के जिला स्तरीय चुनाव के निर्विरोध पदाधिकारी घोषित होने पर झां समाज ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का दमखम के साथ जोर शोर से फूल माला पहनाकर स्वागत किया एवं समाज के बन्धुओं ने एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाईं। जीत की घोषणा होने के बाद पदाधिकारियों ने सर्व प्रथम जनपद के प्रसिद्ध श्री तुवन हनुमान मंदिर पर पहुंचकर माथा टेका और आर्शीवाद लिया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश चन्द्र रावत ने स्नेह सहित बधाईयां दी। साथ ही भाजपा वरिष्ठ नेता प्रदीप चौबे ने भी झां समाज के जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं दी।



# जन शिकायतों के निस्तारण की होगी पहली प्राथमिकता-बंसल



बांदा : कार्यालय का निरीक्षण करते नवागांतुक एसपी ।

- नवागांतुक एसपी ने संभाली जिले की कमान
- वर्ष 2018 बैच के आईपीएस अफ्सर है एसपी पलाश बंसल

बांदा। जन शिकायतों के निस्तारण की पहली प्राथमिकता होगी। शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का तत्परता से निदान किया जाएगा। समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बिल्कुल नहीं बरती जाएगी। उक्त उद्गार नवागांतुक एसपी ने पद्भार ग्रहण करने के दौरान व्यक्त किए। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण भी किया। सभी कार्यालयों में जाकर वहां की व्यवस्थाएं देखी। मातहतों को निर्देशित किया कि वह लगन के साथ ईमानदारी से कार्य करें। बेवजह किसी को परेशान न करें। अगर परेशान किए जाने की शिकायत मिली तो वह तत्काल कार्यवाही अमल में लाएंगे।

गौरतलब हो कि एसपी पलाश बंसल वर्ष 2018 बैच के आईपीएस अफ्सर है। मूल रूप से वह लखनऊ के रहने वाले है। इसके पहले वह महोबा के एसपी रहे है। विगत दिनों किए गए फेरबदल में उन्हें बांदा का पुलिस अधीक्षक बनाकर भेजा गया है। गुरुवार को नवागंतुक पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पदभार ग्रहण करने के उपरांत गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गई, इस दौरान आगंतुक लोगों की शिकायतें गम्भीरता से सुन उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। मीडिया से रूबरू होते हुए एसपी पलाश बंसल ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का तत्परता से निस्तारण किया जाएगा।

इसके लिए थानाध्यक्षों को भी निर्देशित किया जाएगा। बता दें कि महोबा जनपद में तैनाती के दौरान एसपी पलाश बंसल की बेदाग छवि रही है। जनपद से लेकर राजधानी तक भी एसपी के कार्यो सहित ईमानदारी की गूंज रही है। जनसुनवाई करने के बाद पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय की शाखाओं का निरीक्षण किया गया, इस दौरान उनके द्वारा जन शिकायत प्रकोष्ठ, प्रधान लिपिक शाखा, रिट शाखा, जांच शाखा, आंकिक शाखा आदि शाखाओं के अभिलेखों के रखरखाव, कार्य प्रणाली, शिकायत निस्तारण प्रक्रिया की गहनता से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मातहतों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी को भी बेवजह परेशान न करें। ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए लगन के साथ कार्य करें। अगर लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो वह तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

# ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव÷ से होगी पारदर्शिता



बांदा : दीप प्रज्जवलित करतीं अतिथि ।

**बाँदा।** एक राष्ट्र, एक चुनाव से जहां देश की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। वहीं चुनाव में भी पारदर्शिता रहेगी। उपरोक्त उद्गार राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने व्यक्त किए। राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर ने गुरुवार को शहर के एक होटल में आयोजित एक राष्ट्र, एक चुनाव विषयक संगोष्ठी को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। इससे न केवल चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी, बल्कि समय, संसाधन और धन की भी बचत होगी। साथ ही शासन और विकास कार्यों में भी निरंतरता बनी रहेगी। श्रीमती रहाटकर ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को इस विषय पर जागरूक होना चाहिए और राष्ट्रहित में एकमत होकर इस महत्वपूर्ण पहल को समर्थन देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इससे महिलाओं की भागीदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को भी और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने विषय पर अपने विचार भी साझा किए और एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में स्वर बुलंद किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष भाजपा कल्लू सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासु, प्रभा गुप्ता महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्य, दीपाली गुप्ता उपाध्यक्ष रंजना गुप्ता उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष बबीता चौहान सहित जनप्रतिनिधि गण एवं विभागों से संबंधित अधिकारी एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# पेंशनरों का समय से करें भुगतान



बांदा : बैठक को संबोधित करते सभापति ।

- आयोजित बैठक में सभापति ने दिए निर्देश
- प्रकरणों को लंबित न रखने की दी हिदायत

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति के सभापति पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सभापति पवन कुमार सिंह द्वारा जनपद के अधिकारियों के साथ विगत तीन वर्ष के भीतर निस्तारित वित्तीय प्रकरणों एवं सभी कार्यालयों के द्वारा जनवरी, 2019 से दिसम्बर, 2022 के मध्य सेवानिवृत्त कार्मिकों से सम्बन्धित पेंशन प्रकरणों, ग्रेजुटी एवं अन्य देयकों के भुगतान की स्थिति, मृतक आश्रितों को सेवायोजित किये जाने के मामलों आदि की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि सेवानिवृत्त कार्मिकों के भुगतान एवं पेंशन से सम्बन्धित प्रकरण समय से निस्तारित किये जायें, ऐसे प्रकरण अधिक दिनों तक लम्बित नही रहने पायें। उन्होंने कार्मिकों के जीपीएफ देयकों के भुगतान समय पर कराये जाने के निर्देश दिये तथा उन्होंने निर्देशित किया कि कार्मिकों के देयकों के मामलों का शीघ्रता से निस्तारण किया जाए। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित प्रधानाचार्य आईटीआई, होमगार्ड कामण्डेन्ट के अनुपस्थित रहने पर अनुपस्थित अधिकारियों को नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी पुलिस विभाग से सम्बन्धित पेंशन, ग्रेजुटी एवं देयकों का समय से भुगतान एवं मृतक आश्रितों के मामलों में समय से निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। बैठक में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति द्वारा विगत तीन वर्षों में दिये गये वित्तीय एवं प्रशासकीय आय-व्यय से सम्बन्धित एवं कार्यवाही की अद्यतन स्थिति एवं योजनाओं पर आवंटित बजट के सम्बन्ध में समीक्षा करते हुए जानकारी लेते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को दसमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए सभी विद्यालयों से छात्रवृत्ति के आवेदन ऑनलाइन प्राप्त कर छात्रवृत्ति दिलाने के निर्देश दिये। बैठक में सिंचाई विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि केन बेतवा लिंक परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में मिनी स्पोर्टस स्टेडियम निर्माण कराये जाने हेतु प्रस्ताव लाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्धारित अवधि में विद्युत आपूर्ति कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने गर्मी के मौसम के दृष्टिगत पेयजल की समुचित व्यवस्था हेतु जल संस्थान एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। बैठक में समिति के सभापति एवं सदस्यों का जिलाधिकारी द्वारा द्वारा सम्मानित किया गया। बैठक में समिति के सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, विधायक नरैनी ओममणि वर्मा सहित समिति के अन्य सदस्यगण एवं जिलाधिकारी जे0 रीभा, मुख्य विकास अधिकारी श्री वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### एक युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा।** अज्ञात कारणों के चलते घर में युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को फांसी के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा मोहन पुरवा अंश खलारी की रहने वाली कुमारी शिवानी 18 वर्ष पुत्री स्व0 अशोक पटेल ने दुपट्टे से गले में फांसी लगाकर अपने घर में लकड़ी के करी से लटककर आत्महत्या कर लिया । परिजनों ने बताया कि छोटे भाई साहिल उम्र करीब 10 वर्ष से मोबाइल संबंधी दोनो का विवाद हुआ था। गुस्से के कारण युवती ने फांसी का फंदा बनाकर झूल गई। परिजनों ने बताया कि मृतका की शादी आगामी 10 मई को होने वाली थी ।मौके पर फील्ड यूनिट को बुला लिया गया । और पंचायत नामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ।

### तहसीलदार द्वारा किया जा रहा है भारी भ्रष्टाचार

**स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा।** तहसील अतर्रा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा दुवरिया निवासी नसीम खान के द्वारा तहसीलदार अतर्रा सतीश कुमार वर्मा के ऊपर भारी भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया। सूत्रों की माने तो अतर्रा तहसील में कार्यरत तहसीलदार सतीश कुमार वर्मा लोगों का पैसा लेकर हड़प जाना तथा कार्य ना करना इनकी फितरत में है। तहसीलदार के काले कारनामों से तहसील क्षेत्र के लोग परेशान हो चुके हैं तहसीलदार से। मिली जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के अतर्रा तहसीलदार सतीश कुमार वर्मा जब से आए हैं तब से लेकर अब तक उत्तर प्रदेश के निष्ठावान योगी सरकार को बदनाम करने के लिए बिना पैसे के कोई भी कार्य नहीं करते हैं। पीड़ित लोगों का यह भी कहना है कि पैसा लेने के बाद भी काम तो करते नहीं है तथा पैसा वापस नहीं करते। क्योंकि घूस का अवैध पैसा अकेले में ही लिया दिया जाता है। जिस तरह मकड़ी किसी कीड़े को अपने मकर जाल में फंसा कर रख देती है ठीक उसी तरह तहसीलदार अतर्रा सतीश कुमार वर्मा भी अपना मायाजाल फैला कर पीड़ित व्यक्ति को जकड़कर अपने जाल में फसाते रहते हैं । तहसीलदार की कोर्ट में चल रहे मुकदमे में एक पक्ष से मुंह मांगी अवैध रकम की वसूली यदि मन माफिक हो गई तो ठीक है नहीं तो यदि निर्धारित रकम से थोड़ा बहुत कम है तो फिर दिए गए अवैध पैसा जितना मिल जाता है वह भी वापस नहीं मिलता है यह है तहसीलदार की काली करतूत । इस बात के संवाददाता के पास पुख्ता सबूत है। जो मौका पड़ने पर उच्च अधिकारियों को सबूत दिए जाएंगे। जब इस संबंध में तहसीलदार अतर्रा से दूरभाष पर उनसे संपर्क करके उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया तो फोन रिसीव नहीं किया। ऐसे भ्रष्ट तहसीलदार की उच्च स्तरीय जांच निष्पक्ष तरीके से की जाए तो सभी कुछ उजागर हो जाएगा।

### जिलाधिकारी ने मृतक के आश्रित को दी नौकरी, सौंपा नियुक्ति पत्र

**हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मृतक आश्रित कोटे के अंतर्गत श्री प्रभात कुमार पुत्र स्व. प्रकाश चन्द्र को कलेक्ट्रेट में नियुक्ति पत्र दिया। प्रभात कुमार को कलेक्ट्रेट में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि उनके पिता स्व. प्रकाश चन्द्र हमीरपुर सदर तहसील में नजारत चपरासी के पद पर करत थे। जिनकी बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए योग्यता के आधार पर मृतक की पुत्र को कलेक्ट्रेट में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए आगे के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि अपने कार्यो दायित्वों को अच्छे ढंग से संपादित करे। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिए कि मृतक कर्मचारी के परिवार को सेवा संबंधी समस्त लाभ यथा पेंशन ग्रेज्युती आदि जैसे भुगतान समयबद्ध ढंग से दिए जाए ।

# रक्तदान में लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



बांदा : रक्तदान करते समाजसेवी ।

- संत निरंकारी मिशन द्वारा आयोजित किया गया रक्तदान कार्यक्रम

**बांदा।** मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी सत्संग भवन, शास्त्री नगर, अलीगंज, में, संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चौरिटेबिल फाउंडेशन के तत्वाधान में सत्संग समाप्ति के बाद एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक क्षेत्रीय संचालक डा0 सुरेश सिहं की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें निरंकारी सेवादल एवं श्रद्धालु भक्तों द्वारा 60 यूनिट रक्तदान उत्साह पूर्वक किया।

यह रक्दान शिविर शहर बांदा के अलावा झांसी, ललितपुर, मऊरानीपुर, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट आदि सत्संग भवनों में भी आयोजित किये गये। एवं इस अवसर पर इन सभी ब्रांचों में सत्संग कार्यकम आयोजित किये गये। रक्त संग्रह करने हेतु जिला चिकित्सालय बांदा के योग्य चिकित्सकों की टीम समस्त उपकरणों सहित इस पुनीत कार्य में उपस्थित रहे। प्रेम और भाईचारे की भावना को उजागर करता 'मानव एकता दिवस निरंकारी मिशन द्वारा प्रति वर्ष 24 अप्रैल को बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में श्रद्धा और आध्यात्मिक भावनाओं से परिपूर्ण वातावरण में आयोजित किया जाता है। यह दिन केवल पुण्य स्मरण का अवसर नहीं, अपितु मानवता, सौहार्द और एकत्व की भावनाओं का एक आत्मिक संगम है। मानव एकता दिवस के अवसर पर मिशन द्वारा देशभर में रक्तदान की प्रेरक श्रृंखला आरंभ होती है, जो निःस्वार्थ सेवा भावना की सामूहिक जागृति का स्वरूप बनकर पूरे वर्ष समाज में प्रवाहित होती रहती है। इस वर्ष भी, संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पूरे भारतवर्ष की लगभग 500 से अधिक ब्रांचों पर भव्य रक्तदान शिविरों की अविरल शृंखला आयोजित की गई। दिल्ली स्थित ग्राउंड नंबर 8, निरंकारी चौक बुराड़ी में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर विशेष रूप से केंद्र बिंदु रहा, जहाँ श्रद्धालु अधिक संख्या में सम्मिलित हुए। यह महाअभियान केवल रक्तदान नहीं, बल्कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज की करुणा, सेवा और एकत्व के संदेश को जीवन में उतारने का सजीव माध्यम है जो हमें सिखाता है कि मानवता ही सर्वोच्च धर्म है। इसी प्रेरणा से प्रेरित संत निरंकारी मिशन, सेवा और समर्पण के पथ पर निरंतर मानवता का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

# हमीरपुर से चयनित 54 युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण हेतु लखनऊ रवाना

- जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, ैत्त्थ् लखनऊ में मिलेगा विशेष

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर में आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक सराहनीय कदम उठाया गया है। आपदा मित्र योजना के अंतर्गत चयनित 54 युवा स्वयंसेवकों का दल आज विशेष प्रशिक्षण हेतु राज्य आपदा मोचक बल (ैत्त्थ) के ट्रेनिंग सेंटर लखनऊ के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण न केवल आपात परिस्थितियों में तत्परता से सहायता करने का अवसर देगा। बल्कि समाज सेवा की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। आपदा मित्रों का यह विशेष प्रशिक्षण 25 अप्रैल से 6 मई 2025 तक ैत्त्थ् द्वारा आयोजित किया जाएगा। जिसमें युवाओं को बचाव, राहत, प्राथमिक उपचार, फर्स्ट रिस्पांन्डर टेक्निक्स आदि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, आपदा मित्र बचाव किट एवं बीमा सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा.) विजय शंकर तिवारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा विशेषज्ञ प्रियेश रंजन मालवीय भी उपस्थित रहे।

# विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासनिक विलम्ब समिति के सभापति ने ली समीक्षा बैठक



**चित्रकूट ब्यूरोः** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की बैठक समिति के सभापति पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सभापति ने सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बैठक में जिला उद्यान अधिकारी व जिला युवा कल्याणकारी के अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक से पूर्व जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई दुर्घटना पर मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सभापति ने समस्त कार्यालय के लम्बित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में डिफेंस कॉरिडोर के तहत किसानों को भुगतान की जानकारी ली। जिस पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम ने कहा कि लगभग 80 प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। रामबन गमन मार्ग परियोजना के संबंध में अधिकारी राकेश कुमार पाठक ने बताया कि यह दो चरणों में अधिग्रहण किया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण में 46 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। सेकंड चरण में 74 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। शेष लक्ष्य जल्द ही प्राप्त कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी से कहा कि किसानों के साथ मीटिंग बुलाकर समझाएं एवं भुगतान कराएं।

सभापति ने पुलिस विभाग से संबंधित आरक्षियों के भुगतान संबंध में जानकारी ली। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पांच लोगों को छोड़कर सभी लोगों का भुगतान कर दिया गया है। सभापति ने कहा कि लोगों का भुगतान नहीं हुआ है, उन्हें बुला कर वार्ता कर समाधान करें। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत से कहा कि जनपद में साफ-सफाई बनी रहनी चाहिए। वन विभाग को निर्देशित किया कि पर्वतों पर के वृक्ष लगाकर सौंदर्यीकरण करें। साथ ही उपस्थित सभी विभागों के सम्बन्धित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला उद्यान अधिकारी व जिला युवा कल्याणकारी के अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में समिति के सदस्य उमेश द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य डॉ केपी श्रीवास्तव, वीकान सिंह, सलिल बिश्नोई, जितेंद्र सिंह सेंगर, मानिकपुर विधायक अविनाश चतुर्वेदी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी एनआरएलएम ओपी मिश्रा, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अनुसचिव सतीश यादव, निजी सचिव कपिल श्रीवास्तव, प्रतिवेदक सुधीर, समीक्षा अधिकारी मनोज गिल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नवागंतुक पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने जिले में किया पदभार ग्रहण



**महोबा ।** प्रदेश सरकार द्वारा कानून व्यवस्था मैं सुधार रखने हेतु पुलिस अधीक्षक पलास बन्सल द्वारा लगभग 7 माह तक इसी जिले में जनता के हितो में सेवाए दी और अपराधियों के उपर ताबड़तोड़ कार्यवाही कर शांति का माहौल कायम करने प्रयास किया लेकिन शासन द्वारा पलाश बन्सल एसपी कोबांदा नियुक्त किया गया वही महोबा के लिए 1992 बैच के पीपीएस प्रबल प्रताप सिंह को 2022 में प्रमोट कर उन्हे आईपीएस बनाया गया था एवं इनके द्वारा लखनऊ में भी सेवाएं दी हैं स वर्तमान में प्रबल प्रताप सिंह को महोबा एसपी बनाया गया नवागंतुक पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पदभार ग्रहण करते ही अपने अधीनस्थों को सख्त हिदायत देते हुए कहा की अप ने सेवा क्षेत्र में समय से ड्यूटी पर मुस्तैद हो ड्यूटी के समय लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं जनपद में गुंडा माफिया सट्टा जुआ अवैध कारोबार करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी एसपी प्रबल प्रताप सिंह कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने एवं शांति का माहौल कायम करने में प्राथमिकता रहेगी और अपराधियों पर पैनी निगाहें रखते हुए अपराध में अंकुश लगेगा तथा अपनी शिकायत लेकर आए हुए फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार कर न्याय दिए जाने का कार्य तत्परता पूर्वक होगा

# प्रेस क्लब द्वारा मोमबत्ती जलाकर पहलगाम में मारे गए हिन्दुओं को दी श्रद्धांजलि



**महोबा।** प्रेस क्लब के तत्वाधान में पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले में मारे गए बेगुनाह हिन्दुओं व एक स्थानीय मुस्लिम नागरिक की आत्मा की शांति के लिए में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की एवं मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन रखा। प्रेस क्लब द्वारा उदल चौक से पैदल मार्च कर सुभाष चौक पर पहुंचे पाकिस्तान मुर्दाबाद के गगन भेदी नारे लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा ने कहा कि इस जघन्य हमले के दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए ताकि फिर ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। इस हुई घटना की घोर निंदा करते हैं

वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाएंगे। कि इस आतंकी घटना से पूरी दुनिया स्तब्ध है सभी देश भारत के साथ हैं। वे आतंकी और उनके मददगार बख्शे नहीं जाएंगे। हमारे सुरक्षा बल उनको पाताल से भी खोज निकालेंगे। इस मौके पर अशोक बाजपेई गोरेलाल कुशवाहा सौरभ अग्रवाल धीरेंद्र सिंह चौहान प्रकाश सक्सेना सुमित तिवारी राजेश चतुर्वेदी उमाशंकर कुशवाहा पिंकू अवस्थी शिव प्रताप सिंह भदोरिया उमाकांत द्विवेदी बिहारी लाल के अलावा काफी संख्या में पत्रकार बंधु एवं प्रेस क्लब के लोग मौजूद रहे

# खदान हादसारू भरतकूप क्षेत्र में धंसी खदानए तीन मजदूर घायल

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के कोरारी गांव स्थित एक पत्थर खदान में बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। गाटा संख्या 1078 के खंड संख्या 37 की खदान अचानक धंस गईए जिससे खंड 38 में काम कर रहे तीन मजदूर घायल हो गए।और पहाड़ के नीचे खड़ी मशीनें दब गई। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद मजदूरों ने घायल साथियों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।रात लगभग 11 बजे खदान में मजदूर रोज की तरह पत्थर निकालने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक खदान का एक बड़ा हिस्सा धंस गया। खदान के नजदीकी हिस्से में काम कर रहे खंड 38 के मजदूर चपेट में आ गए। धंसी हुई मिट्टी और पत्थरों के नीचे दबने से तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही भरतकूप थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू कराया। घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गयाए जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# डीएम ने नेताओं के साथ किया ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण




**चित्रकूट ब्यूरोः** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को प्रशासनिक अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम और वीवी पैट वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में तैनात सुरक्षा कर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटि करने के लिए निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों को निर्देशित किया कि सभी लोग मुस्तैदी के साथ ड्यूटि करें। साथ ही ईवीएम और वीवीपैट की सुरक्षा की दृष्टि से परिसर में लगे सीसी टीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया। निर्देशित किया कि कैमरों का संचालन लगातार होते रहना चाहिए तथा समस्या आने पर तुरंत अवगत कराए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव सहित अपना दल (सोने लाल) के जिलाध्यक्ष हेमराज सिंह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सिया पटेल, बहुजन समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष प्रिंस कुशवाहा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला, नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार सोनी, नगर अध्यक्ष भाजपा रवि गुप्ता, कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष सपा लोहिया वाहिनी अमर पटेल आदि मौजूद रहे।

### चलती कार में लगी आग

इटावा। कोतवाली थाना क्षेत्र की इस घटना में कार पूरी तरह से जलकर राख हो गई। माना जा रहा है कि भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण कार में शॉर्ट सर्किट हुआए जिससे आग लग गई। घटना के दौरान स्थानीय लोग मौके पर मौजूद थे। उन्होंने जलती हुई कार का वीडियो तो बनायाए लेकिन आग बुझाने का कोई प्रयास नहीं किया। गर्मी के कारण लगी आग फायर ब्रिगेड को सूचना दी गईए लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही कार पूरी तरह से जल चुकी थी।

# आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** पहलगाम जम्मू कश्मीर में हुए हिंदुओं के नरसंहार के प्रतिकार के लिए भारत विकास परिषद एवं फर्रूखाबाद फोटो क्लब ने एकत्रित होकर सामूहिक एक जुटता के साथ तीखा विरोध प्रदर्शित किया जिसमें मारे गए निर्दोषों के लिए मोमबत्ती जलाकर एवं 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें लगभग आधा सैकड़ा लोग सम्मिलित हुए अमित राठौर मुकेश शुक्ला व्यापारी नेता संजय गर्ग स्वतंत्र प्रकाश वर्मा सोनू शुक्ला भरत सिंह नन्द किशोर अनुराग पान्डेय चौरसिया आलोक शाक्य आलोक प्रजापति कमलेंद्र कुशवाहा दलपत सिंह राठौर नरेंद्र पाल सिंह राजीव कनौजिया प्रफुल्ल अग्रवाल अनुपम पुरवार आलोक राय ज्यादा के के पाठक संजय गर्ग अभिषेक त्रिवेदी अनुज चौहान अनीता पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

# ऊर्जा मंत्री ने दिए निर्देश किसानों को मिलेगी 10 घंटे विद्युत आपूर्ति



**छिबरामऊ कन्नौज।** पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे ने जनता दरबार के समय किसने की समस्या से ऊर्जा मंत्री को अवगत कराया ऊर्जा मंत्री ने विद्युत विभाग को किया निर्देशित । पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे मैं 21 4 25 को जनता दरबार में आए किसानों की बात सुनकर विद्युत मंत्री के लिए पत्र लिखकर दूरभाष पर संपर्क स्थापित कर किसने की समस्या से ऊर्जा मंत्री को अवगत कराया ऊर्जा मंत्री द्वारा विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि छिबरामऊ में किसानों को सिंचाई के लिए 10 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए छिबरामऊ विधानसभा का कैंप कार्यालय को सूचित किया जाए की विद्युत आपूर्ति सुचार रूप से चालू कर दी गई है किसानों को मिलेगी 10 घंटा विद्युत आपूर्ति।

# बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर किसान नेताओं ने दिया प्रार्थना पत्र

**छिबरामऊ कन्नौज** आवश्यकता अनुसार बिजली आपूर्ति न होने से किसानों की सूख रही फसलों की समस्या का संज्ञान लेकर किसान नेताओं ने उपखण्ड अधिकारी से की मुलाकात। बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन ;स्वराजद्ध जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा पुष्पेंद्र सिंह राठौरए जिला उपाध्यक्ष अन्नू यादवए नगर अध्यक्ष तालग्राम अहमर हुसैनए व तहसील अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ अधिवक्ता जसीम अहमद ने दर्जनों किसानों के क्षेत्र में अनियमित बिजली कटौती से सूख रही फसलों की समस्याओं को लेकर उपखण्ड अधिकारी उपखण्ड तालग्राम पंकज कुमार से पहुंचकर मुलाकात की एवं किसानों की बिजली संबंधी समस्याओं से अवगत कराया साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द समस्या का निस्तारण न किया गया और किसानों को आवश्यकता अनुसार बिजली मुहैया न कराई गई तो कार्यालय पर धरना देने के लिए मजबूर होंगे। जिस पर उपखंड अधिकारी ने उनकी समस्या को उच्चाधिकारियों के समक्ष रखकर निस्तारण करवाएंगे। इस मौके पर फखरे आलमए शानू खानए इमरानए रशीदए आयुषए अनिरुद्ध आदि दर्जनों किसान व युवा मौजूद रहे।

# महिला की फांसी लगने से मौत

.परिजनों ने लगाया हत्या का आरोपए मामला दर्ज

**ऊसराहारए इटावा।** दहेज के लिए पति ने पत्नी की पीट पीटकर व फंदे पर लटकाकर हत्या कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे महिला के परिजनों ने तहरीर दी पुलिस ने दहेज हत्या में मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम कराया है। ऊसराहार थाना क्षेत्र के नगला हंसे निवासी नवनीत यादव ने बुधवार दोपहर करीब एक बजे अपनी पत्नी प्रीती ;30द्ध की पीट पीटकर व फंदे पर लटकाकर हत्या कर दीए ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने महिला के भाई विमलेश यादव निवासी दीनपुरा थाना भरथना को फोन पर जानकारी दीए घटना की सूचना मिलते ही महिला के परिजन नगला हंसे पहुंचे जहां महिला घर में मृत पड़ी मिली और ससुराल वाले घर से फरार थे प्रीती की तीन बर्षीय बेटी परी व चार माह का बेटा शिवांश शव के पास रोते मिलेए परिजनों ने ऊसराहार थाना पुलिस को घटना की सूचना दी मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों की तहरीर पर महिला के पति नवनीत यादवए ससुर ब्रजराज सिंहए सास शीतला देवी के खिलाफ मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं प्रीती के भाई विमलेश यादव ने बताया कि उन्होंने अपनी बहिन प्रीती की शादी अप्रैल 2021 में की थी शादी के कुछ दिनों के बाद से ही ससुराल वाले कार व अतिरिक्त दहेज के लिए आये दिन मेरी वहन को प्रताड़ित करते और मारपीट करते थे बुधवार को उन्होंने हत्या कर दी।प्रीती की तीन वर्षीय बेटी परी ने बताया कि पापा ने पहले मां को चप्पलों से मारा फिर सब्जी रोटी उनके ऊपर डाल दीए मट्ठा ऊपर डाला और पीटते हुए फंदे पर लटका दिया। वहीं इस संबंध में थानाध्यक्ष ऊसराहार मंसूर अहमद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि महिला की दहेज के लिए हत्या कर दी गई परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट में आईजीआरएस से संबंधित समीक्षा बैठक की

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को ओवरऑल ऑफिसर फील्ड विजिट रिपोर्ट बनाने को लेकर जोर दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ता से संपर्क न किए जाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संतोषजनक व असंतोषजनक फीडबैक पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को सुनें समझे व याद रखे एवं समय से उसका निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस में जनपद की रैंक को सुधारना है। उन्होंने कहा कि रैंकिंग को सुधारने के लिए फीडबैक एवं ओवरऑल ऑफिसर फील्ड विजिट रिपोर्ट पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के फीडबैक को असंतोषजनक बताया एवं जिला पूर्ति विभाग के फीडबैक को संतोषजनक बताया। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तवए उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघवए जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठीए श्रम आयुक्त श्वेता गर्ग सहित समस्त उप जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सरकारी स्तर पर 29 जून को भामाशाह की जयंती मनाई जाएगी



स्वतंत्र भारत संवाददाता

**फर्रूखाबाद।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी ने फतेहगढ़ स्थित पी डब्ल्यू डी के डाक बंगले में पहुंच कर व्यापारियों से मंत्रणा की। उनके यहां आने का मकसद संगठन सदस्यों से संपर्क करना था । डाक बंगले में उनकी अगवानी संगठन के कानपुर मंडल के मंडल संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने की । कानपुर मंडल के संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता ने श्री त्रिपाठी जी को बुके देकर स्वागत व अभिनंदन किया उनके साथ में संगठन के सभी पदाधिकारियों ने अपने प्रादेशिक नेता का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया ।

श्री त्रिपाठी ने व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग व्यापारियों के सच्चे हितैषी हैं और अच्छे व्यापारी नेता है जो सदैव व्यापारी हितों की चिंता करते हैं। उन्होंने बताया कि व्यापारी समाज का एक महत्वपूर्ण अंग होता है और साथ में व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ भी कहलाता है । इसलिए सरकारों को व्यापारियों की सुरक्षा एवं रक्षा की चिंता करनी चाहिए तथा व्यापारियों और उद्यमियों को सम्मान देना चाहिए । हालांकि हमारी वर्तमान सरकार लगातार व्यापारियों के हित में फैसले ले रही हैएजिससे व्यापारियों का काफी हित हो रहा है लेकिन अभी भी कुछ अधिकारी और कर्मचारी अपने पुराने ढर्रे पर ही कार्य कर रहे हैं उन्होंने आगे बताया कि उनकी राष्ट्रीय अध्यक्ष से इस संबंध में बात हुई है

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि शीघ्र केंद्रीय वित्त मंत्री तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से समय लेकर उनसे हम लोग वार्ता करेंगे तथा विभिन्न व्यापारिक समस्याओं के निदान करने के लिए उन्हें मांग पत्र देकर मांग करेंगे कि उन समस्याओं का निदान शीघ्र किया जाए तथा जो भी भ्रष्ट अधिकारी और कर्मचारी हैं उन पर शक्ति से सख्त कार्रवाई की जाए । उन्होंने बताया कि देश की अर्थव्यवस्था को सबसे ज्यादा सहयोग व्यापारी करता है व्यापारी अपने ग्राहकों से जीएसटी वसूल करके सरकार तक पहुंचाता है अर्थात सरकार की आय प्राप्ति ;कर वसूलीद्ध में उपभोक्ता और सरकार के बीच एक कड़ी के रूप में व्यापारी अपनी भूमिका नियमबद्ध तरीके से निभाता है ।आगे उन्होंने कहा कि जिस देश का व्यापारी खुश होगा वह देश आर्थिक सशक्तिकरण की तरफतेजी से बढ़ेगा । एक तरफ देश का किसान अन्नदाता कहलाता है तो दूसरी तरफ देश का व्यापारी देश का भाग्य विधाता कहलायेगा । उन्होंने उनसे मिलने आए व्यापारिक प्रतिनिधि मंडल को विश्वास दिलाया कि वह व्यापारिक समस्याओं के हल के लिए हमेशा उनके साथ खड़े होंगे उन्होंने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तारीफकरते हुए कहा कि अब योगी सरकार में प्रदेश में व्यापारियों का गुंडोंए बदमाशों और माफियाओं द्वारा होने वाला शोषण बिल्कुल बंद हो चुका है और पूरे प्रदेश में व्यापारी सहित पूरा समाज भय मुक्त हो चुका है । प्रदेश में अच्छी कानून व्यवस्था उन्होंने मुख्यमंत्री योगी द्वारा 29 जून को भामाशाह जयंती सरकारी रूप में मनाने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि इससे व्यापारियों का मान सम्मान प्रदेश में बढ़ा है। इस मौके पर मुख्य रूप से संगठन के कानपुर मंडल के संगठन मंत्री मुकेश गुप्ता जिला चेयरमैन सर्वेश अग्रवाल सुभाष बंसल नरेंद्र अग्रवालअर्पण अग्रवाल नगर युवा अध्यक्ष संदीप सक्सेना युवा मंत्री मनोज अग्रवाल मोहित यादव शुभम यादव आकाश गुप्ता जिला युवा अध्यक्ष संदेश अग्रवाल प्रबल महेश्वरी रविकांत गुप्ता सहित व्यापारी नेता मौजूद रहे।

### शावक की मौत

इटावा। 20ए 21 अप्रैल की रात्रि में सफारी पार्क की बब्बर शेरनी रूपा द्वारा जन्में 4 शावकों को दूध पिलाते समय शेरनी द्वारा एक शावक के ऊपर अचानक बैठ जाने के कारण उसकी मौत 22 अप्रैल की दोपहर को हो गयी। शावक में जब देर शाम तक कोई हरकत न देखे जाने के कारण सफारी प्रशासन द्वारा सीसीटीवी फुटेज देखा गया जिसमें संज्ञान में आया कि उक्त शावक पर शेरनी द्वारा अचानक बैठ जाने के कारण उक्त घटना हुई है। उक्त मृत शावक का पोस्टमार्टम गठित पैनल द्वारा किया गया है। शेरनी रूपा का आचार व्यवहार अन्य शेरनियों से अलग हैए वह अपने शावकों के पास पूरे दिन नहीं जा रही है

# रेड क्रॉस समिति के शिविर में 260 मरीजों को देखा गया



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रूखाबाद।इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से डिस्ट्रिक्ट कोर्ट परिसर में आई कैंप का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन का जिला जज विनय कुमार ने किया ।

उन्होंने समिति के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोर्ट कैंपस में काफी लोगों को इसका लाभ मिला उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस का डिस्ट्रिक्ट कोर्ट परिसर में दूसरा कैंप है । कैंप में एडिशनल जिला जज संजय कुमार ने कैंप को सुचारू रूप से करने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए स वह समय.समय पर कैंप का जायजा लेते रहे । डॉक्टर निश्चित भट्ट ने रोगियों को देखकर उचित परामर्श दिया सकैंप में 260 मरीजों को देखा गया और दवा वितरित की गई ।

# पूर्व विधायक कप्तान सिंह यादव की 14 पुण्यतिथि पर फूल अर्पित किये और नमन किया



**छिबरामऊ कन्नौज।** सराय दौलत सिंकदरपुर में पूर्व विधायक कप्तान सिंह यादव की 14 पुण्यतिथि पर फूल अर्पित किये और नमन किया छिबरामऊ पूर्व विधायक अरविन्द सिंह यादव जी ने आप हमेशा याद आओग।

एक व्यक्ति जिसने समाजवाद को विचारधारा से असल धरा पर उताराएजिस व्यक्ति ने हमेशा धर्म और जाति से ऊपर मानव धर्म को रखकर कन्नौज.फर्रुखाबाद के हर गरीबए शोषित को आगे बढ़ाने का काम कियाएजिस व्यक्ति को हमेशा हर धर्म और समाज से प्यार और सम्मान मिलाएजिनकी कड़क आवाज़ और स्पष्टवादिता के चर्चे आस.पास के कई ज़िलों में हैं ।ऐसे महान समाजवादी नेता जो कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य भी थेए संयुक्त कन्नौज.फर्रुखाबाद ज़िले के पंचायत अध्यक्ष भी रहेए दो बार छिबरामऊ विधानसभा से विधायक रहेए पूज्य पिताजी स्व? श्री कप्तान सिंह यादव जी की पुण्यतिथि पर आपके चरणों में सादर नमन । आप हमेशा हमारे प्रेरणास्त्रोत रहेंगे इस मौके पूर्व ब्लाक प्रमुख सोनू यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य शैलेन्द्र यादव अमन खान सुग्रीव यादव सुरेश चंद यादव मास्टर साहब राकेश कठेरिया टोनी कटियार मैजूद रहे

# पाकिस्तान को सिखाया जाए कड़ा सबक - मनोज दुबे



**. उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

**छिबरामऊए कन्नौज।** पुरानी गल्ला मंडी में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की गई।

उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं छिबरामऊ नगर पालिका के अध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला न केवल मानवता के खिलाफहैए बल्कि भारत की संप्रभुता पर सीधा हमला है। अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को उसकी हरकतों का कड़ा सबक सिखाया जाए। भारत सरकार को कठोर कदम उठाकर आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हमला आतंकवाद की वह क्रूर सच्चाई हैए जिसे हम बार.बार देख रहे हैं। यह सिर्फ एक हमला नहींए बल्कि हमारे देश की एकता और अखंडता को चुनौती है। हम उद्योग व्यापार मंडल के सभी सदस्य एकजुट होकर इस हमले के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं और सरकार से अपील करते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक और सैन्य स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता श्लालूश् ने कहा यह हमला कायरतापूर्ण और अमानवीय है। आतंकवादी संगठनों को प्रायोजित करने में पाकिस्तान की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। हम व्यापारी समुदाय इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए सरकार से मांग करते हैं कि वह आतंकवाद के खिलाफ सख्त नीति अपनाए। छिबरामऊ का व्यापारी वर्ग शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके परिवारों के साथ खड़ा है। इस दौरान सत्यनारायण वर्माए अमित भारतीयए शिवम दुबेए राजीव कुमार मिश्राए प्रभाकर गुप्ताए सत्य प्रकाश गुप्ताए उमेश गुप्ताए अबली गुप्ताए सुशील कुमार गुप्ताए सुधीर कुमार गांधी गुप्ताए कल्लूए इलियासए रिंकूए रामदत्त गुप्ताए प्रियांशु गुप्ता एवं सोनू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। सभी ने मोमबत्ती जलाकर मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## खबर एक नज़र

### नीम करोली मंदिर में पॉलीथिन प्रतिबंधित

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ आशुतोष कुमार द्विवेदी ने नीम करोली मंदिर का निरीक्षण किया नीम करौली से संबंधित सड़कों के निर्माण का जायजा लिया वहां की सफाई का निरीक्षण किया साफसफाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए गौशाला का निरीक्षण किया टॉयलेट का निरीक्षण किया बाहर लगी हुई दुकानों में जो अतिक्रमण कर रखा है उसको तत्काल हटाने के निर्देश दिए न हटाने की दिशा में कठोर कार्यवाही के लिए निर्देश दिए मंदिर क्षेत्र को पॉलिथीन से प्रतिबंधित किया है जिलाधिकारी मंदिर के प्रशासक के रूप में व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी के साथ एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति एसडीएम सदर रजनीकांत आदि अधिकारी उपस्थित रहे

### मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में लगी गोलीए तीन गिरफ्तार

**इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र में पुलिस ने महिलाओं से लूटपाट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। देर रात पुलिस चेकिंग के दौरान बदमाशों से मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक बदमाश को गोली लगी और दो अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

बलरई थाना प्रभारी बलराम मिश्रा अपनी टीम के साथ नगला राम सुंदर मोड पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक बिना नंबर प्लेट की सफेद कार तेज रफ्तार में आई। पुलिस ने कार रोकने का प्रयास किया। कार सवार भागने लगे और उनकी गाड़ी मोड़ पर बने गेट से टकरा गई। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 21 वर्षीय बदमाश रामू के बाएं पैर में गोली लग गई। पुलिस ने रामू के साथ 23 वर्षीय जीतू और 20 वर्षीय राजकुमार को गिरफ्तार किया। दो बदमाश भागने में सफल रहे। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह शादी.विवाह से लौट रही महिलाओं का पहले एक्सीडेंट करता था। फिर लड़ाई.झगड़ा करके उनके जेवर लूट लेता था। बदमाशों ने 20 अप्रैल को बलरई थाना क्षेत्र में एक महिला से लूटपाट की थी। इन्होंने जसवंतनगर क्षेत्र में भी एक लूट की वारदात को अंजाम दिया था। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि घायल बदमाश रामू को सीएचसी जसवंतनगर में भर्ती कराया गया है। अन्य आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ सैफईए जसवंत नगर और चकरनगर की एसओजी टीम मौके पर पहुंची और जांच की गई। पुलिस टीम में उग्निण् समित चौधरी प्रभारी एसओजीए उग्निण् नागेन्द्र चौधरीए उग्निण् निर्मल कुमार रहे। एसएसपी ने मुठभेड़ में लुटेरों को पकड़ने करने वाली पुलिस टीम को 20 हजार रूपए इनाम दिए।

### बारामुला की आतंकवादी घटना मानवता को शर्मशार करने वाली. दीपक

इटावा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कश्मीर के बारामूला में आतंकवादियों द्वारा नृशंसता पूर्वक निहत्थे 27 हिंदू पर्यटकों की हत्या की तीव्र भर्त्सना करते हैं। मंडल ऐसी घटनाओं पर खामोश नहीं रह सकता। भारत को इस हत्याकांड का इतना खूंखार बदला लेना चाहिए कि आने वाले समय में बाहरी लोग इस हत्याकांड का नाम सुनते ही खामोश हो जाए। फिलवक्त भारत की बागडोर एक ऐसे सशक्त नेता नरेंद्र मोदी के हाथ में है। इसलिए विचार केवल इतना हो सकता है कि अभी बदला लेने में कुछ घंटे लगेंगे या कुछ दिन अवश्य लगे परंतु हमले के बाद परिस्थितियों पूरी तरह करवट ले सकती हैं। इतना निश्चित है कि हमले के बाद की संरचना में आमूल चूल परिवर्तन आने वाला है। इस समय विश्व के अधिकतर देश भारत के साथ हैं और आतंक के खिलाफ हमले का समर्थन कर रहे जो भारत के दबदबे का प्रतीक है। 27 मिनट में एक नाम नौसेना अधिकारी विनय नरवाल का भी है जो भारतीय सेवा को बहुत ज्यादा परेशान कर रहा है।

### नए डीएम पीड़ितों की सुन रहे है समस्या

.फरियादी कर रहे है नए डीएम की प्रशंसा

इटावा। नए जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कार्यभार संभालते ही प्रशासन में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने सबसे पहले डीएम कार्यालय का वीआईपी गेट खुलवा दिया। यह वही गेट है जिससे आम लोगों को गुजरने में परेशानी होती थी। आने वाले फरियादी कर रहे है नए डीएम की प्रशंसा।

डीएम शुक्ल ने अपने कार्यालय में एसी बंद करवा दिए हैं। वे आम लोगों की तरह सामान्य कमरे में बैठकर शिकायतें सुन रहे हैं। उन्होंने समय की पाबंदी पर भी जोर दिया है। वे खुद समय पर दफ्तर पहुंच रहे हैं। अधिकारियों को भी समय पर आने के निर्देश दिए हैं। इसका असर यह हुआ है कि पहले देर से आने वाले अधिकारी अब समय से पहले दफ्तर पहुंच रहे हैं। जिलाधिकारी की कोर्ट रूम भी अब आम जनता के लिए खुली है। डीएम शुक्ल खुद लंबित मामलों की सुनवाई कर रहे हैं। इससे न्याय प्रक्रिया तेज हुई है। साथ ही प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ी है। कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों का कहना है कि पिछले तीन सालों में जो नौकरशाही का अहंकार थाए वह अब खत्म होता दिख रहा है। आम लोग अब खुद को प्रशासन का हिस्सा महसूस कर रहे हैं। हालांकि कुछ अधिकारी इस नई व्यवस्था से असहज जरूर महसूस कर रहे हैंए लेकिन आम जनता में इस बदलाव को लेकर खासा उत्साह और संतोष देखा जा रहा है। लोग अब बेझिझक अपनी समस्याएं रखने कार्यालय आ रहे हैं और उन्हें समय रहते समाधान भी मिल रहा है। इटावा में शुभ्रांत कुमार शुक्ल के आगमन के साथ ही एक नई प्रशासनिक कार्यशैली ने जन्म लिया हैए जो न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करती है बल्कि जनहित को प्राथमिकता देती है। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि यह बदलाव कितनी दूर तक असर करता है और क्या यह प्रणालीगत सुधारों की ओर भी इशारा करता है। जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे एक बुजुर्ग ने बताया कि मेरी एक समस्या को लेकर आए थे डीएम साहब ने पूरी तरह मेरी बात सुनी और कहा कि अब आपको नहीं आना हैए आपकी समस्या का समाधान हो जायेगा। पहले भी चक्कर लगाए थे लेकिन सुनवाई नहीं हुई आज दरवाजे भी खुले है कार्यालय के डीएम से मिलना आसान हुआ।

### आतंकी हमले के विरोध में जनाक्रोश

**इटावा।** जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दो दर्जन से अधिक लोगों की मौत के बाद इटावा में जोरदार विरोध प्रदर्शन हुआ। बकेवर और लखना नगर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने कैंडल मार्च निकाला।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव त्रिपाठी के नेतृत्व में सब्जी मंडी से कैंडल मार्च की शुरुआत हुई। मार्च सदर बाजार और बाईपास तिराहे होते हुए कालका देवी मंदिर तक पहुंचा। व्यापारियों ने मोमबत्तियां जलाकर पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की। बड़ी कार्रवाई की उम्मीद लखना के व्यापारी नेता राज ऋषभ शंकर शुक्ला और जगवेन्द्र सिंह चौहान ने पहलगाम की घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक से पाकिस्तान को जवाब दिया है। उन्हें विश्वास है कि इस बार भी केंद्र सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। शोकसभा आयोजित की गई बकेवर कस्बे में सहकारी संघ अध्यक्ष बृजेश शर्मा की अगुवाई में शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान नंदकुमार शुक्लाए सभासद पुष्पेन्द्र त्रिपाठीए महेंद्र दोहरे समेत कई गणमान्य लोगों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने आतंकी घटना की कड़ी निंदा की और सरकार से उचित कार्रवाई की मांग की।

### सूने पड़े घर को चोरों ने बनाया निशाना

**बकेवरए इटावा।** थाना क्षेत्र के गांव गौतमपुरा से शादी समारोह में शामिल होने गये गृह स्वामी की अनुपस्थित में सूने पड़े घर को निशाना बनाकर चोरों ने 6 हजार रूपये सहित सोने चांदी के आभूषण के अलावा अन्य सामान चोरी कर ले जाने में सफल रहे पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध चोरी की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरु कर दी है। राजकुमार पुत्र प्रेम शंकर निवासी गौतमपुरा ने थाने में दिऐ शिकायती पत्र में बताया कि 16 अप्रैल को अपने परिवार सहित मकान में ताला लगाकर इटावा में अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गया था। अगले दिन जब वह सुबह सात बजे के करीब घर वापस आये। घर के अंदर जाकर देखा तो गृस्थी वाले कमरे का दरवाजा खुला हुआ था तथा कुन्डा टूटा हुआ था। कमरे के अंदर रखी अलमारी खुली हुई थी। तथा बेड के कबड़ खुले पड़े हुऐ थे। अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर अलमारी में रखे छः हजार रुपये नगदी के अलावा सोने चांदी के आभूषण सहित अन्य सामान चोरी कर ले गये। पुलिस ने पीड़ित के शिकायती पत्र पर चोरी की घटना के सात दिन बाद चोरी का मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# दिल्ली में भारी जनाक्रोश का सार्वजनिक प्रदर्शन करने की तैयारी

## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में सड़क पर उतरेंगे साधु-संत, व्यापारियों ने बाजार बंद रखने का किया ऐलान




**नई दिल्ली, ब्यूरो।** पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने जिस तरह से निर्दोष पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर नृशंस नरसंहार को अंजाम दिया है उससे पूरा देश बुरी तरह उबल रहा है। हालांकि केन्द्र सरकार की ओर से फौरी कार्रवाई करते हुए सिंधु जल समझौता स्थगित करने से लेकर दूतावास को तालाबंदी के कगार पर पहुंचा देने सहित पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा निरस्त कर देश से खदेड़ने और अटारी सीमा सील कर देने सरीखे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सार्वजनिक मंच से ऐलान कर दिया गया है कि भारत की आत्मा पर हुए इस आघात का ऐसा बदला लिया जाएगा जिसकी इस वारदात को अंजाम देने वालों से लेकर इस साजिश में शामिल लोगों ने कल्पना भी नहीं की होगी। यहां तक कि पीएम मोदी ने आतंक की बची-खुची जमीन को भी मिट्टी में मिला देने का संकल्प ले लिया है। लेकिन सरकार के इस कड़े रुख के बावजूद पूरे देश की ही तर्ज पर राजधानी दिल्ली का जनाक्रोश भी शांत नहीं हो रहा है। यही कारण है कि दिल्ली में पहलगाम नरसंहार के खिलाफ पैदा हुए भारी जनाक्रोश का लगातार प्रदर्शन हो रहा है और जहां एक ओर आज पाकिस्तान दूतावास के सामने प्रदर्शन से लेकर सूबे के मुख्य विपक्ष दल द्वारा विरोध मार्च और पूर्वी दिल्ली में आचार्य विक्रमादित्य की अगुवाई में प्रदर्शन एवं दक्षिणी दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित आर्य समाज मंदिर में राष्ट्र रक्षा यज्ञ के आयोजन सहित व्यापारियों और कलाकारों ने भी काली पट्टी बांध कर सड़क पर प्रदर्शन किया वहीं दूसरी ओर शुक्रवार को और अधिक बड़े स्तर पर जनाक्रोश के सार्वजनिक प्रदर्शन की योजना बनाई गई है। इसके तहत जहां एक तरफ विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने साधु-संतों के सानिध्य में जंतर मंतर पर विशाल प्रदर्शन करने का ऐलान किया है वहीं देश भर के छोटे एवं मंझोले व्यापारियों की सबसे बड़ी संस्था कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स यानी कैट की ओर से राजधानी दिल्ली के तमाम छोटे-बड़े व्यावसायिक केंद्रों में बाजार बंद रखने की घोषणा की गई है।

हालांकि विहिप और बजरंग दल की ओर से बताया गया है कि शुक्रवार को पहलगाम नरसंहार के विरोध में पूरे देश में जनाक्रोश का व्यापक प्रदर्शन कर जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन किया जाएगा लेकिन चूंकि मामला सामने आने के बाद समूचे संसार की नजरें राजधानी दिल्ली पर टिकी हुई हैं लिहाजा यहां जनाक्रोश के विराट स्वरूप को प्रदर्शित करने की तैयारी की गई है। इसकी जानकारी देते हुए विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने बताया है कि दिल्ली के जंतर मंतर पर विशाल प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा जिसमें साधु-संतों के साथ ही हजारों की तादाद में आम लोग भी हिस्सा लेंगे। इस प्रदर्शन के बारे में श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी राघवानंद ने बताया कि दिल्ली के सभी सनातन धर्म मंदिरों एवं सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से इसके लिए संपर्क करके यह सुनिश्चित किया गया है कि एकजुट होकर मजबूती से अपने आक्रोश का प्रदर्शन करने के लिए अधिक से संख्या में सभी लोग जंतर-मंतर पहुंचें। इसके अलावा दिल्ली के व्यापारी वर्ग ने भी शुक्रवार को बाजार बंद रखने का ऐलान किया है जिसके तहत सदर बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा, खान मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजीव मेहरा और चांदनी चौक व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजीव बत्रा सहित अलग-अलग व्यापारी संघों ने भी सरकार से पहलगाम की वारदात का मजबूती से बदला लिए जाने की मांग करते हुए इस घटना के विरोध में एक दिन के लिए बाजार बंद रखने पर सहमति जताई है। इसके लिए कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने भी बंद का आह्वान करते हुए बाजारों में शांति व्यवस्था बनाए रखने की गुजारिश की है।

# सुखड़ा डाक बंगला पर तीन जिलों के पुलिस अधिकारियों संग नक्सल समस्या पर बैठक



**हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सुखड़ा स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगला परिसर के सभागार में बुधवार को नक्सल प्रभावित जिला सोनभद्र के अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में नक्सल बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें समीपवर्ती नक्सल प्रभावित चंदौली, मिर्जापुर व सोनभद्र के पुलिस अधिकारी शामिल रहे। बैठक में नक्सली गतिविधियों पर चर्चा के दौरान उन पर नजर रखने पर बल दिया गया और बताया गया कि समय समय पर इनकी स्थानीय थाने पर उपस्थिति दर्ज कराई जाए। नक्सली गांवों में हुए विकास कार्यों की समीक्षा भी की इस दौरान की गई।बताया कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की सीमा पर चौकसी बरती जा रही है। वन क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चंदौली जनपद में चार जिलों के पुलिस व पीएसी के अधिकारियों ने बैठक के दौरान अपने अपने क्षेत्र की समस्याएं आदान प्रदान किए और उस पर गहन मंत्रणा भी की। चंदौली के अलावा, मिर्जापुर व सोनभद्र पुलिस व पीएसी के अधिकारियों ने मंथन कर इसमें सतर्कता बढ़ाने और सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर सहमति बनाया। तय हुआ कि कांबिंग बढ़ाकर नक्सल गतिविधियों पर नजर रखी जाए।अपर पुलिस अधीक्षक नक्सल सोनभद्र के नेतृत्व में हुई बैठक में जेल से छूटकर आए नक्सलियों की आय के स्रोतों का व उनसे मिलने-जुलने वालों का पता लगाने पर मंथन किया गया।इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय, राजगढ़ से उपनिरीक्षक रविप्रकाश, करमा से जय राम सिंह, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश यादव, इमरान खान, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

## पंद्रह पाउच देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अदवा कालोनी मोड़ से पुलिस ने पंद्रह पाउच देशी शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है।

एसआई चरण सिंह मय हमराह हेड कांस्टेबल बृजेश राय के साथ मुखबिर की सूचना पर अदवा कालोनी मोड़ से पटपरा गांव निवासी सुजीत पटेल को गिरफ्तार कर आरोपित के पास से पंद्रह पाउच देशी शराब ब्लू लाइम बरामद करते हुए आरोपित के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को चेतावनी देते हुए निजी मुचलके पर छोड़ दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की पंद्रह पाउच देशी ब्लू लाइम शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## मुर्गी फार्म हाउस की मक्खियों से लोग परेशान

**हलिया (मिर्जापुर)।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय के बगल हलिया ग्राम पंचायत के कुबरा मजरे पर बने राइजिंग मुर्गी फार्म में 10 हजार 65 मुर्गी रखी गयी है। मुर्गीयो के बीट से आ रहे दुर्गन्ध व मक्खियों के कारण बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी कार्यालय में नहीं बैठ पाये वहीं क्षेत्रीय लोगों ने बीडीओ से शिकायत कर्ता राजेश मौर्य, लालजी मौर्य, सुरेश शुक्ल, अनूपसिंह, रोहित सिंह, सभाष मौर्य ने बताया कि भटवारी, दिघिया गाँव के लोगों को मक्खियों के कारण खाना पीना दुस्वार हो गया है। दुर्गन्ध के कारण दो किलोमीटर दूर तक प्रदूषण फैल रहा है। जिस पर बीडीओ ने कडी फ्टकार लगाते हुए पशु चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार को मौके पर भेज कर उचित कार्यवाही करने को कहाँ मुर्गी फार्म पर पहुच कर डाक्टर ने देखा कि वहाँ पर साफसफाई नही है। मानक के अनुसार 3 सौ मीटर आवासीय से दूर मुर्गी फार्म होना चाहिए। मुर्गी फार्म हाउस में डिप सिस्टम नहीं है जिससे मुर्गीयों की सेफ्टी नहीं है। इस सम्बन्ध में पशुचिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मौके का मुआयना कर फार्म हाउस के मालिक से बात किया गया है दो दिन में साफसफाई व मानक के अनुसार दवा आदि का छिडकाव करने के साथ मुर्गियों के बीट को प्रतिदिन साफ कराने के लिये निर्देश किया गया है।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का किया वाह्य निरीक्षण

**स्वतंत्रभारत मऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी जिला अधिकारी प्रवीण मिश्र ने ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवम् रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से वाह्य सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ही उन्होंने सुरक्षा गार्ड्स की शिफ्ट वार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।


स्वतंत्र भारत
वर्गीकृत

**सूचना**

मैने अपना नाम Nasara Khatoon से बदलकर Nasra Khatoon रख लिया है। Nasra Khatoon W/o Afaque Ahmad Lari R/o 81 A 1, Pokharpur, Jajmau Kanpur.(22)

सी.आर.-162/K-25

**सूचना**

मैं गंगाप्रसाद शपथ पूर्वक घोषित करता हूँ कि पुत्र आलोक कुमार बड़ौदा यूपी बैंक मे पिता का नाम गया प्रसाद है जिसे गंगाप्रसाद कर दिया जाये। गंगाप्रसाद ही सभी अभिलेखों मे दर्ज है दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है गंगाप्रसाद पुत्र शम्भूदयाल ग्राम लक्ष्मण पुर पिलख जिला कानपुर देहात।(38)

सी.आर.-162/K-38

**सूचना**

मेरी पुत्री की एलआईसी पालिसी नम्बर 234978235 में उसका नाम खुशी शुक्ला दर्ज है जबकि उसे अनन्या शुक्ला के नाम से भी जाना जाता है उपरोक्त दोनों नाम मेरी पुत्री के ही हैं यह पूर्णतया सत्य है। ऊषा मिश्रा पत्नी अतुल शुक्ला एआरटीओ कार्यालय के सामने अकबरपुर कानपुर दे.।(36)

सी.आर.-162/K-36

**अदालती सूचना**

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज
(सी.डि.) महोदय उन्नाव
दी. मु.नं. 47 सन् 2024
ता. पेशी 05.05.2025

रमेश आदि बनाम राम कुमार आदि बनाम– रामकुमार यादव उम्र 57 वर्ष पुत्र दयाशंकर यादव निवासी म.नं. 277 सिविल लाइन उन्नाव परगना व तहसील व जिला उन्नाव (प्रोपराइटर कुमार ब्रिक फील्ड स्थित अकबरपुर दबौली परगना व तहसील व जिला उन्नाव)...विपक्षी

दावा आदेशात्मक व्यादेश व स्थायी निषेधाज्ञा

चूंकि ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 05.05.2025 ई. को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थिति हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और पारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता. 2025 ई.को निकाली गई। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-162/K-CN


# वन्यजीव प्रतिबंधित क्षेत्र से होकर धड़ल्ले के साथ गुजर रहे ओवरलोड गिट्टी बालू लदे वाहन

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय कैमूर वन्यजीव अभयारण्य के प्रतिबंधित क्षेत्र से बिना रोक-टोक के गिट्टी बालू लादकर मध्यप्रदेश की ओर से ट्रक हाइवा वाहन धड़ल्ले के साथ गुजर रहे हैं लेकिन संबंधित विभाग मौन है।ऐसे वाहन सबंधित विभाग के काली कमाई का जरिया बन गया है।वन्यजीव अभयारण्य प्रतिबंधित क्षेत्र से वाहनों के गुजरने के एवज में संबंधित विभाग द्वारा सुविधा शुल्क लिया जा रहा है। इतना ही नहीं इन वाहनों द्वारा राजस्व की चोरी किया जा रहा है टोल टैक्स से बचाने के लिए वन्यजीव अभयारण्य के प्रतिबंधित क्षेत्र से होकर बेखौफ होकर गुजर रहे हैं।यह वाहन सबंधित विभाग के काले कमाई का जरिया बन गया है। जबकि अंतर्राज्यीय बैरियर चेक पोस्ट मनिगढा जड़कुड़ बार्डर पर संबंधित द्वारा बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है। उच्च अधिकारियों द्वारा बार्डर चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और मानिटरिंग किया जा रहा है।


**अदालती सूचना**

न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार (पाली) तहसील सदर कानपुर नगर
वाद सं. टी125103/2024
वाद सं. 1276/2024

शिव कन्या बनाम भगवानदीन (मृतक) 1/1. विजय पाल यादव 1/2. राजेपाल यादव 1/3. रमेश चन्द्र यादव पुत्रगण स्व. भगवानदीन सभी निवासीगण ग्राम सतबरी व जिला कानपुर नगर..प्रतिवादीगण

धारा 34 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 ई पेशी 30.04.2025

वादिनी ने आपके विरूद्ध धारा 34 उ.प्र. राजस्व संहिता अधि. 2006 के अन्तर्गत वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में में वादोत्तर के लिए दिनांक 30.04.2025 को अगर जिस किसी को अपनी आपत्ति हो प्रेषित करें। अन्यथा वाद आपके विरूद्ध एकपक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक 15.04.2025 को न्यायालय की मुद्रा व मोहर लगाकर जारी किया गया। आज्ञा से, अहलमद/रीडर न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार (पाली) तहसील सदर कानपुर नगर

सी.आर.-162/K-CN

**आवश्यक सूचना**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज-खातीपुरा एक तरफा विशेष रेलगाड़ी के संचालन के साथ ही लोकमान्य तिलक टर्मि.-सहरसा नई अमृत भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 04141/04143 प्रयागराज-खातीपुरा एक तरफा विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

| स्टेशन | गाड़ी संख्या - 04141/04143 प्रयागराज - खातीपुरा | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| प्रयागराज | ..... | 16:25 |
| फतेहपुर | 18:03 | 18:05 |
| गोविन्दपुरी | 19:20 | 19:25 |
| इटावा | 21:20 | 21:22 |
| टूण्डला | 23:45 | 23:50 |
| ईदगाह | 01:00 | 01:05 |
| भरतपुर | 02:00 | 02:05 |
| बांदीकुई | 05:38 | 05:40 |
| दौसा | 06:04 | 06:06 |
| खातीपुरा | 07:30 | ..... |

- **प्रयागराज से** गाड़ी संख्या 04141, शुक्रवार, **दिनांक :** 25.04.2025
- **प्रयागराज से** गाड़ी संख्या 04143, शनिवार, **दिनांक :** 26.04.2025

**गाड़ी संरचना :** सामान्य श्रेणी : 04, स्लीपर श्रेणी : 07, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी : 02, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी : 01

**नई गाड़ी सं. 11015/11016 लोकमान्य तिलक टर्मि.-सहरसा (साप्ताहिक) अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ**

| गाड़ी संख्या - 11015 लोकमान्य तिलक टर्मि. - सहरसा | | | गाड़ी संख्या - 11016 सहरसा - लोकमान्य तिलक टर्मि. | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 12:00 | लोकमान्य तिलक टर्मि. | 15:45 | ..... |
| 08:35 | 08:37 | मानिकपुर | 19:33 | 19:35 |
| 10:30 | 10:35 | प्रयागराज छिवकी | 17:15 | 17:20 |
| 11:35 | 11:37 | मिर्ज़ापुर | 16:05 | 16:07 |
| 02:00 | ..... | सहरसा | ..... | 04:20 |

- **लोकमान्य तिलक टर्मि. से** गाड़ी संख्या 11015, शुक्रवार, **दिनांक :** 02.05.2025
- **सहरसा से** गाड़ी संख्या 11016, रविवार, **दिनांक :** 04.05.2025

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 713/25(AS)

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, उरई**

पत्रांक 1352/10 ए० दिनांक 22.04.2025

**ई–निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उ०प्र० की ओर से उ०प्र० लोक निर्माण विभाग के संलग्न तालिका के कॉलम 8 में निर्दिष्ट श्रेणी के पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि अर्ह के क्लाज 4 में निर्दिष्ट न्यूनतम योग्यता का होना आवश्यक है –
2.

| क्र० सं० | जनपद का नाम | कार्य का नाम | लागत (लाख रु० में) | धरोहर धनराशि (लाख रू० मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य सभी करों सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जालौन | विकास खण्ड, डकोर के अन्तर्गत राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 30.00 | 3.00 | 944.00 | 6 Month | ए. बी, सी एवं डी श्रेणी |
| 2 | जालौन | विकास खण्ड, डकोर के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 30.00 | 3.00 | 944.00 | 6 Month | ए. बी, सी एवं डी श्रेणी |
| 3 | जालौन | विकास खण्ड, कोंच के अन्तर्गत राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो पर पैंच मरम्मत का कार्य | 30.00 | 3.00 | 944.00 | 6 Month | ए. बी, सी एवं डी श्रेणी |
| 4 | जालौन | विकास खण्ड, कोंच के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 30.00 | 3.00 | 944.00 | 6 Month | ए. बी, सी एवं डी श्रेणी |
| 5 | जालौन | विकास खण्ड, जालौन के अन्तर्गत राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो पर पैंच मरम्मत का कार्य | 20.00 | 2.00 | 944.00 | 6 Month | ए. बी, सी एवं डी श्रेणी |
| 6 | जालौन | विकास खण्ड, जालौन के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 30.00 | 3.00 | 944.00 | 6 Month | ए. बी, सी एवं डी श्रेणी |
| 7 | जालौन | विकास खण्ड, नदीगांव के अन्तर्गत राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो पर पैंच मरम्मत का कार्य | 30.00 | 3.00 | 944.00 | 6 Month | ए. बी, सी एवं डी श्रेणी |
| 8 | जालौन | विकास खण्ड, नदीगांव के अन्तर्गत ग्रामीण मार्गो पर पैच मरम्मत का कार्य | 30.00 | 3.00 | 944.00 | 6 Month | ए. बी, सी एवं डी श्रेणी |

3. बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 02.05.2025 से 09.05.2025 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 09.05.2025 को समय 12:00 अपरान्ह तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 09.05. 2025 को समय 12:30 अपरान्ह में खोली जायेगी।
4. निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(अमित कुमार सक्सेना)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, उरई

उ0प्र0 232790 दिनांक– 23.04.2025
Web.: www.upidadv.gov.in


# जंगल में पानी की व्यवस्था नहीं, गांवों में पंहुच रहे जानवर

**हलिया (मिर्जापुर)।** भीषण गर्मी में हलिया के जंगल में जंगली जानवरों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं होने से जंगली जानवर बस्ती में पहुंचकर हिंसक हो जा रहे हैं। इतना ही नहीं लोगों के घरों में घूस जा रहे हैं। जंगल में नाला, तालाब,नदी सुख जाने पर भी जंगली जानवरों को पानी की भारी किल्लत हो गई है जिससे जंगली जानवर पानी की तलाश में बस्ती में पंहुच रहे हैं। जंगली जानवरों को जंगल में पानी की व्यवस्था के लिए वन विभाग द्वारा बनाए गए वाटर होल व चेकडैम में टैंकर के माध्यम से पानी भरने के लिए धनराशि का बंदरबांट किया जा रहा है लेकिन वन विभाग की लापरवाही के कारण वाटर होल व चेकडैम में टैंकर से पानी नहीं भरा जा रहा है। जिससे जंगली जानवर पानी की तलाश में इधर उधर भटक रहे हैं। कैमूर वन्यजीव प्रभाग के हलिया रेंज के जंगलों में निवास करने वाले जंगली जानवरों को पानी के लिए समुचित व्यवस्था नहीं होने से जंगली जानवर बस्ती में पहुंचकर लोगों के उपर हमला कर रहे हैं।इतना ही नहीं जंगल से गुजर बाणसागर नहर में जंगली जानवर पानी पीने के चक्कर में गिरकर अपनी जान तक गंवा दे रहे हैं।बीते वर्ष हिंसक जानवर तेंदुआ पानी की तलाश में भटकर बेलाही के बरहरवा मुहल्ले में पहुंचकर श्रवण कोल के उपर हमला करते हुए लालबहादुर कोल के घर में घूस गया था। तेंदुआ को पकड़ने में वन विभाग की टीम नाकाम होने पर कानपुर चिड़ियाघर से एक्सपर्ट डाक्टर की टीम ने तेंदुआ को ट्रक्यूलाइजर गन से बिहोश कर पिंजरे में बंद करने के बाद जंगल में छोड़ दिया गया था। जंगली जानवरों को पानी पीने के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने से जंगली जानवर बस्ती की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हैं। जबकि वन विभाग का दावा है कि जंगल में जानवरों को पानी पीने के लिए वाटर होल व चेकडैम में टैंकर से पानी भरा जा रहा है लेकिन मौके पर वाटर होल व चेकडैम सुखे पड़े हुए हैं। वनक्षेत्राधिकारी हलिया अवध नारायण मिश्र द्वारा वाटर होल व चेकडैम में टैंकर से पानी भरने के नाम पर धनराशि का आहरण कर बंदरबांट किया जा रहा है।अगर स्थलीय निरीक्षण किया जाए तो हकीकत सामने आ जायेगा।

# नाना व नाती की ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर मौत

हलिया (मिर्जापुर)। प्रयागराज जनपद के कोरांव थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में बुधवार की रात लगभग नौ बजे शादी का निमंत्रण पत्र बांटकर मिर्जापुर लौट रहे बाइक सवार नाना व नाती की ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर जान चली गई। हादसे की सूचना पर कोरांव थाना क्षेत्र के रामगढ़ चौकी की पुलिस टीम ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। लगभग आधा घंटे बाद दोनों परिवार के परिजन मौके पर पहुँचे चीख पुकार मच गई। मिर्जापुर जनपद के लालगंज थाना क्षेत्र के थरपरसिया गांव निवासी 65 वर्षीय हरिलाल शर्मा ने अपनी बेटी की शादी कोरांव थाना क्षेत्र के गाढ़ा गांव में तय की थी आगामी आठ मई को बेटी की बरात आनी थी। हरिलाल अपने बड़ी बेटी रेखा के बेटे 30 वर्षीय विनय शर्मा पुत्र राम दयाल शर्मा निवासी लक्षनपुर कोरांव के साथ बाइक से

**शादी का निमंत्रण पत्र बांटने के लिए बाइक से निकले थे नाना व नाती**

शादी का कार्ड बाँटने निकले थे। हलिया क्षेत्र में कार्ड वितरण करने के बाद दोनों लोग लक्षनपुर वापस लौट रहे थे। राजपुर गांव के सामने कोरांव ड्रमण्डगंज मार्ग पर कोरांव की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से बाइक घुस गई। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों को निजी वाहन के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जंहा चिकित्सको ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दुःखद घटना की सूचना मिली तो दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। हरिलाल तीन बच्चों के पिता थे। उनका नाती विनय चार भाइयों में सबसे बड़ा था बेटे विनय की मौत से गमगीन रेखा देवी दहाड़े मारकर रों रही थी। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रामगढ़ चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया की घटना के बाद आरोपित ट्रैक्टर चालक ट्राली मौके से छोड़कर ट्रैक्टर लेकर फ़रार हो गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या



**चुनार(मिर्जापुर)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गंगेश्वर नाथ मोहल्ले के निवास रोहित साहनी(27) पुत्र कैलाश साहनी लोहे के गाडर में साड़ी के सहारे फंसी लगाकर जान दे दी।

मृतक के छोटाभाई संदीप ने बताया कि घर में रात्रि खाना खाकर अपने रूम मे चला गया। सीढ़ी पर लगा गार्डन में कब फांसी लगाकर लटक गया यह किसी को पता नहीं बृहस्पतिवार सुबह 7 बजे सो कर हम लोग उठे तो देखा कि साड़ी के सहारे गाटर में लटका हुआ है। जिसकी सूचना कोतवाली में दिया गया

सूचना पाकर चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य व चौकी इंचार्ज उदय नारायण मौर्य हे0कांस्टेबल इंद्रबली राय पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए पीएम के लिए मिर्जापुरभेजा। मृतक की शादी अभी नहीं हुई थी

मृतक दो भाई दो बहन है।चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य व भाई संदीप ने बताया कि काफी तनाव में रहता था पहले नाव चलाता था

व बिल्डिंग की शटरिंग करता था काम न होने के कारण तनाव में रहता था।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या. 25/16 दिनांकः 22.04.2025

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001: 2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 90252020 | एलुमिनियम चेकर्ड शीट | 15000 किग्रा | 14.05.2025 |
| 2 | 6324RC15A | दिस इज टेंडर टू इंटर इनटू रेट कान्ट्रैक्ट फॉर मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ इआरसी-जे आरडीएसओ ड्रग संख्या टी-8258. | 453855.00 Num. | 07-May-25 |
| 3 | 38253232 | कास्ट स्टील साईड फ्रेम | 46 नग | 07.05.2025 |
| 4 | 30251643 | लोवर स्प्रींग सीट | 4048 नग | 07.05.2025 |

नोटः उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव / शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र / परिवर्तन प्रकाशित नही किया जाएगा। 697/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

फोन : 0512-2332212
0512-2330533

E-mail : swatantrabharat77@gmail.com

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।**

## ओसामा की तरह होगा पाक सेना प्रमुख का अंजाम?

# असीम मुनीर को आतंकवादी करार दिया जाए : अमेरिका

**वाशिंगटन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए दिल दहला देने वाले आतंकी हमले के बाद

### पूर्व अधिकारी ने कहा मुनीर के बयान से मिला पहलगाम हमले को उकसावा

अमेरिका के रक्षा विभाग पैंटागन के पूर्व अधिकारी और अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टिट्यूट (एईआई) के वरिष्ठ फेलो माइकल रुबिन ने अमेरिका से पाकिस्तान को आतंकवाद प्रायोजित देश घोषित करने और पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल असीम मुनीर को आतंकवादी करार देने की मांग की है। माइकल रुबिन ने कहा, ओसामा बिन लादेन और असीम मुनीर में फर्क सिर्फ इतना है कि ओसामा गुफा में रहता था और असीम मुनीर महल में। दोनों के इरादे एक जैसे हैं और अंजाम भी एक जैसा होना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान को अब और मासूम बनाकर पेश नहीं किया जा सकता। आप सूअर के ऊपर लिपस्टिक लगा सकते हैं, लेकिन वो सूअर ही



रहेगा। आप पाकिस्तान को आतंकी समर्थक देश नहीं मानने का दिखावा कर सकते हैं, लेकिन हकीकत यही है कि वह आतंकवाद का संरक्षक है। रुबिन ने पहलगाम के हमले की तुलना 7 अक्टूबर 2023 को इज़राइल पर हुए हमास हमले से की। उन्होंने कहा, जिस तरह हमास ने शांति की बात करने वाले यहूदियों को निशाना बनाया, उसी तरह पाकिस्तान ने मध्यमवर्गीय हिंदुओं पर हमला किया। दोनों हमले टूरिस्ट्स और आम नागरिकों के खिलाफ थे। रुबिन ने कहा कि अब भारत को भी वही करना चाहिए जो इज़राइल ने हमास के खिलाफ किया। अब वक्त आ गया है कि भारत पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढ्स्ढ्ढ की कमान को खत्म करे, उसे आधिकारिक तौर पर एक आतंकी संगठन घोषित किया जाए और भारत के सहयोगी देश भी यही कदम उठाएं। रुबिन ने दावा किया कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के हालिया बयान ने इस हमले को उकसाया। उन्होंने कहा, मुनीर ने कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान की गले की नस है। इसका मतलब साफ है कि उन्होंने इस हमले के लिए हरी झंडी दी थी। अब भारत को पाकिस्तान की गले की नस काटनी चाहिए।

रुबिन ने कहा कि प्रारंभिक खुफिया संकेत इस ओर इशारा करते हैं कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है। चाहे वह जियोग्राफ़ी हो, पिछली घटनाएं हों या आतंकी नेटवर्क की विचारधारा, हर संकेत पाकिस्तान की ओर इशारा करता है। यह कोई संयोग नहीं है।

# ईरान को यूरेनियम संवर्धन छोड़ना ही होगा : अमेरिका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते पर शनिवार को दूसरे दौर की बातचीत हुई और इस सप्ताहांत तकनीकी स्तर की बातचीत होने की उम्मीद है। समझौते में ईरान

### विदेश मंत्री रूबियो बोले सभी समझौता संभव

की कोशिश है कि उसे प्रतिबंधों में ढील दी जाए, ताकि प्रतिबंधों से उसकी अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान को रोका जा सके। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका और ईरान में कोई भी समझौता तभी होगा, जब ईरान यूरेनियम संवर्धन बंद करेगा। बुधवार को जारी हुए एक इंटरव्यू में मार्को रूबियो ने ये बात कही। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते को लेकर बातचीत चल रही है। एक तरफ अमेरिका के विदेश मंत्री ईरान के यूरेनियम संवर्धन के काम का पूरी तरह से बंद करने की मांग कर रहे हैं, वहीं ईरान का कहना है कि उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए यूरेनियम संवर्धन की जरूरत है और वे इससे परमाणु हथियार नहीं बनाना चाहते। मार्को रूबियो ने कहा कि अगर ईरान नागरिक परमाणु समझौता चाहता है तो ये हो सकता है, लेकिन उसके लिए उन्हें संवर्धित यूरेनियम आयात करना पड़ेगा।

# खून से सने कपड़े पहन बेटी ने दिया अर्थी को कंधा

**पुणे।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हमले में अपनी जान गवाने वाले लोगों में शामिल पुणे निवासी 26

### पहलगाम में मारे गए संतोष का अंतिम संस्कार हुआ

वर्षीय संतोष जगदाले की बेटी ने खून से सने वही कपड़े पहनकर गुरुवार को अपने पिता की अर्थी को कंधा दिया जो उन्होंने हमले के समय पहन रखे थे। यह देख वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। संतोष की अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए और उन्होंने पाकिस्तान विरोधी नारे लगाए। पहलगाम में मंगलवार को हुए इस



आतंकवादी हमले में जगदाले की बेटी असावरी और उनकी पत्नी बच गई लेकिन वह और उनके बचपन के दोस्त कौस्तुभ गणबोटे की मौत हो गई। जगदाले और गणबोटे के पार्थिव शरीर गुरुवार सुबह पुणे लाए गए। पुणे के इन दो लोगों का अंतिम संस्कार नवी पेठ क्षेत्र के वैकुंठ में विद्युत शवदाह गृह में किया गया। दुख की इस घड़ी में पूरा शहर शोक में डूबा हुआ है। मृतकों के रिश्तेदार और हजारों अन्य लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इससे पहले, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने जगदाले और गणबोटे के घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके परिवारों ने पवार से मुलाकात के दौरान मांग की कि अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। महाराष्ट्र की मंत्री माधुरी मिसल भी जगदाले के घर गईं।

# इस दुःख समय में भारत के साथ ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री लिसा नंदी ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे

### पहलगाम हमले के बाद बोलीं ब्रिटिश मंत्री

गए लोगों के प्रति शोक व्यक्त करते हुए कुछ क्षण का मौन रखा और ब्रिटिश सरकार की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की। उनके मंत्रालय एवं लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नंदी ने कहा कि यह एक बहुत कठिन समय है, क्योंकि दुनिया 'भयावह आतंकवादी हमलों' के प्रभाव को झेल रही है। नंदी ने कहा, 'भारत और ब्रिटेन के बीच संबंध हमेशा से मजबूत और गहरे रहे हैं तथा ऐसे



समय में मित्र मायने रखते हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पहले ही कह चुके हैं, हम गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और हम दुख की इस घड़ी में आपके साथ खड़े हैं।' भारतीय मूल की मंत्री लीसा नंदी के पिता दीपक नंदी का जन्म कोलकाता में हुआ था। लीसा नंदी ने कहा कि उन्हें अपनी भारतीय विरासत पर गर्व है।

# 12 अमेरिकी राज्य ट्रंप की 'अवैध' नीतियों के खिलाफ

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ नीति को लेकर अपने ही घर में घिर गए हैं। 12 राज्यों ने बुधवार (स्थानीय समयानुसार) को ट्रंप की टैरिफ नीति को अदालत में

### फैसले को अदालत में दी चुनौती

चुनौती दी है। उन्होंने न्यूयॉर्क में यूएस कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड में मुकदमा दायर किया है। मुकदमे में कहा गया है कि ट्रंप की टैरिफ नीति गैर-कानूनी है। इसने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। ट्रंप की टैरिफ नीति को अदालत में चुनौती देने वाले राज्यों में ओरेगन, एरिजोना, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, इलिनोइस, मेन, मिनेसोटा, नेवादा, न्यू मैक्सिको, न्यूयॉर्क और वर्मोंट शामिल हैं। राज्यों ने मुकदमे में कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लागू की गई नीति ने राष्ट्रीय व्यापार नीति को वैध प्राधिकार के




उचित प्रयोग के बजाय ट्रंप की सनक के अधीन छोड़ दिया है।

**टैरिफ लगाने का अधिकार सिर्फ कांग्रेस के पास**

मुकदमे में कहा गया है कि टैरिफ लगाने का अधिकार सिर्फ कांग्रेस के पास है। राष्ट्रपति केवल तभी अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम लागू कर सकते हैं, जब कोई आपातकाल हो या विदेश से असाधारण खतरा हो। मुकदमे में राज्यों ने कहा, अमेरिका में प्रवेश करने वाले किसी भी सामान पर अत्यधिक और लगातार बदलते टैरिफ लगाने के अधिकार का दावा करके, ट्रंप ने सांविधानिक व्यवस्था को उलट दिया है। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था में गिरावट आई है।

## बिहार : तालाब में डूबने से तीन किशोरियों की मौत

**सीतामढ़ी।** बिहार के सीतामढ़ी जिले में बुधवार को तालाब में डूबने से तीन लड़कियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीनों लड़कियों की पहचान आरती कुमारी (13), सुधा कुमारी (नौ) और नंदिनी कुमारी (आठ) के रूप में हुई है। जिला पुलिस ने बताया, बाजपट्टी थानाक्षेत्र के कंचनपुर इलाके में लड़किया बुधवार को तलाब में नहाने गयी थीं तभी यह घटना हो गयी। संदेह है कि लड़कियों का संतुलन बिगड़ गया और वे तालाब में डूब गयीं। मौके पर पहुंची पुलिस तीनों लड़कियों को तालाब से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# हम कश्मीरियों को दुश्मन न समझें : उमर

**श्रीनगर।** अन्य भारतीय राज्यों में कश्मीरी छात्रों को परेशान किए जाने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि वह अपने समकक्षों के संपर्क में हैं और उन्होंने उनसे लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि राज्य प्रशासन उन राज्यों की सरकारों के संपर्क में है, जहां से ये खबरें आ रही हैं।



उनका यह बयान नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रवक्ता इमरान नबी डार की पोस्ट के जवाब में था, जिसमें उन्होंने सीएम से परेशान करने वाली खबरों के बीच कदम उठाने का आग्रह किया था। उमर अब्दुल्ला ने बाद में मीडिया से कहा कि हमारी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं, चाहे वो 25 मेहमान हों या हमारे स्थानीय बहादुर युवा जिन्होंने दूसरों की जान बचाने के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए खुद को दूसरों के लिए कुर्बान कर दिया। मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों को इस घटना के खिलाफ सामने आने के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं देश के लोगों से अनुरोध करता हूं कि वे कश्मीरियों को दुश्मन न समझें। इसमें हमारी कोई गलती नहीं है। ये सब पाकिस्तान ने किया है। कश्मीरियों ने भी 35 साल तक इसे बर्दाश्त किया है।

सीएम ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि दूसरे राज्यों में हमारे बच्चों को निशाना बनाया जा रहा है। इसे रोका जाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के लोग शांति के दुश्मन नहीं हैं। वे शांति चाहते हैं। यह हमारी मर्जी से नहीं हुआ।

# 2,200 से ज्यादा कंपनियों ने छोड़ा बंगाल बेरोजगारी बढ़ने का खतरा मंडराया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार की तरफ से बताया गया है कि पश्चिम बंगाल से काफी सारी कंपनियां अपना ऑफिस बंद करके दूसरे राज्यों की ओर रुख कर रही हैं। इसे एक तरह का कॉरपोरेट पलायन बताया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में बीते पांच वर्षों में 2,200 से अधिक कंपनियां ने राज्य छोड़ दिया है। आज के वक्त में देखें तो भारत ज्यादा से ज्यादा कंपनियों को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश में लगा है। तो ऐसे में राज्यों के अंदर कंपटीशन भी बना हुआ है कि कौन कितनी ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराएगा। जैसे हाल ही में आपने महाराष्ट्र, गुजरात के बीच की प्रतिस्पर्धा देखने को मिली थी। ऐसे में किसी राज्य से कंपनियों पलायन होता है तो ये अपने आप में काफी बड़ी बात हो जाती है। संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ। कॉरपोरेट मामलों के कनिष्ठ मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने संसद को बताया कि पिछले पांच वर्षों में 2,200 से अधिक कंपनियों ने अपने पंजीकृत कार्यालय पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित किए हैं, जिनमें से कम से कम 39 सूचीबद्ध संस्थाएं हैं। राज्यसभा में भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य के सवालों के जवाब में मल्होत्रा के जवाब ने तृणमूल कांग्रेस को सांसद के सवालों को पक्षपाती और भ्रामक करार दिया और भाजपा पर पूरी तरह से बंगाल विरोधी होने का आरोप लगाया।

# 'भारत के ज्यादा टैरिफ से कम है अमेरिका के साथ व्यापार'

**वॉशिंगटन।** भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत चल रही है। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने का

### लेकिन ट्रंप ने फिर की पीएम मोदी की तारीफ

आरोप लगाया है। हालांकि उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ की और कहा कि वे उन्हें काफी पसंद करते हैं। ट्रंप ने भारत समेत दुनिया के कई देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने का एलान किया है जिसका असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। व्हाइट



हाउस में मीडिया से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि हमारा भारत के साथ बेहद कम व्यापार होता है। क्योंकि भारत बहुत ज्यादा टैरिफ लगाता है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक है। भारत, चीन से भी ज्यादा टैरिफ लगाता है। ट्रंप ने हर्ले डेविडसन बाइक का उदाहरण दिया कि भारत में हर्ले डेविडसन पर बहुत ज्यादा टैरिफ लगाने की वजह से कंपनी को भारत में ही अपना प्लांट लगाने पर मजबूर होना पड़ा था। ट्रंप ने साफ कहा कि वे ऐसा बिल्कुल नहीं चाहते हैं। गौरतलब है कि कुछ माह पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका का दौरा किया था। पीएम मोदी के दौरे पर दोनों देशों में द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने पर सहमति बनी।

## तुर्किये में 6.2 तीव्रता के भूकंप के झटके

**अंकारा।** तुर्किये की राजधानी इस्तांबुल और आसपास के क्षेत्र में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.02 मापी गई। भूकंप का केन्द्र 10 किलोमीटर (6.21 मील) की गहराई पर था। जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र (जीएफजेड) ने यह जानकारी दी। किसी के घायल होने या मरने की तत्काल कोई सूचना नहीं है। तुर्किये की समाचार एजेंसी अनादोलु के मुताबिक, राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने कहा, मैं अपने नागरिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं।

## गर्मियों में आम का पना, सत्तू का शरबत व ठंडाई

जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है और धूप तेज़ होती है, हमें अपने पुराने दिन याद आने लगते हैं, खासकर बात जब खाने की हो। एण्डटीवी के कलाकार भी अपने-अपने शहरों की गर्मियों की खान-पान से जुड़ी खास यादों के बारे में बता रहे हैं। 'भीमा' की धनिया यानी स्मिता सेबल कहती हैं, ''आमरस के बिना गर्मी अधूरी थी। मेरी दादी एकदम ठंडे आमरस को गरम पूरियों के साथ परोसती थीं, वह जबदर्स्त कॉम्बिनेशन चिलचिलाती गर्मी में फौरन सबका मूड ठीक कर देता था। मैं अब भी घर पर आमरस बनाती हूँ, और अब मेरे बेटे को भी यह बहुत पसंद है। एक और चीज़ जो मुझे गर्मी में बहुत याद आती है, वह है कैरी पन्ना, जो कच्चे आम, गुड़ और इलायची से बनता है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह का रोल निभा रहे योगेश त्रिपाठी कहते हैं, ''यूपी में गर्मी का मतलब सत्तू का शरबत होता था। यह सिर्फ पीने की चीज़ नहीं थी; यह तेज़ गर्मी में बचाने वाली चीज़ थी। इसे भुने हुए चने के आटे (सत्तू) में ठंडा पानी, थोड़ा नमक, नींबू का रस, भुना जीरा पाउडर और थोड़ा काला नमक मिलाकर बनाया जाता था। एक और पसंदीदा चीज़ आम पन्ना थी, जो उबले हुए कच्चे आम के गूदे में जीरा और काला नमक मिलाकर बनती थी, यह बड़ा ही टैंगी होता था। और मैं दही वड़ा नहीं भूल सकता, जो यूपी की गर्मियों की खास डिश है। यह हमारी गर्मियों की डाइट होती थी जो हलकी भी होती थी और इसे खाकर पेट भी भर जाता था।''



## समर ब्यूटी टिप्स और वेलनेस सीक्रेट्स!



गर्मी का मौसम आते ही सूरज जैसे सिर पर चढ़ जाता है, दिन लंबे हो जाते हैं और साथ ही शुरू होती हैं कुछ आम परेशानियां, जैसे पसीना, स्किन पर रैशेस, थकावट और सनबर्न। ज़ी टीवी के हमारे चहेते सितारे लंबे समय तक सेट पर लाइट्स के नीचे काम करते हैं और रि भी हमेशा फ्रेश दिखते हैं। उन्होंने शेयर किए हैं अपने पर्सनल समर हैक्स। इस गर्मी, जानिए पॉपुलर टीवी स्टार्स के सिंपल ब्यूटी टिप्स, स्किन केयर रूटीन और वेलनेस सीक्रेट्स। शो 'जाने अनजाने हम मिले' में रीत का किरदार निभा रहीं आयुषी खुराना कहती हैं, ''मैं हमेशा अपने साथ नारियल पानी की बड़ी बोतल, एक छोटा फैन और ढेर सारा सनस्क्रीन रखती हूं। बाहर निकलते समय पानी की बोतल ज़रूर ले जाएं, सिर पर स्कार्फ या टोपी हो, अच्छा खाना खाएं और अपना ख्याल रखें।'' 'जमाई नं. 1' में नील का रोल निभा रहे अभिषेक मलिक बताते हैं, '' गर्मी में मेरी एक आसान ट्रिक है, एक छोटा तौलिया पानी में भिगोकर फ्रिज में रख देना और फिर ज़रूरत पड़ने पर चेहरे पर लगाना। इससे गर्मी में बहुत राहत मिलती है!'' 'कुमकुम भाग्य' में मयंक का रोल निभा रहे आर्यन राजपूत कहते हैं, '' इस साल मेरी गर्मी की टिप्स हैं - बहुत सारा पानी पीना, ब्लॉटिंग पेपर, सनस्क्रीन और छोटा हैंड फैन हमेशा साथ में रखना। गर्मी में शूटिंग थका सकती है, लेकिन जो साथ में हंसी और पल बनते हैं, वो हमेशा याद रहते हैं।''

